वर्ष 72 अंक 311 पृष्ठ 12
रीवा, शुक्रवार 08 अगस्त, 2025
श्रावण शुक्ल पक्ष 14, विक्रम संवत् 2082
नगर मूल्य 5 रुपए

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अख़बार

# दैनिक जागरण

www.dainikjagranmpcg.com

“ महत्वाकांक्षा असफलता का अंतिम आश्रय है।
- ऑस्कर वाइल्ड

WITH 473 YEARS OF LEGACY

Shrewsbury International School INDIA

A BRITISH CO-ED BOARDING SCHOOL IN BHOPAL

## SHREWSBURY SCHOOL UK INAUGURATES ITS FIRST INDIA CAMPUS IN BHOPAL

Shrewsbury International School India brings to Bhopal a distinguished educational philosophy that places each child at the centre of a transformative learning journey - seamlessly integrating academic excellence with creative exploration to foster development of the whole person.

Set amidst a thoughtfully designed 150-acre campus, Shrewsbury India features state-of-the-art facilities including specialised laboratories, dedicated language-learning centres and cutting-edge digital education resources. The campus also houses expansive studios for the performing and visual arts, fostering creativity and expression among students.

SHREWSBURY for life



INAUGURATION TODAY, 8TH AUGUST 2025

CHIEF GUEST



*Shri Jyotiraditya M. Scindia*
*Hon'ble Union Minister of Communications and Minister of the Development of North Eastern Region, Government of India*

IN THE AUGUST PRESENCE OF



*Carla Howarth*
*Chair, Advisory Board of Governors Shrewsbury International School India, Chair of the International Development Committee at Shrewsbury School UK*



*Harjinder Kang*
*His Majesty's Trade Commissioner for South Asia and British Deputy High Commissioner for Western India*



*Shri Hari Mohan Gupta*
*Chairman Jagran Social Welfare Society*



*Shri Abhishek Mohan Gupta*
*President, Shrewsbury International School India Joint Secretary, Jagran Social Welfare Society*









Shrewsbury International School India, JSWS Education Park, Mugaliyachhap, Bhopal | www.shrewsburyindia.in

# बिरसिंहपुर व कोठी में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने कार्यवाही कर जब्त किये सेम्पल

जागरण, सतना

रक्षाबंधन त्योहार के मद्देनज़र खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने बिरसिंहपुर एवं कोठी क्षेत्रों में निरीक्षण एवं नमूना संग्रहण अभियान चलाया। इस अभियान के तहत बिरसिंहपुर क्षेत्र में अपना होटल एवं गैविनाथ मिष्ठान भंडार का निरीक्षण किया गया वहीं कोठी क्षेत्र में प्रिंस स्वीट्स और सृष्टि स्वीट्स नामक प्रतिष्ठानों की जांच की गई। निरीक्षण के दौरान टीम द्वारा पेड़ा मगज लड्डू छेना रसगुल्ला, मिल्क केक सोहन पापड़ी सहित विभिन्न मिठाइयों के नमूने संग्रहित किए गए। इन खाद्य पदार्थों के नमूने प्रयोगशाला परीक्षण हेतु भेजे गए हैं जिनकी रिपोर्ट आने के पश्चात आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। इस अभियान में खाद्य सुरक्षा अधिकारी अभिषेक बिहारी गौर के साथ खाद्य सुरक्षा अधिकारी अशोक कुर्मी एवं खाद्य सुरक्षा अधिकारी सीमा पटेल भी टीम में शामिल रहीं।

**नागौद की तीन मिठाई दुकानों पर कार्यवाही कर सेम्पल जब्त :** नागौद में खाद्य सुरक्षा अधिकारी शीतल सिंह द्वारा न्यू गणेश स्वीट्स, बंटी स्वीट्स, संत मिष्ठान भंडार में जांच की गई एवं कलाकंद,बर्फी,पेड़ा, खोवा आदि के नमूने लिए गए हैं। संत मिष्ठान भंडार में गंदगी पाई गई है जिसे नोटिस दिया जा रहा है। खुरचन ही खुरचन में मिठाई में एल्यूमिनियम की वर्क लगी पाई गई जिसे हटवाया गया और पुनरावृत्ति करने पर कठोर कार्यवाही की चेतावनी दी गई है।



### खुले में बिक रही मिठाईयां नहीं खरीदे

खाद्य सुरक्षा अधिकारी अभिषेक बिहारी गौर, शीतल सिंह, सीमा पटेल, अशोक कुर्मी ने आम जनमानस से अपील करते हुये कहा है कि ब्रांडेड या लाइसेंस प्राप्त प्रतिष्ठानों से ही मिठाई खरीदें। हमेशा लाइसेंस नंबर की जाँच करें। मिठाई की ताज़गी व रंग पर ध्यान दें।अत्यधिक चटकीला रंग या अजीब गंध मिलावट का संकेत हो सकता है। पैकेटबंद मिठाइयों पर उत्पादन व समाप्ति तिथि अवश्य देखें। बिल अवश्य लें जिससे शिकायत की स्थिति में कार्रवाई की जा सके। खुले में बिक रही या धूल.मिट्टी में रखी मिठाइयों से बचें। छेना व दूध से बनी मिठाइयों को ठंडे व सूखे स्थान पर ही रखें और जल्दी उपभोग करें। कम दाम या ऑफर के लालच में न आएं सस्ते उत्पाद में मिलावट की संभावना अधिक होती है।

## राखी बांधने का बताया शुभमुहूर्त

**जागरण, सतना।** ज्योतिष ज्योतिषाचार्य ओम महाराज द्वारा सही तारीख और राखी बांधने का शुभ मुहूर्त बताया गया है जिसमें भाई बहन के प्रेम और स्नेह का प्रतीक रक्षाबंधन का त्योहार 9 अगस्त को मनाया जाएगा इस दिन बहने अपने भाई की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधती हैं सावन महीने की पूर्णिमा तिथि 8 अगस्त को दोपहर 2: 12 पर शुरू होगी और 9 अगस्त को दोपहर 1: 24 में समाप्त होगी उदया तिथि के अनुसार 9 अगस्त को रक्षाबंधन मनाया जाएगा साथ ही पूर्णिमा तिथि भी 9 अगस्त को मनाई जाएगी भद्रा काल की बात करें तो यह 8 अगस्त को दोपहर 2 बजे से शुरू होकर 9 अगस्त की अर्धरात्रि 1:52 तक तक रहेगा रक्षाबंधन के दिन भद्रा सूर्योदय से पहले समाप्त हो जाएगी इसलिए इस वर्ष राखी बांधने पर भद्रा का कोई असर नहीं पड़ेगा। राखी बांधने का शुभ मुहूर्त उज्जैन देशांतर्गत रक्षाबंधन के दिन राखी बांधने का शुभ समय 9 अगस्त की सुबह 5:45 से दोपहर 1:24 तक रहेगा हालांकि इस बीच राहुकाल भी पड़ेगा जिसमें राखी बांधने का वर्जित माना गया है जो की सुबह 9: 07 से 10:45 तक राहुकाल रहने वाला है तो इस बात का विशेष ध्यान रखें।



# आईआईटी बीएचयू के प्रोफेसर ने छात्रों को दिखाया सफलता का नया मार्ग



### शासकीय स्वशासी पीजी कॉलेज में कैरियर काउंसलिंग पर व्याख्यान का आयोजन

**जागरण,सतना।** शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के तत्वावधान में एक दिवसीय कैरियर काउंसलिंग व्याख्यान का आयोजन हुआ, जिसने विद्यार्थियों को आत्मविश्लेषण, संभावनाओं की खोज और भविष्य निर्माण के लिए नई दिशा प्रदान की। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.एससी राय के मार्गदर्शन से हुआ। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज का युवा अनेक प्रतिभाओं से परिपूर्ण हैं, आवश्यकता है उन्हें सही मार्गदर्शन देने की ताकि वे अपने व्यक्तित्व को बहुआयामी दिशा दे सकें। मुख्य वक्ता प्रो.वीरेंद्र नाथ( आईआईटी बीएचयू) ने अपने कहा कि वर्तमान युग में पारंपरिक विकल्पों के साथ-साथ ई-मार्केटिंग, ग्रीन एनर्जी एवं सोलर टेक्नोलॉजी जैसे क्षेत्रों में कैरियर की अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ खेल, टीमवर्क और संवाद कौशल का भी जीवन में अहम स्थान है। व्याख्यान के दौरान विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रश्न पूछे जिनका प्रो.नाथ ने सहजता से समाधान किया। उनकी व्यावहारिक सलाहों और प्रेरणादायक शैली ने उपस्थित छात्रों को आत्मविश्वास से भर दिया। कार्यक्रम के समापन पर डॉ.कविता परवंदा ने मुख्य वक्ता के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि यह व्याख्यान न केवल ज्ञानवर्धक रहा बल्कि छात्रों के भविष्य निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध हुआ। इस दौरान में डॉ. नागेश्वर अग्रवाल (वाणिज्य विभागाध्यक्ष ) डॉ.पुष्पराज सिंह (प्रभारी कैरियर प्रकोष्ठ), डॉ. प्रतिमा बनर्जी, डॉ. ऋषभदेव साकेत, डॉ. प्रवीण सिंह, डॉ. कुलदीप सिंह सहित महाविद्यालय के शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# भाजपा युवा मोर्चा की जिला कार्यकारिणी बैठक सम्पन्न



**जागरण, सतना।** भाजपा युवा मोर्चा सतना जिले की कामकाजी बैठक भाजपा जिला कार्यालय में सम्पन्न हुई। बैठक में आगामी आयोजनों जैसे तिरंगा यात्रा, विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस, स्व. कुशाभाऊ ठाकरे जयंती, स्व. अटल बिहारी वाजपेयी पुण्यतिथि, एवं एक पेड़ मां के नाम जैसे महत्वपूर्ण कार्यक्रमों की रणनीति और रूपरेखा तय की गई। तिरंगा यात्रा संयोजक मुरारी सोनी ने जानकारी दी कि 10 अगस्त को सतना जिला केंद्र में विशाल तिरंगा यात्रा का आयोजन होगा जिसके उपरांत 14 अगस्त तक जिले के प्रत्येक मंडल में तिरंगा यात्राएं निकाली जाएंगी। उन्होंने युवाओं से इस राष्ट्रभक्ति पूर्ण अभियान में सक्रिय सहभागिता की अपील की।युवा मोर्चा प्रभारी ऋषभ सिंह ने कहा कि युवाओं की भागीदारी से ही संगठन मजबूत होता है। हमें गौरवशाली इतिहास और बलिदानों को याद रखने के लिए इन आयोजनों में बढ़.चढ़कर भाग लेना चाहिए। जिला युवा मोर्चा अध्यक्ष सौभाग्य केशरी ने बताया कि 10 अगस्त को दोपहर 2 बजे बीटीआई मैदान से विशाल तिरंगा बाइक रैली का आयोजन होगा जिसमें युवा मोर्चा के कार्यकर्ता भारी संख्या में शामिल होंगे और जनजागरण का संदेश देंगे। यात्रा संयोजक मुरारी सोनी सह संयोजक श्रीमती जानवी त्रिपाठी एवं शुभम तिवारी जिला मंत्री संजू द्विवेदी प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सुनील मिश्रा युवा मोर्चा महामंत्री अतुल श्रीवास्तव कार्यक्रम का संचालन जिला उपाध्यक्ष पुष्पराज कुशवाहा ने किया।

## योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**जागरण, सतना।** योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन ने कलेक्टर सतीश कुमार एस को ज्ञापन सौंपा जिसमें शासन और प्रशासन से योग के क्षेत्र में सहयोग और अवसर प्रदान करने का अनुरोध किया गया है। एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ दिलीप तिवारी और संरक्षक डॉ हर्षवर्धन श्रीवास्तव ने कहा कि उनकी संस्था जिले में योग के प्रचार.प्रसार और जागरूकता के लिए काम कर रही है। एसोसिएशन ने बताया कि वर्तमान में विद्यालयों और महाविद्यालयों में योग का पाठ्यक्रम आधारभूत विषयों में रखा गया हैए लेकिन योग में स्नातक और स्नातकोत्तर डिग्री करने वाले प्रशिक्षित योग शिक्षकों को उचित अवसर नहीं मिल रहे हैं। एसोसिएशन ने शासन और प्रशासन से विश्व योग दिवस महोत्सव की तर्ज पर आगे भी योग को बढ़ावा देने वा सहयोग करने का अनुरोध किया है।ज्ञापन सौंपने वालों में अन्य पदाधिकारियों सहित सदस्य शामिल थे।

# ओबीसी समुदाय को हर क्षेत्र में मिले उचित प्रतिनिधित्व



**जागरण, सतना।** संसद भवन में गुरुवार को ओबीसी संसदीय कमेटी के चेयरमैन व सतना सांसद गणेश सिंह की अध्यक्षता में अन्य पिछड़े वर्गों के कल्याण संबंधी समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। इस बैठक में सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के तहत ओबीसी कल्याण के लिए विभिन्न योजनाओं और उपायों के कार्यान्वयन पर विस्तृत चर्चा हुई। समिति ने 2024.25 के लिए छठे प्रतिवेदन पर विचार.विमर्श कर इसे स्वीकार कियाए जिसमें ओबीसी समुदाय के लिए चल रही योजनाओं की प्रगति और प्रभावशीलता का आकलन किया गया।

### रोजगार में ओबीसी प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने पर जोर

बैठक का एक प्रमुख एजेंडा भारत सरकार और संघ राज्य क्षेत्रों के तहत विभिन्न पदों और सेवाओं में ओबीसी के लिए आरक्षण नीति का निर्धारण और कार्यान्वयन रहा। समिति ने कार्मिकए लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय के अधीन कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग के प्रयासों की समीक्षा की। इस दौरान विभिन्न विभागोंए संगठनों और संस्थानों में ओबीसी के प्रतिनिधित्व को बढ़ाने और उनके कल्याण के लिए किए गए उपायों पर विशेष ध्यान दिया गया। समिति के सातवें प्रतिवेदन 2024.25 पर भी विचार.विमर्श हुआए जिसमें रोजगार के अवसरों में ओबीसी समुदाय की भागीदारी को और सशक्त करने के उपाय सुझाए गए।

# वैश्य महासम्मेलन ने पुलिस अधिकारियों का किया सम्मान



**सतना।** नगर के वरिष्ठ व्यवसायी एवं वैश्य महासम्मेलन के पदाधिकारी भागवत गुप्ता के निवास पर चार दिन पूर्व हुए गोलीकांड का पुलिस द्वारा त्वरित खुलासा करते हुए महज दो दिनों में मुख्य आरोपियों और योजनाकारों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। इस तत्पर कार्रवाई से वैश्य समाज में पुलिस के प्रति विश्वास और मजबूती से स्थापित हुआ है। इसी क्रम में वैश्य महासम्मेलन जिला इकाई सतना द्वारा एक सम्मान समारोह आयोजित किया गया जिसमें सीएसपी देवेंद्र प्रताप सिंह थाना प्रभारी सुदीप सोनी साइबर सेल प्रभारी अजीत सिंह सहित समस्त पुलिस टीम का शाल और श्रीफल भेंटकर अभिनंदन किया गया। महासम्मेलन के पदाधिकारियों ने पुलिस प्रशासन से भविष्य में भी इसी तरह की सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने की अपेक्षा जताई। कार्यक्रम की अध्यक्षता महासम्मेलन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुरेश बरेडिया ने की जबकि संचालन महामंत्री सागर गुप्ता द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से हरिओम गुप्ता, अशोक गुप्ता, लखनलाल केसरवानी,भागवत गुप्ता, रावेंद्र बब्लू श्रीवास्तव, कामता गुप्ता, जय अग्रवालए श्याम लाल गुप्ता श्यामू, महेंद्र जैन, अभिषेक जैन, अजय सोनी , क्रांति सोनी, सहित बडी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

**जनपद अध्यक्ष का अविश्वास प्रस्ताव औंधेमुह गिरा**

# विधायक विक्रम सिंह ने रामपुर बाघेलान के बाहर होते हुए भी विरोधियों को किया चित्त

**जागरण, सतना।** रामपुर बघेलान जनपद अध्यक्ष रावेंद्र सिंह छोटू के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाकर अध्यक्ष पद से हटाने का प्रयास किया और उम्मीद लगाई थी कि अविश्वास हो जाएगा और अध्यक्ष पद चला जाएगा लेकिन उनकी फित्तरत नाकाम हो गई जब मोर्चे को विधायक विक्रम सिंह ने अपने हाथों में ले लिया विधायक विक्रम सिंह अपने सूझबूझ के साथ.साथ बिरोधियों को चारों खाने चित कर दिया है यह विधायक की खासियत है विदित हो कि इसके पहले जनपद पंचायत अमरपाटन के अध्यक्ष के खिलाफ भी अविश्वास प्रस्ताव लाया गया था जिसे विधायक श्री सिंह ने एक तरफ़ कर दिया था विधायक भोपाल में विधानसभा के मानसून सत्र में शामिल थे लेकिन भोपाल में रहकर भी रामपुर बघेलान जनपद पंचायत में चल रहे अविश्वास प्रस्ताव को अपने हिसाब से चलाने का काम किया यही कार्य करने की पद्धति से जनता का विश्वास विधायक के प्रति बढ़ता है। भाजपा के रामपुर बाघेलान जनपद अध्यक्ष के अविश्वास के लिए विपक्षी दलों के जनपद सदस्यों ने मध्यप्रदेश पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम 1993 की धारा 28 के तहत् अविश्वास प्रस्ताव लाने का भरपूर प्रयास किया था जिसके लिए निर्वाचन प्रक्रिया पीठासीन अधिकारी एसडीएम रघुराज नगर राहुल सिलाडियॉ की उपस्थिति में प्रारंभ की गई थी। रामपुर बाघेलान में 7 अगस्त को आयोजित की गई अविश्वास प्रस्ताव की निर्वाचन प्रक्रिया भारी पुलिस बल की सुरक्षा के बीच आयोजित किया गया आयोजित निर्वाचन प्रक्रिया में विपक्षी दलों के मात्र 11 जनपद सदस्य ही निर्वाचन स्थल पहुंचे कई घंटे सदस्यों का इंतजार किया गया मगर शेष जनपद सदस्यो की अनुपस्थिति के कारण निर्वाचन की प्रक्रिया पूर्ण करके अविश्वास प्रस्ताव को निरस्त कर दिया और संबंधित जानकारी उच्च अधिकारियों को प्रेषित कर दी।



# संयोग पाठक ने शॉटपुट में जीते दो स्वर्ण पदक

### सीबीएसई क्लस्टर ईस्ट ज़ोन गेम्स में अपनी जीत दर्ज कराई

**जागरण, सतना।** अकेडमिक हाइट्स पब्लिक स्कूल सतना के कक्षा 11वीं के प्रतिभाशाली छात्र संयोग पाठक ने भोपाल में गत दिवस आयोजित सीबीएसई क्लस्टर गेम्स . ईस्ट ज़ोन की शॉटपुट प्रतियोगिता में अंडर.17 आयु वर्ग में दो स्वर्ण पदक जीतकर समूचे विद्यालय एवं जिले को गौरवांवित किया है। संयोग ने अपने दमदार प्रदर्शन से न केवल खेल मैदान में परचम लहराया बल्कि यह साबित कर दिखाया कि लगनए मेहनत और सही मार्गदर्शन से कोई भी ऊँचाई हासिल की जा सकती है। विद्यालय परिवार में इस उपलब्धि पर हर्ष की लहर है। विद्यालय के निर्देशक सीए सनातन अग्रवाल ने संयोग की इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर बधाई देते हुए कहा किए ष्ऐसे छात्र विद्यालय की शान होते हैं जो शिक्षा के साथ.साथ खेलों में भी उत्कृष्टता प्राप्त करते हैं। प्राचार्य डॉ हिमानी सिंह ने कहा कि संयोग ने सतना को राष्ट्रीय खेल मंच पर एक नई पहचान दिलाई है। उप.प्राचार्य संजीव सिंह सेंगर ने भी इस सफलता को टीम वर्क और निरंतर अभ्यास का परिणाम बताया। विद्यालय प्रबंधन ने संयोग के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उम्मीद जताई कि वह आने वाले वर्षों में राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी प्रतिभा का परचम लहराएंगे।



# पात्र छात्रों को अब मिली साइकल

**जागरण, उंचेहरा।** शासन द्वारा दूरस्थ क्ष्रेत्र में भी शिक्षा को बढ़ावा देने के तमाम प्रयास किये जा रहे है लेकिन जनपद शिक्षा केन्द्र से लेकर जिले के अधिकारी भी शासन की योजनाओं को समय से क्रियानवयन करने में क्यो देरी लगा देते हैं जिससे बच्चो को इतनी देरी क्यो शिक्षण सत्र चालू हुए कई माह बीत गए फिर भी बच्चो को उनका वाजिब हक पाने शिक्षा विभाग के दफ्तर के चक्कर लगाना पड़ा तब कही बच्चों को अपना हक मिल सका।यहां एक बड़ा सवाल यह है कि मामला दो वर्ष पुराना है आखिर इतने समय तक क्या विभाग के किसी जिम्मेदारो की नींद नही टूटी। दरअसल पूरा मामला जनपद शिक्षा केंद्र के संकुल केंद्र पहाड़ी के सखौहा खुर्द का है जहां पिछले वर्ष 2023, 2024 में सामुदायिक बैठक में कुछ पात्र बच्चो को सायकल से वंचित होने की जानकारी मिली थी जब 181 में शिकायत हुई तब कही जाकर शिक्षा विभाग अपने कुम्भकर्णी नींद से जागा ज्ञात हो कि जनपद शिक्षा केन्द्र में पहले ही सभी पात्र बच्चो की साइकल आ चुकी थीं। सामुदायिक संगठन की सचिव अनीता सिंह की माने तो विकास खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में बीते 2 वर्ष पूर्व के पात्र छात्रों के 2 अविभावकों को सायकल मिली और जानकारी अनुसार एक बच्चे की सायकल स्कूल भेजने का निर्णय लिया गयाएवही एक बच्ची को रक्षाबंधन के बाद साइकल मिलने की बात कही गई। सायकल मिलने से बच्चे अविभावकों के चेहरे पर मुस्कान आ गई।



खाता अपडेशन की वजह से जिन पात्र बच्चो को साइकिल नही मिली उन्हें आफ लाइन साइकिल प्रदान की जा रही है भविस्य में यदि कोई ऐसा प्रकरण मिलता हैं जो वास्तविक रूप से क्षात्र पात्र हैं तो उन्हें आफलाइन साइकल प्रदान की जायेगी और की भी जा रही है।
**प्रदीप श्रीवास्तव**
**एबी आर सी सी**

## कई ब्लॉको में किया गया जनसम्पर्क

**जागरण, सतना।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी अमर शहीद उत्तराधिकारी परिवार समिति जिला सतना के तत्वाधान में आयोजित भारत छोड़ो आंदोलन की 83 वर्षगांठ मनाने की तैयारी पर आज कई ब्लॉक में संपर्क किया गया जिसमें चित्रकूट ब्लाक के सुतीक्ष्ण आश्रम में आसपास के कई ग्रामों के लोगों को इकट्ठा कर कर 8 अगस्त 2025 को 11 सिविल लाइन अमर शहीद पार्क मैं एकत्रित होकर गांधी प्रतिमा में माल्यार्पण के पश्चात कलेक्टर परिसर में पहुंचकर कलेक्टर महोदय को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपने का कार्यक्रम की जानकारी लोगों तक पहुंचाई गई इस कार्यक्रम में समाज सेवी संगठनो से भी आग्रह किया गया है समिति के प्रदेश महासचिव अरुण प्रताप सिंह जिला अध्यक्ष जितेंद्र प्रताप सिंह छोटू जिला महासचिव कृष्णेंद्र सिंह राम कीर्ति शुक्ला हीरालाल पांडे राजेश दीक्षित नंदकुमार पांडे द्वारिका प्रसाद तिवारी अभय सिंह चूड़ामणि सिंह गॉड आदि लोग उपस्थित रहे।

# नेशनल सेमिनार पर सतना के स्वच्छ पेय जल उपलब्ध कराने के प्रेजेंटेशन को मिली प्रशंसा

**जागरण, सतना।** भारत सरकार नीति आयोग संसद मार्ग नई दिल्ली के निर्देशानुसार कलेक्टर सतना को 7 जुलाई को विज्ञान भवन नई दिल्ली में शीर्षक स्वच्छ पेय जल की उपलब्ध कराने के संबंध में एस्प्रिशनल ब्लॉक में किए जा रहे प्रयासों के बारे में आयोजित सेमीनार में प्रेजेंटेशन किए जाने हेतु मान कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस को सहभागिता के लिए पत्र के माध्यम आमंत्रित किया गया। कलेक्टर की ओर से जिला पंचायत सीईओ सुश्री संजना जैन को उक्त नेशनल लेवल सेमिनार में सहभागिता करने हेतु अधिकृत किया गया ।जिसमें सीईओ जिला पंचायत सुश्री संजना जैन द्वारा विज्ञान भवन नई दिल्ली में उपस्थित होकर उक्त शीर्षक पर भारत सरकार ने दिल्ली,जल जीवन मिशन के सचिव अशोक मीणा व नीति आयोग के सदस्य डॉक्टर अरविंद वीरमणि एवं कई प्रदेशों से आए हुए कलेक्टर एवं जिला पंचायत सीईओ की उपस्थित में प्रेजेंटेशन प्रस्तुत किया गया ।उक्त विषय वस्तु अंतर्गत सर्वप्रथम सतना जिले के एस्प्रिएशनल ब्लॉक में शामिल जनपद पंचायत मझगांव व रामपुर बघेलान के भौगोलिक संरचना व जलजीवन मिशन योजनांतर्गत जल गांव गांव तक कैसे पहुंचाया जा रहा है उस पर प्रकाश डायग्राम के माध्यम प्रस्तुत किया गया। इस संबंध में बताया गया कि जिले में जलस्तर बढ़ाने के लिए ओपन डग वेल एनवीनतालाब एरिचार्ज पिट एहैंड पंप रिचार्ज पिट जैसे कार्य किए जाकर जल स्तर संग्रहण संचय पर कार्य किए गए है ।जिससे आम जनमानस तक सरलता से जल उपलब्ध हो पा रहा है तथा जल जीवन मिशन अंतर्गत पानी की टंकियां बनाकर पाइप लाइन के माध्यम से गांव तक पानी पहुंचाकर गांव में नल कनेक्शन करके पानी आम जन मानस तक पहुंचाया गया है ।उक्त योजना अंतर्गत फिल्टर पानी आम जन को मिलने से जलजनित रोग से भी बचा जा रहा है। साथ ही यह बताया गया कि जलसंरचनाओं के स्थलों पर पेड़ लगाए गए है। जिससे आम जनमानस के जन जीवन में बदलाव आ रहा है ।तथा पूर्व में यह देखा गया है कि लोग पहाड़ी इलाका में ठहरे हुए पानी को पी लेते थे साथ ही दूर दराज में झिरी से भी पानी लोग पी लेते थे। जिससे उनके जीवन पर विपरीत असर पड़ता था लेकिन अब ऐसा नहीं है।



वर्ष 72 अंक 311 पृष्ठ 12
रीवा, शुक्रवार 08 अगस्त, 2025
श्रावण शुक्ल पक्ष 14, विक्रम संवत् 2082
नगर मूल्य 5 रुपए

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार
# दैनिक जागरण
www.dainikjagranmpcg.com

"चुनाव जीतना या हारना देश को मजबूत बनाने से कम महत्वपूर्ण है।
-इंदिरा गांधी"




## महिला ने दिया सांप के बच्चों को जन्म!

*मप्र के छतरपुर में एक अजब-गजब मामला सामने आया है। राजनगर तहसील के गांव मऊ मसानिया का एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें एक महिला और सांप जैसी कोई चीज नजर आ रही है। वीडियो में सांप जैसी दिख रही चीज को देखकर महिला डरी हुई है। इस घटना के बाद पूरे गांव में सनसनी फैल गई। महिला के परिजनों और ग्रामीणों के मुताबिक, महिला ने सांप के बच्चों को जन्म दिया है, जिससे सभी हैरान और अचंभित हैं। सांपों की लंबाई 7 से 8 इंच है। इस अविश्वसनीय घटना ने गांव में चर्चा का विषय छेड़ दिया है। हालांकि, महिला को छतरपुर जिला अस्पताल ले जाया गया।*

## संक्षिप्त खबरें

### जस्टिस वर्मा को सुप्रीम कोर्ट से राहत नहीं

**नई दिल्ली, जेएनएन।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को इलाहाबाद हाईकोर्ट के जस्टिस यशवंत वर्मा की याचिका को खारिज कर दिया।



याचिका में जस्टिस वर्मा ने कैश कांड को लेकर उनके खिलाफ की गई कार्रवाई को चुनौती दी थी। इलाहाबाद हाईकोर्ट के जस्टिस वर्मा ने उनके घर जले नकदी नोट मामले में इन-हाउस कमेटी की रिपोर्ट और महाभियोग की सिफारिश रद्द करने की अपील की थी। रिपोर्ट में जस्टिस वर्मा को दोषी ठहराया गया है। अगर जस्टिस वर्मा अपने पद से इस्तीफा दे देते हैं, तो वह महाभियोग का सामना करने से बच जाएंगे। उन्हें रिटायर्ड जज के तौर पर पेंशन भी मिलेगी। अगर महाभियोग के जरिए पद से हटाया जाता है तो उन्हें पेंशन व अन्य लाभ नहीं मिल पाएंगे। हालांकि, वे इस्तीफा देने से पहले ही इनकार कर चुके हैं। जस्टिस वर्मा के खिलाफ संसद के दोनों सदनों में महाभियोग का नोटिस दिया जा चुका है।

### कुबेरेश्वर धाम में फिर दो लोगों ने तोड़ा दम

**तीन दिन में 7 मौतें, लौट रहे श्रद्धालुओं की गाड़ी पलटी**

**जागरण, सीहोर।** कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के कुबेरेश्वर धाम में कांवड़ यात्रा के तीसरे दिन गुरुवार २ श्रद्धालुओं की मौत हो गई। भारी भीड़ और उमस से २ युवकों ने दम तोड़ दिया। दोनों युवाओं की मौत हार्टअटैक से बताई जा रही है। तीन दिन में सात लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि आधा दर्जन से अधिक श्रद्धालु घायल हैं। बुधवार को 11 किमी लंबी कांवड़ यात्रा में २ लाख से ज्यादा श्रद्धालु जुटे। हजारों की संख्या में लोग एक-दो दिन पहले से भी सीहोर पहुंचने लगे थे। गुरुवार को भी हजारों श्रद्धालु धाम में ही रुके हुए हैं। तेज धूम, उमस बढ़ गई है। गुरुवार को गोरखपुर उप्र से आए उपेंद्र गुप्ता (22) और दिल्ली के खेड़ा कला गांव के अनिल (40) की मौत हो गई। भारी भीड़ के बीच दोनों युवकों को बैचेनी होने लगी और तबीयत बिगड़ गई। दोनों को जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टर्स ने मृत घोषित कर दिया। चिकित्सकों ने दोनों की मौत का कारण हार्टअटैक बताया है।


### दिल्ली में राहुल गांधी ने किया 'सबूतों' के साथ बड़ा धमाका

# चुनाव आयोग पर लगाया वोट चोरी करने का आरोप

**नई दिल्ली, जेएनएन।** कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी लगातार चुनाव आयोग पर सवाल उठा रहे हैं। गुरुवार को उन्होंने सबूतों के साथ दावा किया कि महाराष्ट्र का विधानसभा चुनाव चोरी किया गया और राज्य में 40 लाख रहस्यमयी मतदाता हैं। राहुल ने कहा, इन संदिग्ध मतदाताओं के जरिए हार-जीत के अंतर में बदलाव किया जा रहा है। राहुल ने चुनाव आयोग को घेरते हुए कहा कि वो उन्हें मतदान से जुड़ी जानकारी नहीं देता।

राहुल ने कहा, महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में एक करोड़ नए मतदाताओं ने वोट डाले, जबकि 5 महीने पहले लोकसभा चुनाव में ये नहीं थे। महाराष्ट्र में 5 महीने में इतने मतदाता जुड़े, जितने 5 साल में नहीं जुड़े। महाराष्ट्र की पूरी जनसंख्या से ज्यादा वोटर जुड़े हैं। फिर हमें शक हुआ और हमने सबूत पर काम करना शुरू किया। चुनाव आयोग ने हमें मतदाता सूची देने से इनकार कर दिया। यह सबूत जुटाने में हमें 6 महीने लगे।

राहुल ने कहा कि कर्नाटक में हमें 16 सीटों पर जीत मिलती, लेकिन सिर्फ 9 पर मिली। हमने 7 हारी हुई सीटों में से एक बेंगलुरु मध्य सीट पर जांच-पड़ताल की। यहां कांग्रेस को 6,26,208 व भाजपा को 6,58,915 वोट मिले। अंतर सिर्फ 32,707 था। महादेवपुरा सीट पर मतदान हुआ, तो वोट का अंतर 1,14,046 रहा। इस हिसाब से देखें तो 1 लाख से ज्यादा वोटों की चोरी हुई। राहुल ने कहा, पहले ईवीएम नहीं थी, फिर भी पूरा देश एक ही दिन मतदान करता था। अब महीनों मतदान चलता है। क्यों अलग-अलग दिन मतदान करवाया जाता है।



प्रेजेंटेशन के जरिए राहुल गांधी ने सबूतों के साथ आरोप लगाए।

### स्क्रीन पर दिखाए सबूत

राहुल ने इस दौरान मतदाता सूची में सभी गड़बड़ियों के सबूत भी स्क्रिन पर दिखाए। उन्होंने दावा किया कि एक ही पते पर 46 मतदाता हैं। कई के मकान नंबर 0 है। राहुल ने बताया, 'गुरकीरत सिंह नामक शख्स मतदाता सूची में 4 अलग-अलग पोलिंग बूथ में है। ये कोई अकेला शख्स नहीं है, ऐसे हजारों मतदाता हैं।' उन्होंने आदित्य श्रीवास्तव नामक शख्स का उदाहरण देकर बताया कि इन्होंने महाराष्ट्र, कर्नाटक, उत्तर प्रदेश में भी मतदान किया है। उन्होंने कहा, एक ही पते पर कैसे कई मतदाता है। एक मकान नंबर 35 है। यहां पर 80 मतदाता हैं। एक घर का नंबर 791 है। वहां पर 46 मतदाता हैं।

### प्रेजेंटेशन से बताए वोट चोरी के 5 तरीके

- **डुप्लीकेट वोटर्स-11,965:** वोटर लिस्ट में एक ही शख्स कई जगह नजर आया। हर बार उसका बूथ नंबर अलग था। 11 हजार संदिग्ध ऐसे हैं, जिन्होंने तीन-तीन बार वोट डाला। ये लोग कहां से आ रहे हैं?
- **फेक एड्रेस- 40,009 वोटर्स :** बेंगलुरु सेंट्रल में 40 हजार से ज्यादा वोटर्स का पता फर्जी पाया गया। उन पतों पर कोई नहीं रह रहा था, तो वोट किसने डाला। एक ही पते पर 46 वोटर्स हैं।
- **एक पते पर कई वोटर्स :** एक पते पर कई वोटर्स मिले। बूथ नंबर 470 पर लिस्टेड 35 नं. के घर पर 80 मतदाता मिले। वहीं ऐसे ही दूसरे घर में एक साथ 46 वोटर्स लिस्ट किए गए।
- **अवैध फोटो :** 4132 वोटर्स ऐसे थे, जिनकी वोटर आईडी में तस्वीर इनवैलिड थी। कुछ तस्वीरें इतनी छोटी थीं कि उन्हें पहचानना मुश्किल था, तो फिर उन्होंने वोट कैसे डाल दिया।
- **फॉर्म -6 से फर्जीवाड़ा :** 70 साल की शकुन रानी ने एक महीने के अंदर दो बार वोटर आईडी कार्ड बनवाने के लिए फॉर्म 6 भरा। एक बार उनकी तस्वीर दूर से खींची गई थी। दूसरी बार उन्होंने जूम करके तस्वीर लगाई। फॉर्म 6 वह फॉर्म है, जिससे कोई भी नया मतदाता, यानी जिसने पहले कभी वोटर कार्ड नहीं बनवाया है। वह अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वाने के लिए आवेदन करता है।

### कर्नाटक: सीईओ ने मांगा शपथ-पत्र

कर्नाटक के मुख्य चुनाव अधिकारी ने राहुल गांधी को पत्र लिखा है। कहा कि निर्वाचन नियमों के तहत अगर कोई व्यक्ति वोटर लिस्ट की वैधता पर सवाल उठाता है, तो उसे लिखित में विवरण देना होता है। वे नियम 20 (3)(बी) के तहत शपथ-पत्र पर हस्ताक्षर कर ऐसे वोटर के नाम उपलब्ध कराएं, ताकि उनके दावों की जांच की जा सके। यदि आवश्यक हो, तो कानूनी कार्रवाई भी की जा सके।

### चुनाव आयोग बोला- गुमराह करने वाला

वहीं, चुनाव आयोग (ईसीआई) ने एक्स पर राहुल की प्रेस कॉन्फ्रेंस की वीडियो को शेयर करते हुए इसे गुमराह करने वाला बताया है। इसके पहले आयोग ने राहुल गांधी को पत्र लिखा था। आयोग ने राहुल को 24 जून को लेटर भेजा था। लेटर में लिखा है कि नवंबर 2024 में ऐसे ही आरोप लगाए थे, जिनका विस्तृत जवाब 24 दिसंबर 2024 को दिया गया।

### भाजपा का पलटवार, जहां जीतते हैं वहां नहीं बोलते




राहुल गांधी के आरोपों पर सत्तारुढ़ भाजपा ने पलटवार किया है। भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा ने कहा कि राहुल गांधी जहां जीतते हैं, वहां आरोप नहीं लगाते। उन्होंने कहा, राहुल ने आयोग पर सिलेक्टिव आरोप लगाए हैं। वह अधिकारियों को धमका रहे हैं।

### अमेरिकी टैरिफ का जिक्र किए बगैर प्रधानमंत्री का दावा

## किसानों, पशुपालकों के हितों के खिलाफ कोई समझौता नहीं

**नई दिल्ली, जेएनएन।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को अमेरिकी टैरिफ का जिक्र किए बिना कहा, हमारे लिए अपने किसानों का हित सर्वोच्च प्राथमिकता है। भारत अपने किसानों, पशुपालकों, मछुआरे भाई-बहनों के हितों के साथ कभी भी समझौता नहीं करेगा। मोदी ने गुरुवार को दिल्ली में एमएस स्वामीनाथन शताब्दी अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में कहा, मैं जानता हूं कि व्यक्तिगत रूप से मुझे बहुत बड़ी कीमत चुकानी पड़ेगी, लेकिन मैं तैयार हूं। मोदी का बयान ट्रंप के भारत पर 50 फीसदी टैरिफ के ऐलान के एक दिन बाद आया है।



### ट्रंप बोले-अभी 8 घंटे ही हुए हैं, बहुत कुछ होना बाकी

अमेरिकी राष्ट्रपति टंप ने बुधवार रात पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए कहा, अभी सिर्फ 8 घंटे ही हुए हैं। अभी तो बहुत कुछ होना बाकी है। बहुत सारे सेकेंडरी सैंक्शंस आने वाले हैं। ट्रंप ने भारत पर 25 फीसदी एक्स्ट्रा टैरिफ लागू करने को लेकर पूछे गए सवाल पर यह जवाब दिया। ट्रंप से पूछा गया था कि अमेरिका ने भारत पर ही क्यों सख्ती की, जबकि चीन जैसे और देश भी रूस से तेल खरीद रहे हैं। वहीं ट्रंप के सलाहकार पीटर नवारो ने भारत को टैरिफ का महाराजा करार देते हुए कहा कि भारत सबसे ज्यादा टैरिफ लगाता है।

### साल के आखिर में भारत आएंगे पुतिन

**मॉस्को/नई दिल्ली।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन इस साल के आखिरी हफ्ते में भारत दौरे पर आ सकते हैं। यह जानकारी भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल के हवाले से दी गई है। डोभाल ने रूसी रक्षा मंत्री सर्गेई शोइगु से मुलाकात में कहा, अब हमारे बहुत अच्छे रिश्ते बन गए हैं, जिनकी हम कदर करते हैं। हमारे देशों के बीच एक मजबूत साझेदारी है और हम हाई लेवल पर बातचीत करते हैं। डोभाल बुधवार को रूस पहुंचे। उनकी राष्ट्रपति पुतिन के साथ भी मुलाकात हो सकती है।

## उधमपुर में खाई में गिरी गाड़ी 3 सीआरपीएफ जवानों की मौत

**जम्मू, जेएनएन।** जम्मू-कश्मीर के उधमपुर जिले के बसंतगढ़ इलाके में गुरुवार सुबह 10.30 बजे सीआरपीएफ जवानों की बंकर गाड़ी 200 फीट गहरी खाई में गिर गई। हादसे में 3 जवानों की मौत हो गई, जबकि 15 अन्य घायल हो गए। प्रशासन के मुताबिक, 5 जवानों की हालत गंभीर है।

सीआरपीएफ अधिकारियों के मुताबिक, गाड़ी जवानों के एक दल को ले जा रही थी, जो सड़क से फिसलकर खड़ी ढलान से नीचे खाई में जा गिरी। 3 शव बरामद किए जा चुके हैं, जबकि कई घायल जवानों को गंभीर हालत में रेस्क्यू कर पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया है।



## भाईदूज से हर लाड़ली बहन को मिलेंगे 1500 रुपए: सीएम




**विशेष संवाददाता, भोपाल।** रक्षाबंधन के ठीक दो दिन पहले गुरुवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शगुन के तौर पर 250 सहित 1500 रुपए की राशि लाड़ली बहनों के खातों में अंतरित की। इस मौके पर डॉ. मोहन यादव ने कहा, इसी साल भाईदूज पर्व से हर लाड़ली बहनों को नियमित रूप से 1500 मिलने शुरू हो जाएंगे। राजगढ़ जिले के नरसिंहगढ़ में लाड़ली बहना योजना के राज्यस्तरीय कार्यक्रम में डॉ. यादव ने प्रदेश की 1 करोड़ 26 लाख 89 हजार लाड़ली बहनों के खातों में 1,859 करोड़ ट्रांसफर किए। उज्जवला योजना अंतर्गत 28 लाख से अधिक बहनों को 43.90 करोड़ सहायता राशि का भी सिंगल क्लिक से अंतरित की।

### प्रदेश का 60 प्रतिशत भूजल खत्म, गंभीर होंगे परिणाम

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं विधायक कमलनाथ ने कहा है कि मप्र के भूजल स्तर की स्थिति बेहद चिंताजनक है, जिसका आने वाली पीढ़ी को गंभीर परिणाम भुगतना पड़ेगा। पूर्व सीएम ने केंद्र सरकार की राज्यसभा में पेश रिपोर्ट के आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि राज्य में पानी का अनियंत्रित दोहन, निरंतर खोदे जा रहे बोरवेल, बढ़ती आबादी और जल संचय की कमी से भूजल स्तर में गिरावट आती जा रही है। इंदौर, रतलाम जिला अत्याधिक दोहन वाली श्रेणी में पहुंच चुके हैं। इतना ही नहीं राज्य का पश्चिमी हिस्सा विशेष रूप से भूजल दोहन वाले क्षेत्र में शामिल है, जो बेहद खतरनाक है। इसमें भोपाल भी क्रिटिकल शहरों की श्रेणी में शामिल है।



### केयर सेंटर की आड़ में बच्चा बेचने वाली गैंग पकड़ाई

**जागरण, इंदौर।** शहर में मानव तस्करी से जुड़े षड्यंत्र का खुलासा हुआ है। पुलिस ने रावजी बाजार थाना क्षेत्र में बच्चा बेचने वाली गैंग को पकड़ा है। इनमें 6 महिलाएं और उनके 5 पुरुष हैं। दो आरोपी फरार हैं। शिकायतकर्ता पहले से आरोपी महिलाओं को जानता था, उसने महिलाओं से बच्चा लेने की डील की, जिसकी सूचना उसने पुलिस को दे दी। पुलिस ने एफआईआर दर्ज की। शिकायतकर्ता रितेश व्यास आजाद नगर का रहने वाला है। वह ऑटो पार्ट्स दुकान में काम करता है। 6 महीने पहले मुलाकात प्रमिला पति अविनाश साहू और वंदना पति राजू मकवाना से मूसाखेड़ी चौराहे पर हुई थी। दोनों ने खुद को बुजुर्गों के लिए केयर सेंटर चलाने वाली बताया था। इसके बाद तीनों की कई बार मुलाकात हुई। महिलाओं ने रितेश को बताया था कि वे निसंतान लोगों की मदद और बच्चे दिलाने का काम भी करती हैं।

**खोज** आईआईटी मद्रास ने विकसित की बायोडिग्रेडेबल पैकिंग सामग्री

## खेती के कचरे से बनाया प्लास्टिक का विकल्प

**बेंगलुरू, जेएनएन।** भारतीय तकनीकी संस्थान (आईआईटी) मद्रास के शोधकर्ताओं की एक टीम ने खेती के कचरे से बढ़िया गुणवत्ता वाली एक ऐसी बायोडिग्रेडेबल पैकेजिंग सामग्री विकसित की है, जो प्लास्टिक के इस्तेमाल को खत्म कर सकती है। आईआईटी मद्रास के रिसर्चरों की टीम का दावा है कि यह शोध प्लास्टिक प्रदूषण और कृषि कचरे के निपटान जैसी दो प्रमुख समस्याओं का स्थायी समाधान कर समाज और पर्यावरण में सकारात्मक बदलाव लाने में सक्षम है। प्लास्टिक के विपरीत यह मिट्टी में घुल सकता है।

आईआईटी मद्रास की शोधकर्ता सैंड्रा रोज बीबी, विवेक सुरेंद्रन व डॉ. लक्ष्मीनाथ कुंदानती की शोध रिपोर्ट 'बायोसोर्स टेक्नोलॉजी रिपोर्ट्स' के जून अंक में छपी है। इसके लिए आईआईटी के अलावा केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने जरूरी रकम मुहैया कराई थी। वो कहते हैं कि अब हमारा लक्ष्य इस तकनीक के प्रसार के लिए सरकारी वित्तीय सहायता वाली योजनाएं हासिल करना और इसका ठोस सकारात्मक सामाजिक प्रभाव सुनिश्चित करना है। डॉ. कुंदानती बताते हैं, 'भारत में हर साल करीब 350 मिलियन टन से ज्यादा कृषि कचरा पैदा होता है, इसमें से ज्यादातर को जला दिया जाता है या सड़ने के लिए छोड़ दिया जाता है। इससे बड़े पैमाने पर जिससे वायु प्रदूषण तो होता ही है, बेशकीमती संसाधन भी बर्बाद होते हैं।' यहां इस बात का जिक्र प्रासंगिक है कि हर साल हरियाणा और आसपास के इलाकों में पराली जलाने के कारण दिल्ली समेत पूरे एनसीआर इलाके में बड़े पैमाने पर वायु प्रदूषण फैलता है, इस दौरान हवा की गुणवत्ता में भारी गिरावट दर्ज की जाती है। ईको फ्रेंडली होने के साथ किफायती भीशोधकर्ताओं का कहना है कि इस शोध का मकसद किफायती और पर्यावरण-अनुकूल पैकेजिंग विकल्प तैयार करना है।



### तकनीक का लाभ उठाने भागीदारों की तलाश

आईआईटी मद्रास में डिपार्टमेंट ऑफ एप्लाइड मेकैनिक्स एंड बायोमेडिकल इंजीनियरिंग में असिस्टेंट प्रोफेसर और प्रमुख शोधकर्ता डॉ. लक्ष्मीनाथ कुंडानती ने एक अन्य शोधकर्ता के साथ मिलकर नेचरवर्क्स टेक्नोलॉजीज नामक एक स्टार्ट-अप की स्थापना की है, इसका मकसद नए उत्पादों को विकसित कर उनके व्यावसायिक उत्पादन को बढ़ावा देना है। डॉ. कुंदानती बताते हैं, 'अब हम इस तकनीक के प्रचार-प्रसार और बड़े पैमाने पर इसका लाभ उठाने के लिए भागीदारों की तलाश कर रहे हैं।



# उत्कृष्ट कार्य करने वाली ग्राम पंचायतों को किया गया सम्मानित




**जागरण शहडोल।** अतिक्ति मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री मुद्रिका सिंह ने जिला पंचायत के सभागार में पंचायत उन्नति सूचकांक के अंतर्गत उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली ग्राम पंचायतों के जनप्रतिनिधियो एवं सचिवो को शील्ड, प्रशस्ति पत्र एवं चेक प्रदान कर सम्मानित किया। जिले के विभिन्न जनपदों की ग्राम पंचायतों ने विकास, स्वच्छता, शासन योजनाओं के क्रियान्वयन तथा जनसुविधा उपलब्ध कराने के क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य किए हैं, जिनके मूल्यांकन के आधार पर उन्हें यह सम्मान प्रदान किया गया। पुरस्कार प्राप्त करने वाली पंचायतों में प्रथम पुरस्कार जनपद पंचायत ब्यौहारी के ग्राम पंचायत अल्हरा, द्वितीय पुरूस्कार जनपद पंचायत जयसिंहनगर के ग्राम पंचायत चंदेला, तृतीय पुरूस्कार जनपद पंचायत गोहपारू के ग्राम पंचायत खाम्हा शामिल है।

# स्वतंत्रता दिवस आयोजन के संबंध में अपर मुख्य सचिव ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से दिये निर्देश

**जागरण शहडोल।** अपर मुख्य सचिव सामान्य प्रशासन ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से 15 अगस्त को मनाये जाने वाले स्वतंत्रता दिवस समारोह की आवश्यक तैयारियों के संबंध में निर्देश दिये। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री जी के संदेश का सजीव प्रसारण समारोह में किया जायेगा। सजीव प्रसारण प्रातः 9:25 बजे से आरंभ होगा। उन्होंने प्रसारण के लिए जिलों में समारोह स्थल में एलईडी व अन्य व्यवस्थायें सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। अपर मुख्य सचिव ने कहा कि 15 अगस्त से पूर्व सजीव प्रसारण का रिहर्सल कर लिया जाय। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जी के संदेश में स्थानीय उपलब्धियों को भी शामिल किया जायेगा। अपर मुख्य सचिव ने बताया कि स्वतंत्रता दिवस पूर्व वर्षों की भांति समारोहपूर्वक व्यवस्थित रूप से गरिमामयढंग से मनाया जायेगा। वीडियों कान्फ्रेंसिंग में कमिश्नर कार्यालय के एनआईसी में कमिश्नर श्रीमती सुरभि गुप्ता तथा कलेक्ट्रेट एनआईसी में कलेक्टर डॉ. केदार सिंह, पुलिस अधीक्षक श्री रामजी श्रीवास्तव, एसडीएम सोहागपुर श्री अरविंद शाह, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती ज्योति परस्ते, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री मुद्रिका सिंह, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्यविभाग श्री आनन्द राय सिन्हा एवं डीपीसी उपस्थित रहे।

# बच्चों ने पुलिस को बांधी राखी

**जागरण ब्यौहारी।** थाना के अंतर्गत राखी विथ खाकी कार्यक्रम आयोजित किया गया इसके अलावा पुलिस से बच्चों को अवेयर करने स्पेशल लर्निंग प्रोग्राम के तहत दिनांक 7 अगस्त को थाना ब्यौहारी में राखी की खाकी कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम में बच्चों एवं शिक्षकों ने थाना प्रभारी एवं स्टाफ को राखी बांधी राखी बांधने के बाद थाना प्रभारी द्वारा बच्चों को शिकायत शाखा लाक आप रूम, भंडार गृह के बारे में बताते हुए थाने का विजिट कराया गया थाना प्रभारी ने बताया कि आज हम सॉफ्टवेयर के माध्यम से दिल्ली में बैठे हुए व्यक्ति का आधार नंबर के माध्यम से उसके बारे में जानकारी हासिल की जा सकती है इसका मतलब यह है कि कोई व्यक्ति यदि तमिलनाडु में अपराध करता है और वहां के थाने में यदि प्रकरण पंजीबद्ध है तो हम यहां बैठे-बैठे उसके बारे में देख सकते हैं इसके अलावा उन्होंने कहा कि पुलिस सब की हेल्प करती है पुलिस से लोगों को डरना नहीं चाहिए और किसी भी तरह से कोई परेशान करता है तो थाने में शिकायत करना चाहिए स्कूल के डायरेक्टर रवि मिश्रा ने कहा की पुलिस के प्रति बच्चे जागरूक हो आज साइबर अपराध बढ़ रहे हैं इसलिए कानून को जानना जरूरी है बच्चों को आज स्पेशल लर्निंग प्रोग्राम के तहत थाने का विजिट कराया गया एवं जिससे बच्चे जागरूक हो सके बच्चों को पुलिस के हथियार भी दिखाए गए राखी बांधने के बाद बच्चों ने मध्य प्रदेश सरकार की अभियान घर-घर तिरंगा अभियान के तहत थाना परिषद से लेकर बांसुरी चौराहा तक तिरंगा यात्रा निकाली गई तिरंगा यात्रा जय स्तंभ के पास समाप्त हुई। कार्यक्रम में शिक्षा विभाग की तरफ से ब्रह्मानंद श्रीवास्तव मनोज केसरवानी बीआरसीसी, भानु पटेल बीएसी, धर्मेंद्र पटेल, योगेंद्र पांडे जन शिक्षक रविकांत द्विवेदी जन शिक्षक चंद्रभान गुप्ता जन शिक्षक, आशीष तिवारी ,विराट सिंह,ज्योती गुप्ता,आरपी कुशवाहा पुलिस स्टाफ की तरफ से मोहन परिवार उप निरीक्षक सुभाष द्विवेदी उप निरीक्षक एवं स्कूल के टीचर एवं छात्र-छात्राएं सम्मिलित हुए।

# शराब ठेकेदार के गुर्गों ने ग्रामीण से की लाठी डंडे से मारपीट

**कटनी।** स्लीमनाबाद थाना अंतर्गत तेवरी में शराब दुकान ठेकेदार के गुर्गों ने एक ग्रामीण से लाठी डंडे से मारपीट की है। जानकारी के अनुसार बिचुआ ग्राम निवासी मुकेश पिता रामेश्वर चौधरी जो कि तेवरी शराब दुकान में शराब लेने गया था इसी दौरान शराब दुकान के सामने से उसकी साइकिल चोरी हो गई। जब शराब दुकान में इस संबंध में पूछा तो वे भड़क उठे और मुकेश के साथ लाठी डंडे से मारपीट की गई। जब इस घटना की शिकायत घायल और उसके परिजन थाने पहुँचे तो उनकी शिकायत नहीं सुनी गई। घायल का इलाज जिला अस्पताल में किया जा रहा है।


**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल रीवा (म.प्र.)**

**भवन हस्तानान्तरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पद्मधर कालोनी रीवा में आवंटित एम.आई.जी. द्वितीय भवन क्र. 20 के मूल आवंटी श्रीमती रितु ठारवानी पति श्री किशोर ठारवानी, पता पद्मधर कालोनी पानी की टंकी के पास ढेकहा रीवा जिला रीवा (म.प्र.) के द्वारा उक्त आवंटित एम.आई.जी. द्वितीय भवन क्र. 20 पद्मधर कालोनी रीवा का हस्तानान्तरण श्री सुमित तारवानी पिता श्री सुन्दर लाल तारवानी, निवासी– क्वाटर नं. 01, जवाहर नगर बिछिया रीवा, जिला रीवा (म.प्र.) के नाम करने हेतु इस कार्यालय में दिनांक 04.08.2025 को ऑनलाइन आवेदन पत्र संयुक्त शपथ पत्र एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत कर निवेदन किया गया हैं। अतः उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को आपत्ति हो अथवा उक्त भवन को मूल आवंटी द्वारा किसी व्यक्ति अथवा संस्था को रहन दान विक्रय आदि किया गया हो तो समाचार पत्र में विज्ञापन प्रकाशित दिनांक से 15 दिवस के अन्दर अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष लिखित आपत्ति प्रमाण के साथ प्रस्तुत कर सकते हैं। अन्यथा निर्धारण तिथि व्यतीत हो जाने के बाद कोई आपत्ति अथवा दावा स्वीकार नहीं होगा एवं भवन का हस्तानान्तरण श्री सुमित तारवानी पिता श्री सुन्दर लाल तारवानी के नाम पर कर दिया जावेगा।

RN- 84214

(दीपेश रत्नाकर)
सम्पदा प्रबंधक
म.प्र. गृह निर्माण एंव अधोसंरचना विकास मण्डल रीवा (म0प्र0)


# बलराम जयंती पर पहली बार आयोजित होगा सांस्कृतिक कार्यक्रम

**पन्ना ।** इस वर्ष पहली बार बलराम जयंती के अवसर पर श्री बल्देव जी मंदिर परिसर पन्ना में 14 अगस्त को संस्कृति विभाग द्वारा जिला प्रशासन के सहयोग से सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसके अतिरिक्त 16 अगस्त को जन्माष्टमी पर्व पर श्री जुगल किशोर मंदिर प्रागण पन्ना में पूर्व वर्ष की भांति श्री कृष्ण पर्व का आयोजन भी किया जाएगा। इस मौके पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में आमंत्रित कलाकारों द्वारा आकर्षक प्रस्तुतियां दी जाएंगी। श्री बल्देव जी के जन्मोत्सव हरछठ पर्व पर छतरपुर की कलाकार कमला लोधी भक्ति गायन, सीधी के कलाकार लाल बहादुर घासी द्वारा घसिया बाजा एवं स्वप्निल मैलोडी ग्रुप जबलपुर बैंड के कलाकारों द्वारा भक्ति गायन प्रस्तुत किया जाएगा। इस क्रम में जन्माष्टमी पर आयोजित श्री कृष्ण पर्व पर सागर के अमित घारू बधाई एवं बरेदी लोकनृत्य तथा टीकमगढ़ के पवन तिवारी द्वारा भक्ति गायन प्रस्तुत किया जाएगा। कलेक्टर सुरेश कुमार ने उक्त दोनों कार्यक्रमों के सफल आयोजन के लिए अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी अशोक चतुर्वेदी को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है, जबकि पुलिस अधीक्षक सहित अनुविभागीय दण्डाधिकारी पन्ना, तहसीलदार पन्ना, मनरेगा के परियोजना अधिकारी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी, जनसंपर्क अधिकारी एवं यातायात थाना प्रभारी को भी आवश्यक व्यवस्थाओं का दायित्व सौंपा गया है। समस्त अधिकारियों को सौंपे गए दायित्वों के निर्वहन तथा मिलिंद त्रिंबके 9425374853 से समन्वय कर गरिमामय कार्यक्रम आयोजन के संबंध में निर्देशित किया गया है।

# भाजपा के 26 मंडलों में हुई तिरंगा यात्रा को लेकर बैठक

**कटनी।** आगामी 10 से 14 अगस्त तक भाजपा के प्रत्येक मंडल में आयोजित होने वाली तिरंगा यात्रा एवं विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के सफल क्रियान्वयन को लेकर जिला भाजपा के सभी 26 मंडलों में बैठकों का आयोजन हुआ। मुड़वारा विधानसभा के माधवनगर मण्डल, दीनदयाल उपाध्याय एवं मुड़वारा मंडल की बैठकों में भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक सोनी टंडन में शामिल हुए। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष श्री टंडन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी.नड्डा एवं प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के निर्देश में प्रदेशभर में हर घर तिरंगा अभियान का शुभारंभ 10 अगस्त से किया जा रहा है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से हर घर तिरंगा अभियान को एक उत्सव की तरह मनाने की अपील की है। जिलाध्यक्ष ने स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर प्रत्येक वर्ष भाजपा के कार्यकर्ता आम जनमानस के साथ तिरंगा यात्रा एवं अन्य कार्यक्रमों के माध्यम से देशभक्ति के कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ आयोजित करते हुए देश की एकता एवं अखंडता के प्रति संकल्प लें। आयोजित मण्डल बैठकों में मंडलो के प्रभारी एवं मंडल अध्यक्षो ने बैठकों को संबोधित किया जिसमें बड़वारा मंडल में मंडल प्रभारी रवि खरे, पान उमरिया में सुरेश राय, सिलौड़ी में जितेंद्र अरोरा, ढीमरखेड़ा में राजा चौरसिया, विलायतकला में विजय दुबे, देवरीहटाई में सुनील उपाध्याय, बरही में सुरेश सोनी, कैमोर में मृदुल द्विवेदी, विजयराघवगढ़ में शांति यादव, सिंनगौड़ी में सतीश तिवारी, खितौली में डारेश्वर पाठक, कटनी ग्रामीण में रणवीर कर्ण, निवार में रामू साहू, बहोरीबंद में राजेश चौधरी, बिलहरी में चेतन हिंदुजा, बाकल में पीयूष अग्रवाल एवं कुआं मण्डल में कौशल दुबे ने बैठक ली।

# हर घर तिरंगा अभियान को जनआंदोलन बनायें : उप मुख्यमंत्री

**जागरण शहडोल।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि हम सबका सौभाग्य है कि हम भारत माता की सेवा कर रहे हैं, और इस सेवा का सबसे बड़ा प्रतीक है हमारा राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा। आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा शुरू किए गए हर घर तिरंगा अभियान ने पूरे देश को एक सूत्र में बाँधने का काम किया है। इस वर्ष भी 2 से 15 अगस्त तक हम सब मिलकर अपने-अपने घरों पर तिरंगा फहराएं और इस अभियान को जन आंदोलन बनाएँ। तिरंगे के साथ सेल्फी लें और पर अपलोड करें। यह सिर्फ एक भागीदारी नहीं, बल्कि माँ भारती के सम्मान और स्वाभिमान की रक्षा का संकल्प है। हर घर पर तिरंगा लगाना, राष्ट्र के प्रति हमारी एकजुटता, निष्ठा और प्रेम की अभिव्यक्ति है। इस राष्ट्रीय पर्व पर हम सभी अपने घरों पर तिरंगा लगाएं, दूसरों को भी प्रेरित करें और इस महाअभियान को पूरे प्रदेश और देश में फैलाएं।


**उत्तर मध्य रेलवे**

खुली निविदा संख्या : JHS-RCNK-M-CAMC-25-26-4R1

**ई-निविदा सूचना**

मुख्य कारखाना प्रबंधक रेल कोच नवीनीकरण कारखाना, झाँसी द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए अनुभवी और इच्छुक ठेकेदारों से ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

**कार्य का नाम :** RCNK झाँसी में एम एंड पी के व्यापक वार्षिक रखरखाव अनुबंध (CAMC) का कार्य।

**कार्य की लागत :** Rs. 25,42,40,971.02/- (18% जीएसटी सहित)

**अग्रिम राशि :** Rs. 14,21,200.00/- | **कार्य पूरा होने का समय :** साठ महीने

**ऑनलाइन निविदा समापन तिथि एवं समय :** 28.08.2025 समय 11:00 बजे तक

निविदा एवं निविदा प्रारूप के बारे में विस्तृत जानकारी **www.ireps.gov.in** वेबसाइट पर उपलब्ध है। 1398/25 (AS)

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRONCR



**उत्तर मध्य रेलवे**

**ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मण्डल रेल प्रबन्धक/कार्य/झॉसी निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते है।

**ई-निविदा सूचना संख्या :** झॉसी-इन्जी0-एन-2025-126 | **अनुमानित लागत रु :** 199519261.37

**कार्य का नाम :** वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी-सिथौली-सेस वाईडनिंग एंड स्लोप प्रोटेक्शन वर्क।

**अमानत राशि :** 1147600.00 | **निविदा बन्द होने की तिथि :** 10.09.2025 at 15:00 hrs

**स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथि :** 12 माह

• निविदा **दिनांक 10.09.2025 को 15:00 बजे** तक आन लाईन जमा कर सकेंगे। • पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेब साइट **www.ireps.gov.in** पर देखें। 1394/25 (C)

@CPRONCR North central railways cproncrly CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in


# झिंझरी पुलिस ने चोरी की वारदात का किया खुलासा, आरोपी गिरफ्तार

**कटनी।** पुलिस अधीक्षक अभिनव विश्वकर्मा के निर्देशन में डॉ.संतोष डेहरिया अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, नेहा पच्चीसिया नगर पुलिस अधीक्षक एवं थाना प्रभारी माधवनगर अभिषेक चौबे के मार्गदर्शन में झिंझरी चौकी पुलिस ने चोरी गए सोने चांदी के जेवर को जप्तकर आरोपी को गिरफ्तार करने में मिली बड़ी सफलता।

घटना 6 अगस्त को प्रार्थिया विसरती बाई निवासी मझौली टोला ने रिपोर्ट किया कि दिनांक 4 अगस्त को मैं अपनी लड़की के यहां गई थी जो वापस आने पर मेरे घर का ताला टूटा था एवं मेरे घर में रखें सोने चांदी के जेवर एक मंगलसूत्र 5 लॉकेट वाला, एक जोड़ी चांदी की पायल तथा एक जोड़ी चांदी का हाथ का कड़ा कीमती करीब 80 हजार रुपए कोई अज्ञात चोर चोरी करके ले गया। रिपोर्ट पर मामला कायम कर विवेचना में लिया गया। झिंझरी पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए जांच शुरू की और गांव के पुराने चोर बिट्टू उर्फ सौम्य बर्मन पिता गणेश वर्मन निवासी मझौली टोला थाना माधवनगर के कब्जे से उक्त चोरी गए सोने चांदी के जेवरात जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। टीम की विशेष भूमिका इस सफलता में प्रियंका राजपूत चौकी प्रभारी झिंझरी, पंकज त्रिपाठी, राजेश चौधरी, आरक्षक अजय सिंह सुरेश कोरी ने उल्लेखनीय कार्य किया।




**In The Court Of III Additional District Judge, District Court, Rewa**

Presiding Officer: वरिन्द कुमार तिवारी

(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)

(MCA/0000017/2025)

बलीराम शर्मा .................. वादी
VS
हर आम व खास .................. प्रतिवादी

Process Id:-/2025
पेशी दिनांक – 11/09/2025

प्रेषिती–
(1)हर आम व खास पता– रीवा म.प्र.।

यह कि प्रार्थी बलीराम शर्मा ने आपके विरूद्ध अपील के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिए उपसंजात/हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते हैं, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नही होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें।

यह आज तारीख 01 अगस्त 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है। यदि किसी कारणवस उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जावेगा।

मुद्रा

न्यायालय
(वारीन्द कुमार तिवारी), सदस्य
तृतीय मो. दु. दावा अधिकरण
जिला रीवा (म.प्र.)

RN-84213



"ISO 9001-2015 certified college"

**शासकीय स्वशासी आयुर्वेद महाविद्यालय, एवं चिकित्सालय निपनिया रीवा (म.प्र.)**

Govt. Autonomous Ayurved College & Hospital, Nipaniya Rewa (M.P.)

Tel. No. 07662-299160
Email- govtayucollegerewa@gmail.com
Website- www.gacrewa.org.in

क्रमांक/स्व./2025/3691 रीवा दिनांक 07.08.2025

**संशोधित**

**डी-फार्मा आयुर्वेद (दो वर्षीय), डिप्लोमा पाठ्क्रम प्रवेश हेतु सूचना वर्ष शिक्षण सत्र 2023-2024)**

**''प्रथम आओ प्रथम पाओ''**

शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय एवं चिकित्सालय, निपनिया रीवा (म0प्र0) के अंतर्गत मध्यप्रदेश सह-चिकित्सीय परिषद् भोपाल म.प्र. से मान्य दो वर्षीय प्रमाण-पत्र डी-फार्मा आयुर्वेद (दो वर्षीय) प्रषिक्षण पाठ्यक्रम सत्र 2024-2025 प्रवेश हेतु आवेदन पत्र ''प्राचार्य स्वशासी शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय निपनिया रीवा, म.प्र.'' के नाम से आमंत्रित किए जाते है। इच्छुक उम्मीदवार महाविद्यालय में उपस्थित होकर दिनांक 11.08.2025 कार्यालयीन समय तक प्रवेश फार्म जमा कर प्रवेश फार्म प्राप्त कर जमा कर सकते है। एवं उसके पश्चात चयनित छात्रों की काउसलिंग दिनांक 12.08.2025 को समय प्रातः 10 बजे से महाविद्यालय में नियत की गई है। पूर्व मे जो विज्ञपन निकाला गया था जिन छात्रो द्वारा महाविद्यालय मे फार्म भरकर जमा किया गया है वो मान्य होगें।

प्रवेश योग्यता -हायर सेकेण्ड्री जीव विज्ञान/ बायोलॉजी ग्रुप 10+2 उत्तीर्ण

अनारक्षित वर्ग के लिए न्यूनतम 40% एवं आरक्षित वर्ग के लिए न्यूनत्तम 33% अंक होना अनिवार्य होगा ।

आवेदन पत्र एवं विवरणिका शुल्क अनारक्षित एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए रू. 350/- तथा अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति के लिये 200/- रू. मे फार्म प्राप्त होंगे जिन अभर्थी का काउंसलिंग में चयन होग उन्हें पूरी फीस रुपये 62910/- तत्काल जमा करनी होगी तभी प्रवेश दिया जाएगा एस.सी. एस.टी. एवं ओ.बी.सी. छात्रों को नियमानुसार शासन की योजनाओं का लाभ दिया जाएगा। अन्य जानकारी हेतु महाविद्यालय में 8827507440 पर संपर्क करें ।

प्राचार्य
शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय, रीवा (म.प्र.)



**In The Court Of XIII Additional Judge District Court, Rewa**

Presiding Officer ; आशीष कुमार शुक्ला

आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अंतर्गत प्रकाशन हेतु

(MJC/0000665/2023)

गेंदवती पटेल...............................वादी
VS
ओमशंकर पिडिहा....................प्रतिवादी

Process Id-/2025 पेशी दिनांक - 10.09.2025

**प्रेषिती-** 1. ओमशंकर पिता सत्यनारायण पिडिहा ग्राम पोस्ट बदवार थाना तह. गुढ़ जिला रीवा म.प्र. 2. शारदा देवी पत्नी सत्यनारायण 3. लक्ष्मीनारायण 4. दिनेश नारायण दोनों के पिता रामेश्वर प्रसाद 5. रामवती पत्नी रामेश्वर प्रसाद 6. राममनोहर पिता स्व. रामनरेश 7. राममित्र 8. रामकृष्ण दोनों के पिता रामसजीवन पिडिहा 9. बेवा अर्चना पत्नी राममूर्ति पिडिहा 10. मुस्कान पुत्री राममूर्ति 11. सुजल पुत्र राममूर्ति सभी निवासी कटरा धोबिया टंकी रीवा तहसील हुजूर जिला रीवा म.प्र. 12. जगदीश प्रसाद पिता हरिदर्शन प्रसाद पिडिहा बदवार 13. देवेन्द्र प्रसाद पिता मकसूदन प्रसाद पि. बदरांव 14. अखिलेश पि. मकसूदन 15. महेश्वरी प्रसाद पि. मकसूदन प्रसाद पि. ग्राम पोस्ट देवगांव तहसील मनगवां जिला रीवा मप्र 16. विशेषर प्र. पि. मकसूदन प्र.पि. निवासी ग्राम माजन तहसील थाना मनगवां जिला रीवा 17. सच्चितानंद चिरहुला हनुमना नगर रीवा 18. सतीश सेवा निवृत्त नि. सहायक मत्स्य विभाग सचिवालय कैम्पस भोपाल म.प्र. 19. संतोष कुमार धोबियाटंकी रीवा तहसील हुजूर 20. रामानंद बजरंग नगर रीवा तहसील हुजूर रीवा म.प्र. 21. ज्ञानेश कुमार चारों के पिता केशव प्र.पिडिहा नौकरी कार्यपालन यंत्री कृषि ला मंडी जिला रायपुर छग 22. रामायण प्र. पिता वीरभद्र 23. उर्मिला पत्नी लवकुश 24. कु. राधा पुत्री स्व. लवकुश 25. बेवा रचन पत्नी स्व. ललित नारायण 26. मृदुल पि. स्व. ललित नारायण 27. आकर्षण पि. स्व. ललित नारायण वली सरपरस्त म 28. बेवा ऊषा पत्नी स्व. शत्रुधन 29. आनंदनारायण पि. स्व. शत्रुधन 30. सुजाता पुत्री स्व. शत्रुधन 31. ध्रुवनारायण पिता स्व. शत्रुधन 32. मुक्तिनारायण पिता शत्रुधन पिडिहा 22 से 32 तक सभी निवासी बदवार तहसील थाना गुढ़ जिला रीवा म.प्र. 33. ज्योतिनारायण पि. स्व. लवकुश नि. माजन तह. मनगवां जिला रीवा मप्र. 34. प्रमोद पि. स्व. विजयशंकर 35. अन्नू पि. विजयशंकर पिडिहा नि. वेला पो. जलदर तह. गुढ़ जिला रीवा 36. उमाशंकर पि. जयंती प्र. पिडिहा नि. वेला को जलदर तहसील गुढ़ 37. दयाशंकर पिता स्व. जयंती प्रसाद पिडिहा निवासी ग्राम नदहा पोस्ट मनगवां तहसील मनगवां जिला रीवा मप्र. 38. अंजनी कुमार पटेल पिता स्व. रघुनाथ प्रसाद पटेल पेशा कृषि निवासी ग्राम गेरूआरी पो. पड़रिया तह. गुढ़ जिला रीवा मप्र. हाल मुकाम रीवा बांसघाट तहसील हुजूर जिला रीवा मप्र. 39. प्रभाशंकर पिता स्व. जयंत्री प्रसाद पिडिहा बदवार 40. उमेश कुमार पटेल पिता वंशपति पटेल 41. अंबिका 42. मुद्रिका 43. अंगिरा तीनों के पिता स्व. जोखलाल पटेल 44. रामसजीवन पिता स्व. राधेप्रसाद 45. शंकरदयाल पिता स्व. रामसुमिरन पटेल 46. बुद्धसेन पिता स्व. नर्वदा प्रसाद पटेल 47. बेवा रैमुनिया पत्नी स्व. रघुनाथ 48. सविता पुत्री रघुनाथ 49. राजबहोर पुत्र स्व. रघुनाथ 50. रामवती पत्नी सोमनाथ 51. रमेश 52. राजेश 53. राकेश 54. रामानंद 55. दुर्गावती पुत्री 52 से 55 के पिता सोमनाथ पटेल 56. श्यामलाल पिता स्व. रामकृपाल पटेल 39 से 56 सभी निवासी ग्राम पोस्ट बरवार तहसील गुढ़ जिला रीवा मप्र. के हैं। 57. शत्रुधन प्रसाद पटेल पिता राजरूप पटेल ग्राम रेरूआ पोस्ट पड़रिया तहसील गुढ जिला रीवा मप्र. 58. मध्यप्रदेश शासन जिलाध्यक्ष महोदय जिला रीवा म.प्र.

यह कि प्रार्थी गेंदवती पटेल ने आपके विरूद्ध विविध के लिए वाद संस्थित किया है। आपको इस न्यायालय में सूचना प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिए उपसंजात/हाजिर होने के लिए सम्मन किया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते हैं जिसे सम्यक अनुदेश दिए गए हों और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में हैं पेश करें। जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते हैं तो ऐसी सभी दस्तावेज के लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्ट करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटरा आपकी अनुपस्थिति में किया जावेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठसीन अधिकारी को अवगत करा दें। यह आज तारीख 05 अगस्त 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

न्यायालय की मुद्रा

न्यायाधीश
आशीष कुमार शुक्ला
तेरहवें जिला न्यायाधीश रीवा म.प्र.

**कृपया ध्यान दें-** यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा। आर- 84212


# सर्पदंश से भाई-बहन की मौत

**कटनी।** स्लीमनाबाद थाना अंतर्गत धरवारा में भाई-बहन की सर्पदंश से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार विजय कुमार पिता शिवकुमार 17, उर्मिला कोल पिता शिवकुमार कोल 22 को घर मे सोते समय जहरीले सर्प ने काट लिया था। जब परिजनों को इस बात की जानकारी दोनो ने दी तब परिजन उन्हें पहले झाड़फूंक के लिए स्लीमनाबाद के कुआं गाँव मे झाड़फूक कराने ले गए जिसमे समय अधिक लगा। जब यहां उनकी हालत में सुधार नहीं हुआ तब उन्हें स्लीमनाबाद स्वास्थ्य केंद्र परिजन लेकर पहुँचे जहां से उन्हें जिला अस्पताल रेफ्र कर दिया गया। इलाज के दौरान जिला अस्पताल में दोनो की मौत हो गई। जिले में सर्पदंश के कारण अधिकांश मौतों की की वजह ग्रामीणों द्वारा पहले झाड़फूंक फिर इलाज कराने की मानसिकता है। जिससे सर्पदंश की घटनाओं के बाद मौत का आंकड़ा बढ़ा है।

# पड़ुआ मोड़ समीप सड़क हादसे में नर्स की मौत

**कटनी।** माधवनगर थाना क्षेत्र की झिंझरी पुलिस चौकी के अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 30 पर पीरबाबा के समीप बुधवार की शाम हुए दर्दनाक सड़क हादसे में दो युवकों की मौत के बाद गुरुवार सुबह फिर पीरबाबा पड़ुआ मोड़ के समीप हुए दर्दनाक सड़क हादसे में एक प्राइवेट अस्पताल में काम करने वाली नर्स की दर्दनाक मौत हो गई। बताया जाता है कि प्रीती कुशवाहा नामक नर्स रोज की तरह काम पर शहर की ओर आ रही थी। उसी दौरान पड़ुआ मोड़ के समीप किसी वाहन ने उसे अपनी चपेट में लेकर बुरी तरह कुचल दिया। जिसके कारण उसकी मौत हो गई।


**नाम सुधार सूचना**

मैं चन्द्रभान पटेल पिता स्व. रामसजीवन पटेल निवासी ग्राम मुसौवा पो. गुढ (करौदी) तहसील गुढ जिला रीवा मध्य प्रदेश हालमुकाम वार्ड 15 संजय नगर समान तहसील हुजूर जिला रीवा मध्य प्रदेश आधार नं0 4601 5853 6666 का निवासी हूँ और मैं निम्न लिखित शपथ पूर्वक कथन करता हूँ कि मैं उपरोक्त पते का निवासी हूँ। मैं आर्मी से सेवानृबत्त हो चुका हूँ मेरा आर्मी नं0 2780416 लेटर पी एवं मेरा पी.पी. ओ. नं0 225200800012 प्रान आई. डी. नं0 7608304536 है। मेरे आर्मी के दस्तावेजो मे मेरे पत्नी का नाम देववती कुमारी (DEVATI KUMARI) अंकित है जो गलत है जबकि मेरे पत्नी का सही नाम देव वती पटेल (DEV WATI PATEL) है जो मेरे पत्नी के आधार कार्ड, पेन कार्ड एवं अन्य दस्तावेजो में अंकित है जो पूर्ण रूप से सही व सत्य है । अतः मेरे आर्मी रिकार्डो मे मेरी पत्नी का नाम देववती कुमारी (DEVATI KUMARI) की जगह देव वती पटेल (DEV WATI PATEL) दर्ज किया जाए एवं पढ़ा, लिखा व जाना जाए।

RN-84203 चन्द्रभान पटेल



Ministry of Culture
Government of India

**Notice Inviting Tender**

Request for Proposal for Selection of a Specialist Consultant for Content Development for the **Yuge Yugeen Bharat Museum**, New Delhi has been floated on 05 August 2025 by Ministry of Culture, Government of India.

Interested bidders may see details on **eprocure.gov.in** and **indiaculture.gov.in. Last date for bid submission is 26 August 2025.**

cbc09101/11/0014/2526



**M.P. POWER GENERATING COMPANY LIMITED**

(Government of M.P. Undertaking)

Office of The Addl. Chief Engineer (THC), Sirmour, Distt. Rewa (M.P.) 486448

E-mail : eehqthc@gmail.com, CIN-U40109MP2001SGC14822

**NOTICE INVITING TENDER (THROUGH E-TENDERING PROCESS ONLY)**

M.P. Power Generating Co. Ltd. invites e-tenders from reputed Contractor/Transporter/Firm/Service Provider/Joint Venture for the following jobs:-

| Tender No. | Tender Particulars | Estimated Cost in Rs. (inclusive of Taxes)/ Period/Tender Cost in Rs. | EMD in Rs. | Date and Time for Closing of Online Submission | Date & Time of E-Opening of Tender |
|---|---|---|---|---|---|
| 2025_MPPGC_441423_1 | Proposal for hiring of 01 no. Air Conditioned Diesel SUV (8+1 seater or more) with minimum engine capacity 1450 CC for use of pool vehicle for transportation of officers and employees from lift to power house at 3x105 MW, THPS-1, Sirmour with 1 driver in each shift for monthly run of 3000 Km | 24.05 Lakh/1,000/- | 48,200/- | 22.08.2025 Up to 16:00 hrs | 26.08.2025 from 16:00 hrs. onwards |

It is mandatory for prospective bidders to get registration on website **www.mptenders.gov.in** by making on line registration fees payment. Further for detailed NIT, eligibility criteria, tender documents etc., please visit website **www.mptenders.gov.in.**

M.P. Madhyam/121470/2025 SAVE ELECTRICITY ADDL. CHIEF ENGINEER (THC)



**सूचना**

जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. किसी तृतीय पार्टी के उत्पादकों वस्तुओं या सेवाओं का समर्थन नहीं करती है और न ही किसी तृतीय पार्टी के विज्ञापनों में छपी किसी जानकारी की सच्चाई या विश्वसनीयता की पुष्टि करती है। जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. पाठकों को प्रेरित करती है कि वे ऐसे किसी भी विज्ञापनदाता के साथ कोई भी लेन-देन करने की कार्रवाई से पहले उचित व जरुरी समझे जाने वाली जांच पड़ताल कर लेवे।



**आवश्यकता है**

ऑफिस कार्य हेतु लड़की एवं महिलाओं की आवश्यकता है। सैलरी 5.000+कमीशन बोनस, उम्र 18 वर्ष से 35 वर्ष।

**पता :**न्यू बस स्टैंड रीवा मध्यप्रदेश
संपर्क नं.–7261080044

RN-84206(8/8)


**स्वतंत्रता दिवस आयोजन के संबंध में अपर मुख्य सचिव ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से दिए निर्देश**

**पन्ना ।** अपर मुख्य सचिव सामान्य प्रशासन ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से 15 अगस्त को मनाएँ जाने वाले स्वतंत्रता दिवस समारोह की आवश्यक तैयारियों के संबंध में निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री जी के संदेश का सजीव प्रसारण मुख्य समारोह में किया जाएगा। सजीव प्रसारण प्रात: 9.25 बजे से आरंभ होगा। उन्होंने प्रसारण के लिए जिलों में समारोह स्थल में एलईडी व अन्य व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।


**कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, रीवा (म.प्र.)**

निविदा सूचना क.09/2025-26/लेखा/का.यं./लो.स्वा.यॉ./ रीवा, दिनांक 05.08.2025

**निविदा आमंत्रण सूचना**
**( द्वितीय आमंत्रण )**

निम्नलिखित कार्यों हेतु मध्य प्रदेश के राज्यपाल की ओर से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से ऑन लाइन निविदायें **फार्म-'सी'** में निविदा सूचना जारी होने के दिनांक तक किए गए समस्त संशोधनों के आधार पर आमंत्रित की जाती है।

ऑन लाइन निविदा पब्लिशिंग का दिनांक 07.08.2025 डाक्यूमेन्ट डाउन लोड/टेण्डर फार्म कय प्रारम्भ तिथि 07.08.2025, टेण्डर फार्म कय की अंतिम तिथि 19.08.2025, बिड सबमिशन प्रारम्भ का दिनांक 07.08.2025 एवं बिड सबमिशन का अंतिम तिथि 19.08.2025 को सायं 5.30 बजे तक निर्धारित हैं। Manadatory 'A' Open का दिनांक 21.08.2025 को अपरान्ह 11.00 बजे निर्धारित है। बिड ओपनिंग दिनांक 21.08.2025 है।

उक्त निविदा आमंत्रण सूचना विभागीय बेवसाइट (http//www.mptenders.gov.in) पर प्रदर्शित है। निविदाएँ, निर्धारित तिथि दिनांक 21.08.2025 को खोली जायेंगी।

**कार्य का विवरण:**-जिला रीवा के लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड रीवा अन्तर्गत कार्यालयीन उपयोग हेतु लेखन सामग्री, फाइल कवर, पैड, कम्प्यूटर कार्टेज, स्याही एवं अन्य समस्त उपयोग होने वाली सामग्री

| ई-टेण्डर नं. | कार्य का नाम | कार्य की अनु. लागत (रू. लाख में) | प्रतिभूति राशि (रू. में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 2025_PHED_442344_1 | कार्यालयीन उपयोग हेतु लेखन सामग्री, फाइल कवर, पैड, कम्प्यूटर कार्टेज, स्याही एवं अन्य समस्त उपयोग होने वाली सामग्री | 2.05 | 4100.00 | 2000.00 |

निविदा विभागीय वेबसाइट (http//www.mptenders.gov.in) पर प्रदर्शित है।

कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खंड, सेवा ( म.प्र. )

G-16841/25



**Government of Madhya Pradesh**
**Public Health Engineering Department**

**NIT No 03,04,05,06/EE/PHED/2025-26/** **Satna, Dated 09.07.2025**

Online percentage rate bids for the following works are invited from registered contractors and firms of repute fulfilling registration criteria:

**Name of Work -** Revised Work of Existing Piped Water Supply Scheme in Different Villages with 90 days Trial Run Commissioning of Entire Scheme Under Different Blocks of Division Satna (M.P.)

| NIT No. | E-Tender No | Name of Villages/ Block | PAC (in lakh) | EMD (Rupees) | Document Fee (Rupees) | Time Limit |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 03 | 2025_PHED_436217_1 | Village Mauhar Chorwari Bhainswar Naina Kothi and Nimi Vritt 05 Villages Block Sohawal | 219.06 | 220000/- | 15000/- | 6 Months |
| 04 | 2025_PHED_436218_1 | Village Kitaha, Nayagaon and Majhgawan 03 Villages Block Majhgawan | 130.42 | 131000/- | 10000/- | 6 Months |
| 05 | 2025 PHED_436219_1 | Village Kodar,Reechul and Singhpur 03 Villages Blcok Nagod | 256.98 | 257000/- | 15000/- | 6 Months |
| 06 | 2025 PHED_436220_1 | Village Bhajikheda and Pangara 02 Villages Block Nagod | 195.12 | 196000/- | 10000/- | 6 Months |

1. Interested bidders can view the NIT on website http://www.mptenders.gov.in
2. Bid Document Can be Seen and downloaded from the website http://www.mptenders.gov.in Up to 19.08.2025 05:30 PM.
3. The bid can be submitted in electronic format on the website http://www.mptenders.gov.in. The deadline for submission of the bid is up to 19.08.2025 05:30 PM.
4. Amendments to NIT, if any, would be published on websitehttp://www.mptenders.gov.in only, and not in newspapers.

G-16803/25

Executive Engineer
PHE Division Satna
Mobile No-8770013130

सीधी जागरण
दैनिक जागरण रीवा 08 अगस्त 2025 www.dainikjagranmpcg.com
11 राज्य 31 संस्करण
मध्य प्रदेश • उत्तर प्रदेश • दिल्ली • हरियाणा • उत्तराखंड • पंजाब • जम्मू-कश्मीर • बिहार • झारखंड • हिमाचल प्रदेश • पश्चिम बंगाल से प्रकाशित

सूर्य उदय - अस्त
06.44 अस्त : आज
05.32 उदय : कल

शहर का तापमान
31.0° अधिकतम
24.0° न्यूनतम



# त्योहारी सीजन में अपमिश्रित मिठाइयों का कारोबार



जागरण मिलावट

## मुनाफाखोर व्यवसायियों पर नहीं होती कार्यवाई

## कार्रवाई करने में उदासीन बने जिम्मेदार अधिकारी

जागरण, सीधी

जिम्मेदार अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उदासीनता के चलते मिलावटखोरों की बल्ले-बल्ले है। रक्षाबंधन का त्यौहार नजदीक आने के साथ ही अपमिश्रित मिठाइयों को तैयार कर उन्हें बेंचने का कार्य निर्बाध रूप से हो रहा है। हालात यह है कि बड़े होटलों के काउंटरों के साथ ही अब तो सड़कों में ठेलों में भी अपमिश्रित मिठाइयों के बेंचने का काम शुरू हो गया है। त्यौहारों के मौकों पर मिलावट का धंधा किराना व्यवसायियों के साथ ही होटलों में ज्यादा दिखता है। इस समय सभी सामानों की कीमतें भी मनमानी तौर पर बढ़ दी जाती हैं। मुंह मांगी कीमत देने के बाद भी ग्राहकों को शुद्ध सामग्री नहीं मिलती। होटलों पर बिक रही मिठाइयों में मिलावट चरम पर बढ़ जाता है। लेकिन मिलावट की जांच एवं कार्रवाई करने वाले खाद्य विभाग के अधिकारियों को यह नहीं दिख पाता है। खाद्य औषधि एवं प्रशासन के निरीक्षक अवैध वसूली के लिये ही तैनात हैं। जब भी शहर में त्यौहारों के मौकों पर खाद्य विभाग के अधिकारियों ने छापामार कार्रवाई कर मिलावटी मिठाइयों को पकड़ा और सेम्पल भी लेकर गये लेकिन कार्रवाई का असर कभी नहीं दिखा। अब तो लंबे समय से खाद्य विभाग के अधिकारी मौन ही बने हुये हैं। हंसी खुशी का पावन पर्व रक्षा बंधन 9 जुलाई को है। ऐसे में लोगों ने अपने-अपने स्तर पर तैयारियां करते हुये एक दूसरे का मुंह मीठा कराकर रक्षाबंधन की शुभकामनायें देने की पूरी योजना बना ली है, परंतु नगर में मिलावट खोरी के धंधे ने जिस कदर अपने पैर पसारे हुये हैं। उसे देखते हुये इस आशंका को नजर अंदाज नहीं किया जा सकता कि आने वाला त्यौहार लोगों के लिये बीमारियां भी साथ लेकर आयेगा। त्यौहार को देखते हुये इन दिनों दूध, घी, मावा, मिठाइयों आदि की मांग जबरदस्त रूप से देखी जा रही है। जिसको दृष्टिगत रखते हुये मिलावटखोर जमकर सक्रिय नजर आ रहे हैं। नगर की अनेकों दुकानों पर मिलावटी खोवा, मिठाइयां आदि नजर आने लगे हैं जो आगामी दिनों में लोगों के त्यौहार का मजा फीका कर सकते हैं। बावजूद इसके इस मिलावटखोरी के कारोबार पर लगाम लगाने की कोशिश न तो स्थानीय प्रशासन कर रहा है और न ही खाद्य विभाग सक्रिय नजर आ रहा है। जिससे इस कारोबार से जुड़े लोगों के हौसले बुलंदी पर है तथा स्थानीय स्तर के अलावा अन्य नगरों से भी मिलावटी माल बुलाकर मिलावटखोरों द्वारा रक्षाबंधन को देखते हुये स्टाक किया गया है। अब देखना यह है कि खाद्य



### कार्रवाई के नाम पर महज सेम्पलिंग

जिले में मिलावटखोरी पर कार्रवाई के लिये खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग में खाद्य सुरक्षा अधिकारी पदस्थ हैं जिनके द्वारा कार्रवाई के नाम पर कभी कभार सेम्पलिंग की कार्रवाई छोटे कारोबारियों के यहां ही की जाती है। जबकि मिलावटखोरी का सबसे बड़ा गोरखधंधा शहर में ही कई बड़े कारोबारी खुलेआम चला रहे हैं। ऐसे व्यवसाइयों के प्रतिष्ठानों में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा कभी भी जांच करने की जरूरत नहीं समझी जाती। वर्तमान में त्यौहारों का सीजन होने के कारण बाजार में सबसे ज्यादा मांग खोवा, मावा, मिठाइयों एवं किराना सामानों की है। मुनाफाखोर व्यवसायी त्यौहारी सीजन में ज्यादा से ज्यादा कमाई करने के लिये मिलावटी सामानों का बड़ा स्टाक जमा करना शुरू कर देते हैं। उन्हें अच्छे से मालुम है कि उनके प्रतिष्ठान में जिम्मेदार अधिकारी जांच करने नहीं आयेंगे।

### दुकानों से लिए गए सेंपल



खाद्य सुरक्षा अधिकारी दिनेश लोधी द्वारा श्री राजस्थान स्वीट्स के गोदाम से अंजीर बर्फी, बेसन लड्डू, छेना, चमचम, गरी बुरादा और कलाकंद के सेंपल लिए गए। वहीं वसुंधरा स्वीट्स से पेड़ा, कलाकंद, दूध बर्फी और चमचम के सेंपल लेकर जांच हेतु राज्य खाद्य प्रयोगशाला भोपाल भेजा गया है।

“त्यौहारी सीजन को लेकर पूर्व से ही सेंपलिंग एवं जांच की कार्यवाही चल रही है। त्यौहार के पूर्व अधिकांश प्रतिष्ठानों की जांच एवं कार्यवाही का काम जल्द पूरा कर लिया जाएगा। जो भी अपमिश्रित खाद्य सामग्रियों की बिक्री करते हुए पाया जाएगा उसके विरुद्ध सख्त कार्यवाही सुनिश्चित की जावेगी।

**दिनेश लोधी, निरीक्षक खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग सीधी**

विभाग मिलावट की मिठाइयों की बिक्री रोककर संचालकों पर कार्रवाई कर पाता है या नहीं ? चर्चा के दौरान शहरी क्षेत्र के लोगों ने बताया कि ऐसा आभाष होता है कि सीधी जिले में मुनाफाखोर एवं मिलावटखोरी में लिप्त व्यवसायियों के विरुद्ध कार्रवाई करनें के लिए कोई विभाग ही नहीं है। जिनके ऊपर कार्यवाई की जिम्मेदारी है वह खुद को कार्यालय तक सीमित रखे हुए हैं। दुकानों की जांच पड़ताल के लिए यह बाहर निकलने की जरूरत नहीं समझते हैं। जिला मुख्यालय में ही अपमिश्रित खाद्य सामग्रियों की विक्री करने का काम बडे पैमाने पर चल रहा है। किराना से लेकर, होटल एवं डेयरी दुकानों में पूरी तरह से अपमिश्रित एवं मिलावटी सामग्री बिक रही हैं।

# अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट के मालवाहकों से जर्जर हो गई ग्राम नैकिन की सड़क



## एसडीएम को ग्रामीणों ने कार्यवाही के लिए सौंपा ज्ञापन

## जर्जर सड़क की मरम्मत कराने का नहीं किया जा रहा है कार्य

जागरण, सीधी

अल्ट्राटेक सीमेंट फैक्ट्री बघवार के भारी मालवाहकों के बड़े पैमाने पर आवाजाही से प्रधानमंत्री सड़क नैकिन मुख्य मार्ग पूरी तरह जर्जर एवं क्षतिग्रस्त हो चुका है। अल्ट्राटेक सीमेंट फैक्ट्री बघवार प्रबंधन द्वारा प्रधानमंत्री सड़क नैकिन मुख्य मार्ग से भारी मालवाहकों द्वारा रेलवे स्टेशन बघवार तक भारी मात्रा में क्लिंकर का परिवहन किया जाता है, जिस कारण सड़क बहुत ज्यादा क्षतिग्रस्त हो गई है। मार्ग में काफी मात्रा में गड्ढे हो गए है और नदी में सालों पहले बनी ढोला वाली पुल भी जर्जर हो गई है जिस कारण आम नागरिक का सड़क पर गड्ढे, कीचड़ व धूल के कारण पैदल, साइकिल, बाइक एवं चार पहिया वाहनों द्वारा चलना काफी मुश्किल हो गया है। मुख्यमार्ग से जुड़ी हाइस्कूल, हायर सेकेंडरी स्कूल एवं ग्राम पंचायत भवन भी है जिस कारण स्कूली छात्रों एवं राहगीरों के साथ किसी भी दिन कोई अप्रिय घटना हो सकती है। नैकिन के युवा समाजसेवी योगेश निगम एवं अन्य साथियों द्वारा उपखंड अधिकारी चुरहट को भी भारी मालवाहकों के प्रतिबंधात्मक आदेश वावत ज्ञापन सौंपा गया था किन्तु 10 दिवस बीत जाने के बाद भी कोई कार्यवाही नहीं हो सकी जिस कारण ग्रामीण जनों में काफी आक्रोश है। ग्रामीण जनों ने जिला प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराते हुए मांग की है कि अल्ट्राटेक सीमेंट फैक्ट्री बघवार प्रबंधन द्वारा प्रधानमंत्री सड़क नैकिन में भरी मालवाहकों के आने-जाने में प्रतिबंध लगाया जाए एवं क्षतिग्रस्त मार्ग की मरम्मत कराई जाए, वरना ग्रामजनों द्वारा उग्र आंदोलन किया जाएगा।

# शहर/ग्रामीण अंचल की खबरें


## सामूहिक दुष्कर्म के चारों आरोपी गिरफ्तार

**जागरण, सीधी।** चुरहट थाना क्षेत्र के ग्राम बरिगवा के पास जंगल में एक दलित युवती के साथ हुये सामूहिक दुष्कर्म की वारदात में शामिल चारों आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर आज न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया जहां से सभी को जिला जेल भेज दिया गया है। आरोपियों में कृष्ण मुरारी रावत उर्फ शोले कठौतहा, लोले यादव मर्चवार बढ़ौरा, धीरेश विश्वकर्मा चूल्ही और विकास रावत कठौतहा शामिल हैं। मालूम रहे कि पुलिस अधीक्षक डॉ. रवीन्द्र वर्मा के निर्देशन में पुलिस टीमों ने दबिश कार्रवाई में बुधवार शाम को ही तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था जबकि चौथे फरार आरोपी की तलाश में पुलिस टीम को देर गिरफ्तार करने में सफलता मिली। घटना के दौरान पीड़िता अपने प्रेमी के साथ जंगल की ओर घूमने और फोटो खिंचवाने गई थी। तभी घात लगाए बदमाशों ने प्रेमी पर डंडे से वार कर उसे घायल किया और युवती को जबरन जंगल में ले जाकर बारी-बारी से दुष्कर्म किया। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि मैं मंगलवार की सुबह करीब 11:30 बजे अपने दोस्त के साथ बरिगवा गांव की तरफ गई थी, जहां फोटो खिंचवाने के लिए जंगल की तरफ हम दोनों निकल गए। इसके बाद चार लोग घात लगाकर बैठे हुए थे और जैसे ही हम नीचे उतरने लगे, वैसे ही मेरा मुंह दबा लिया। मेरे दोस्त के सिर पर एक डंडा मारा, जिसकी वजह से वह जमीन पर गिर पड़ा। इसके बाद मुझे उठाकर तीन लोग ऊपर जंगल की ऊंचाई तक ले गए और सभी ने मिलकर मेरे साथ दुष्कर्म किया है। मैं रोती रही, गिड़गिड़ाती रही, उनके पैर पड़ती रही, पर किसी ने मुझ पर दया नहीं की। इसके बाद उन्होंने मुझे धमकी दी कि अगर किसी को बताया तो तुम दोनों को जान से खत्म कर देंगे। फिर मेरा और मेरे दोस्त का फोन लेकर सभी भाग गए। इसके बाद मैं जंगल से भागकर नीचे आई और गांव वालों को इसकी सूचना दी। चुरहट थाना में अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध धारा 138, 70 ए, 64(2), 115(2), 351(3) बीएनएस का मामला दर्ज किया गया था।

## प्रशासनिक आदेश की खुलेआम अवहेलना

**जागरण, चुरहट।** जिले के चुरहट तहसील क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कोल्हूडीह में प्रशासनिक आदेश को ही अनदेखा करते हुए मकान निर्माण किए जाने के आरोप लगे हैं। ग्राम कोल्हूडीह के खसरा नंबर 505/1/1, 505/1/2 एवं 505/1/3 की भूमि पर चल रहे विवाद ने गंभीर रूप ले लिया है। इस जमीन को लेकर उपखंड अधिकारी चुरहट द्वारा स्पष्ट रूप से स्थगन आदेश जारी किया गया था, फिर भी दबंगई थमने का नाम नहीं ले रही है। शिकायतकर्ता अभरी पाल ने गंभीर आरोप लगाए हैं कि खसरा नंबर 505/1/1, 505/1/2 एवं 505/1/3 की 1.00 हेक्टेयर भूमि मेरी व मेरे भाई गोपाल की है, भूमि में स्थगन आदेश के बावजूद उनके ही सगे रिश्तेदार प्रह्लाद पाल द्वारा खुलेआम कानून को ठेंगा दिखाते हुए जबरन घर निर्माण किया जा रहा है। विरोध करने पर प्रह्लाद पाल अन्य लोगों के साथ मिलकर मारपीट पर उतारू हो जाता है। शिकायतकर्ता ने मीडिया को स्थगन आदेश की कॉपी दिखाते हुए बताया कि उपखंड अधिकारी द्वारा स्पष्ट निर्देश हैं कि अगला आदेश आने तक किसी भी प्रकार की गतिविधि भूमि पर नहीं की जा सकतीए लेकिन इसके बावजूद निर्माण कार्य पूरा किया जा रहा है। शिकायतकर्ता अभरी पाल ने सुरक्षा की मांग करते हुए कमर्जी थाना पहुंचकर शिकायती आवेदन भी दिया है। वहीं जब इस पूरे मामले पर कमर्जी थाना प्रभारी से प्रतिक्रिया मांगी गई, तो उन्होंने बताया कि श्भूमि संबंधी विवाद उपखंड अधिकारी चुरहट के पास विचाराधीन है और उपखण्ड अधिकारी द्वारा दिनांक 31 जुलाई 2025 को नया स्थगन आदेश लागू किया गया है। स्थगन आदेश का पालन कराने हेतु संबंधित बीट अधिकारी को निर्देशित किया गया है। वहीं शिकायतकर्ता द्वारा शिकायत मिलने पर पुलिस टीम ने घटनास्थल पहुंचकर निर्माण कार्य को तत्काल रुकवाया है और स्थिति को शांत भी कराया है। हालांकि यह सवाल अभी भी बरकरार है कि प्रशासनिक आदेशों के बावजूद निर्माण कार्य पूरा क्यों किया जा रहा, क्या स्थगन आदेश सिर्फ कागजों तक सीमित हैं और अगर पुलिस ने मौके पर जाकर निर्माण रोका, तो वह पहले ही क्यों नहीं रोका गया। शिकायतकर्ता के परिवार ने उच्च अधिकारियों से न्याय की गुहार लगाई है और दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की है। मामला गरमाता जा रहा है और अब देखना यह होगा कि प्रशासन कब तक आंख मूंदे बैठा रहेगा।

## सायकल में सवार होकर कोर्ट पहुंचे मझौली एसडीएम



**जागरण, मझौली।** कमिश्नर रीवा सम्भाग रीवा वीएस जामोद के निर्देश व उद्देश्य के परिपालन व कलेक्टर सीधी स्वरोचिष सोमवंशी के मार्गदर्शन में एसडीएम मझौली आरपी त्रिपाठी सायकल से चलकर कोर्ट पहुंचे जिन्हें देखकर कर्मचारी व लोग दंग रह गए। वहीं एसडीएम के निर्देश व आग्रह पर राजस्व के साथ अन्य विभागों के कई अधिकारी/कर्मचारी भी ईंधन युक्त वाहनों का प्रयोग न कर सायकल व पैदल चलकर दफ्तर पहुंच कमिश्नर के उद्देश्य को आगे बढ़ाने के लिए लोगों को प्रेरित किये। बता दें कि विगडते पर्यावरण सन्तुलन, मानव स्वास्थ्य पर पड रहे बुरे प्रभाव एवं ईंधन के अत्यधिक मात्रा में प्रयोग से अर्थ व्यवस्था के आर्थिक हानि को दृष्टिगत रखते हुए कमिश्नर रीवा द्वारा कार्यालीन पत्र जारी कर जिले, सम्भाग व उपखंड स्तर के अधिकारियों कर्मचारीयों से अपेक्षा जताई थी कि स्वैच्छिक रूप से सप्ताह में एक दिन मंगलवार को ट्यूजडे बाईसिकिल-डे के तहत ईंधन युक्त वाहनों का प्रयोग न कर सायकल, पैदल व अन्य संसाधनों से चलकर दफ्तर व कार्यालय जाए। उक्त के सम्बन्ध में जानकारी देते हुए एसडीएम मझौली ने बताया कमिश्नर साहब की यह एक अच्छी पहल है। अभी यह अभियान अधिकारियों-कर्मचारियों तक सीमित है, इसके साथ आम लोगों तक जाएंगे। जिसका मानव स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण व अर्थ व्यवस्था में सार्थक प्रभाव पड़ेगा। कमिश्नर के इस उद्देश्य व पहल की ना केवल अधिकारी कर्मचारी सराहना कर रहे हैं, बल्कि जानकार आम लोग भी सराहना करते हुए समर्थन कर रहे हैं। एक ओर जहां मझौली क्षेत्र के अन्य बैंकों ने इस अभियान को दरकिनार करते हुए पूर्व की तरह ईंधन युक्त वाहनों का प्रयोग कर बैंक पहुंचे वहीं जिला सहकारी मर्यादित केंद्रीय बैंक शाखा मझौली के प्रबंधक शीलाध्वज मिश्रा अपने घर से सायकल से बैंक पहुंचे तथा यहां के अन्य कर्मचारी भी कोई सायकल से तो कोई पैदल चलकर बैंक पहुंचे एवं अभियान के सफल बनाने लोगों के प्रेरित किये।

# उपयंत्री की सह पर हो रहा है पीडब्ल्यूडी में घटिया कार्य

## सीधी और मझौली दो-दो सेक्टरों के उपयंत्री का कार्य देख रहे हैं मंगलेश्वर द्विवेदी

## शासकीय कमरों का घटिया सामग्री से किया जा रहा है निर्माण कार्य

जागरण, सीधी



जिले में लोक निर्माण विभाग में इन दिनों उपयंत्रियों के द्वारा मनमानी तरीके से काम कर ठेकेदारों को लाभ पहुंचाने का काम किया जा रहा है। राजनीतिक संरक्षण प्राप्त उपयंत्री अपने विभागीय अधिकारियों के दिशानिर्देश को दरकिनार करते हुए कोई संकोच नहीं करते। अपने आपको विभाग का सर्वो सर्वा मानकर चलते हैं। जिसके चलते विभाग को काफी नुकसान हो रहा है। ऐसा ही कुछ मामला सीधी और मझौली के उपयंत्री मंगलेश्वर द्विवेदी का सामने आया है। सीधी मुख्यालय के उपयंत्री को राजनीतिक दबाव के चलते मझौली सेक्सन का प्रभार दे दिया गया है। सीधी मुख्यालय में शासकीय कमरों के बाउंड्रीवाल का कार्य विशेष मरम्मतीकरण मद से किया जा रहा है। जिसमें संविदाकार बालू की जगह डस्ट का उपयोग पिलर एवं जोड़ाई का काम कर रहा है। मीडिया के द्वारा इस बात की जानकारी उपयंत्री को दिए जाने के बाद भी उनके द्वारा संविदाकार को सही कार्य करने के निर्देश देने की बजाय संविदाकार का स्वयं संरक्षण किया जा रहा है। इतना ही नहीं उनकी देख-रेख में बनी मझौली सेक्सन की सड़कों की हालत बरसात में दयनीय हो गई है। हालांकि उक्त सड़कों की मरम्मत करने का कार्य संविदाकारों का है किंतु उपयंत्री संविदाकारों से सड़कों की मरम्मत कराने की बजाय उनका पूरा संरक्षण कर रहे हैं। जिसका उदाहरण सीधी-टिकरी सड़क मार्ग में देखने को मिल रहा है। बरसात के बाद सड़कों की डामर उखड़ गई है। सड़क में गड्ढे ही गड्ढे दिखाई दे रहे हैं। कहीं-कहीं तो आधी सड़क ही पानी के अभाव में बह गई है। उक्त सड़क पीजी सड़क होने के बावजूद भी उसका मरम्मतीकरण नहीं कराया जा रहा है। इतना ही नहीं उक्त सड़क के कार्य में 30 एमएम मोटाई का बीसी का कार्य किया जाना था। किंतु तकनीकी प्राक्कलन के अनुसार उक्त सड़क का कार्य नहीं कराया गया। ठेकेदार व संविदाकार के आपसी तालमेल के कारण शासन को लाखों रुपए का नुकसान उठाना पड़ा।

## दुष्कर्म मामले में शिवसेना ने मुख्यमंत्री के नाम सौंपा पत्र

**जागरण, सीधी।** चुरहट थाना अंतर्गत बरिगवा के जंगल में दलित युवती के साथ हुए सामूहिक दुष्कर्म के मामले ने पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया है। इस जघन्य अपराध के खिलाफ शिवसेना की जिला इकाई ने शुक्रवार को विरोध दर्ज करते हुए मुख्यमंत्री के नाम चार सूत्रीय ज्ञापन सौंपा और आरोपियों पर सख्त से सख्त कार्यवाही की मांग की। शिवसेना प्रदेश उपाध्यक्ष विवेक पाण्डेय ने घटना पर गहरा आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा दलित युवती के साथ सामूहिक दुष्कर्म जैसी अमानवीय और घृणित घटना ने मानवता को शर्मसार किया है। यह केवल कानून व्यवस्था पर सवाल नहीं खड़ा करता, बल्कि समाज की आत्मा को भी झकझोरता है। दोषियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाना चाहिए। ज्ञापन में प्रमुख रूप से चार मांगें उठाई गई जिनमें दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी मामले में संलिप्त सभी आरोपियों को अविलंब गिरफ्तार कर, त्वरित न्याय की प्रक्रिया प्रारंभ की जाए।

## बलात्कार पीड़ित दलित युवती को न्याय दिलाने कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन



**जागरण, सीधी।** जिले के चुरहट थाना अंतर्गत दलित युवती से गैंगरेप का मामला सामने आया है। युवती अपने मंगेतर के साथ बढ़ौरा मंदिर में दर्शन करने गई थी। जहां से लौटते समय चार बदमाशों ने युवक और युवती पर हमला कर दिया और उन्हें बंधक बनाकर युवती से गैंगरेप किया। एक आरोपी फरार है, पीड़ित युवती को न्याय दिलाने जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ज्ञान सिंह के नेतृत्व में कांग्रेसजनों ने महामहिम राज्यपाल के नाम का ज्ञापन पुलिस अधीक्षक सीधी को सौंपा एवं मामले पर फास्ट ट्रैक कोर्ट में मामला चलाकर कठोरता से कार्यवाही करने की मांग की है। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ज्ञान सिंह ने जिले की कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े करते हुए कहा कि मध्य प्रदेश में भाजपा के राज्य में बेटियां सुरक्षित नहीं है प्रतिदिन सैकड़ो बलात्कार के मामले सामने आ रहे हैं जो कानून व्यवस्था पर बड़ा प्रश्न चिन्ह खड़ा करते हैं। एक तरफ भाजपा के नेता बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का नारा देते हैं। दूसरी तरफ उन्हीं बेटियों की सुरक्षा करने में भाजपा की सरकार नाकाम साबित हो रही है जिले में दलित युवती के साथ गैंगरेप की घटना ने पूरे जिले को शर्मसार कर दिया है कानून व्यवस्था पूरी तरह से बेपटरी हो चुकी है। अपराधियों में पुलिस का खौफ समाप्त हो चुका है। जिले में घटित यह घटना मानवता को तार तार करने वाली है। कांग्रेस पार्टी उक्त घटना पर जल्द से जल्द जांच पूरी कर दोषियों के खिलाफ कठोरतम कार्यवाही की मांग करती है। ज्ञापन सौंपने के दौरान सहकारी बैंक के पूर्व अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह भदौरिया, पूर्व महामंत्री सुरेश प्रताप सिंह, प्रदेश महिला महामंत्री कुमुदिनी सिंह, महामंत्रीगण भूपेंद्र सिंह, जय सिंह, अशोक कोरी, प्रवक्ता पंकज सिंह, महिला कांग्रेस अध्यक्ष कमलेश सिंह, पिछड़ा वर्ग अध्यक्ष राजबहोर जायसवाल, कार्यकारी अध्यक्ष महिला कांग्रेस शशिकला द्विवेदी सहित भारी संख्या में कांग्रेसी मौजूद रहे।

## ग्राम पंचायत दादर में रीकेवायसी हेतु शिविर का आयोजन



**जागरण, मझौली।** भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जारी दिशा निर्देशों के अनुसारए सभी पात्र जमा बैंक खाते सामान्य जमा खाते, चालू खाते एवं प्रधानमंत्री जनधन खाते जिनको खाता खोले हुए 10 वर्ष या उससे अधिक हो गए है में नियामक अनुपालन एवं ग्राहक सम्बन्धी जानकारी की सटीकता बनाए रखने हेतु रीकेवायसी अनिवार्यतः करवाने के लिए पंचायत स्तर पर बैंकों द्वारा शिविरों के आयोजन किए जा रहे है। इसी क्रम में मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक की शाखा खड़ौरा द्वारा ग्राम पंचायत भवन दादर में रीकेवायसी का शिविर आयोजित किया गया। रीकेवायसी अभियान को दृष्टिगत मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक के प्रधान कार्यालय इंदौर से महाप्रबंधक सतर्कता अनूप सक्सेना, क्षेत्रीय कार्यालय सीधी से क्षेत्रीय प्रबंधक आशीष पाण्डेय, अधिकारीगण कुमार निशांत एवं अभिषेक यादव,शाखा प्रबंधक खड़ौरा संकेत पराते उपस्थित हुए। महाप्रबंधक द्वारा ग्राम पंचायत दादर में उपस्थित ग्राहकों को रीकेवायसी से संबंधित प्रेरक एवं महत्वपूर्ण जानकारी साझा की गई। उक्त कैंप में शाखा के कियोस्क संचालकों द्वारा उपस्थित हुए समस्त ग्राहकों के रीकेवायसी फॉर्म भरवाकर रीकेवायसी करवाया गया। उक्त कैंप में उपसरपंच रोहित मिश्रा, सचिव चिंतामणि पनिका, ग्रारोस. प्रदीप सिंह तथा अन्य पंचायत कर्मी, शाखा खड़ौरा से रुक्मकेश दाहिया, आजीविका मिशन सीआरपीएफ राजकिशोर एवं लक्ष्मण, बैंक सखी गुजरतिया व राजकली तथा शाखा खड़ौरा के कियोस्क संचालक धीरेश, अजय, रामनरेश, रवि आदि मौजूद रहे। उक्त कार्यक्रम पश्चात ग्राम पंचायत भवन के प्रांगण में बैंक के महाप्रबंधक सक्सेना द्वारा वृक्षारोपण भी किया गया।

# पत्रकार से मिलने बंसल हॉस्पिटल पहुंचे अजय सिंह

## राहुल भैया की जनसेवा की चर्चा पूरे जिले में

## मीडियाकर्मियों ने अजय सिंह के प्रति जताया आभार

जागरण, सीधी




जिले में जन सेवा व दीन-दुखियों के सहयोग के मिशाल माने जाने वाले पूर्व नेता प्रतिपक्ष एवं चुरहट विधानसभा के विधायक अजय सिंह राहुल भैया बंसल हॉस्पिटल में भर्ती जिले के ग्राम रैदुअरिया निवासी पत्रकार रामबिहारी पाण्डेय से मिलने बंसल हॉस्पिटल पहुंचकर मुलाकात की और उनकी बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराने के डॉक्टरों व बंसल हॉस्पिटल के संचालक से चर्चा की। चुरहट विधायक अजय सिंह राहुल भैया के बंसल हास्पिटल पहुंच कर पत्रकार रामबिहारी पाण्डेय से मिले और स्वास्थ्य सुविधाओं पर चर्चा किये। जिले के पत्रकार रामबिहारी पाण्डेय का विगत दिनों अचानक स्वास्थ्य खराब हो गया था और उनकी स्थिति काफी गंभीर हो गई थी। सीधी विधायक श्रीमती रीती पाठक ने पत्रकार पाण्डेय जी की मदद करते हुये एयर लिफ्ट भोपाल कराकर बंसल हास्पिटल में भर्ती कराकर उपचार कराया गया। जिसके कारण उनकी हालत में काफी सुधार हुआ है। इस बात की जानकारी चुरहट विधायक अजय सिंह राहुल भैया को हुई तो वह रीवा से लेकर भोपाल तक रामबिहारी पाण्डेय की पुत्री से निरंतर सम्पर्क में रह कर अपने स्तर से पूरी मदद करते रहे और उपचार कर रहे डाक्टरों से चर्चा करते रहें। बताया गया है कि अजय सिंह बुधवार को स्वयं बंसल हास्पिटल पहुंच कर रामबिहारी पाण्डेय से मिले और स्वास्थ्य सुविधाओं के संबंध में जानकारी लेकर उनके जल्द स्वस्थ होने की ईश्वर से कामना की और राहुल भैया को जब इस बात की जानकारी हुई कि बंसल हास्पिटल के डाक्टरों ने बुधवार को छुट्टी देने की बात कह रहे हैं और 10 दिन बाद आपरेशन करेंगे तो अजय सिंह राहुल भैया ने स्वयं के स्तर से आपरेशन होने तक रामबिहारी पाण्डेय को ठहरने की व्यवस्था कराई और हर संभव मदद करने की बात कही। बता दें कि चुरहट विधायक सीधी के दर्जनों पत्रकारों का मुफ्त में इलाज करा चुके हैं और अभी भी करा रहे हैं। उनकी इस उदारता के लिए रीवा संभाग और सीधी जिले के समस्त पत्रकारों ने बहुत-बहुत आभार किया है और उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त किये है। भगवान उन्हें ऐसा ही सामर्थ्यवान बनाये रखे और वह इसी तरह दीन दुखियों को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराते रहें। हम सब पत्रकार अपने साथी रामबिहारी पाण्डेय के शीध्र स्वास्थ्य होने की ईश्वर से प्रार्थना करते हैं।

### श्रमजीवी पत्रकार संघ ने जताया आभार

मध्य प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ के जिला अध्यक्ष हरीश मिश्रा एवं महासचिव शरद गौतम ने अजय सिंह राहुल भैया विधायक चुरहट के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होने हमेंशा सीधी के पत्रकारों का समय-समय पर पूरा सहयोग किया है एवं जो पत्रकार उनसे स्वास्थ्य सुविधाओं की मदद मांगी है या उन्हें स्वयं जानकारी हो गई है तो अजय सिंह राहुल भैया के द्वारा हमेंशा पत्रकारों का उपचार मुफ्त में करवाने का प्रयास किया गया है। हरीश मिश्रा ने कहा कि जिस तरीके से अजय सिंह राहुल भैया जिले के पत्रकार रामबिहारी पाण्डेय की मदद की है उससे हम सब जिले के पत्रकार और हमारा संगठन उनका तहेदिल से आभार व्यक्त करता है और आशा करता है कि वह इसी तरह पत्रकारों की मदद करते रहेंगे।

## दो बेटों को खोने के बाद भटक रहा पिता



**जागरण, सीधी।** सिटी कोतवाली अंतर्गत मझरेटी गांव में रेलवे का निर्माण कार्य जारी है। सीधी-सिंगरौली रेल लाइन निर्माण में बनाए जा रहे हैं, ब्रिज के गड्ढे में डूबने से दो बच्चों की मौत हो गई थी अपने दो बेटों को खोने के बाद अब पिता भटक रहा है। मंगलवार को जनसुनवाई में पहुंचकर अपर कलेक्टर से मुलाकात करने के बाद अखिलेश गुप्ता ने कहा कि हमारे दो ही बेटे थे और रेलवे ठेकेदार के लापरवाही से पानी में दोनों डूब गए जिससे उनकी मौत हो गई है। अब कोई सहारा नहीं है। ऐसे में रेलवे ठेकेदार के विरुद्ध ना तो कोई कार्यवाही हुई है और ना ही उसके द्वारा कोई मुआवजा राशि दी गई है, यहां तक की आज तक हमारे घर संविदाकार मिलने तक नहीं आया है। सदमे से कुछ हद तक बाहर निकलने के बाद अखिलेश गुप्ता निवासी कुचवाही ने बताया है कि मेरा जीवन भी एक तरह से समाप्त हो गया है लेकिन रेलवे में कार्य कर रहे ठेकेदार को इसका जरा सा भी फर्क नहीं है। अखिलेश गुप्ता ने कहा कि शासन-प्रशासन द्वारा हमको जो सहायता दी गई है वहां पर्याप्त नहीं है। रेलवे संविदाकार की मनमानी पर प्रशासन रोक लगाए।

संस्थापक ▸ गुरुदेव गुप्त

## संपादकीय

# पहाड़ और कथित विकास के बीच संतुलन जरूरी

**उत्तराखंड के उत्तरकाशी में आई आपदा प्रकृति की एक और गंभीर चेतावनी है। यह बताती है कि पर्यावरण और विकास के बीच संतुलन साधने की कितनी जरूरत है। पहाड़ी राज्यों को लेकर ऐसी नीति चाहिए, जिससे पहाड़ और इंसानों के बीच संतुलन बना रहे।**

उत्तरकाशी के धराली गांव में खीरगंगा नदी के ऊपरी क्षेत्र में बादल फटा और फ्लैश फ्लड ने रास्ते में आने वाली हर चीज को अपनी चपेट में ले लिया। प्रभावित इलाके से आ रहे वीडियो दिल दहलाने वाले हैं। अभी चारधाम यात्रा सीजन चल रहा है और यह गांव गंगोत्री वाले रास्ते पर पड़ता है। श्रद्धालुओं के रुकने का यह एक अहम पड़ाव है। ऐसे में जानमाल की बड़े पैमाने पर हानि की आशंका है। हाल के बरसों में उत्तराखंड इस तरह की प्राकृतिक आपदाओं के केंद्र में रहा है। 2021 में चमोली जनपद में, नंदा देवी राष्ट्रीय उद्यान के पास एक ग्लेशियर टूटकर गिर गया था। इसकी वजह से धौलीगंगा नदी में अचानक बाढ़ आ गई। इसी तरह, 2023 में जोशीमठ में भूस्खलन ने एक बड़ी आबादी को विस्थापित कर दिया। साल 2013 में केदार घाटी में मची भयानक तबाही से लेकर अभी तक, छोटी-बड़ी ऐसी कई प्राकृतिक आपदाएं आ चुकी हैं। सवाल यहां आकर रुकता है कि पहाड़ों से छेड़छाड़ कब रुकेगी? आरोप है कि उत्तराखंड में चल रहे बेशुमार पावर प्रॉजेक्ट्स ने पहाड़ों को खोखला कर दिया है। इसमें बढ़ती आबादी, लाखों पर्यटकों का बोझ, अनियंत्रित निर्माण और घटती हरियाली को जोड़ दीजिए तो स्थिति विस्फोटक बन जाती है। बादल फटना प्राकृतिक घटना है, जिस पर इंसानों का जोर नहीं। लेकिन, यह भी तथ्य है कि पानी निकलने के रास्तों, नालों-गदेरों के मुहानों पर कंक्रीट के बड़े-बड़े स्ट्रक्चर खड़े हो चुके हैं। तमाम जगहों पर, जिन रास्तों से पानी को बहना था, वहां इंसान बस चुका है। यह जानबूझकर आफत बुलाने जैसा है। यह संकट इसलिए भी बढ़ जाता है क्योंकि हमने पहाड़ों को विलासिता का केंद्र बना दिया है। तीर्थाटन अब पर्यटन जैसा हो गया है। पर्यटकों के वाहनों से छोटी सड़कें और पुल दबाव में हैं।

नीति-नियंताओं ने पहाड़ों में सड़कों को फोर लेन-सिक्स लेन बनाने का जो उपक्रम किया है, उससे पहाड़ों का नैसर्गिक वातावरण खतरे में है। साल 1976 में, गढ़वाल के तत्कालीन कमिश्नर एमसी मिश्रा की अध्यक्षता में गठित कमेटी ने जोशीमठ को बचाने के लिए फौरन कुछ कदम उठाने की सिफारिश की थी- इनमें संवेदनशील जोन में नए निर्माण पर रोक और हरियाली बढ़ाना प्रमुख था। 49 साल बाद आज वह रिपोर्ट पूरे पहाड़ के लिए प्रासंगिक हो चुकी है।

कुल मिलाकर निश्चित रूप से तेज बारिश या अन्य प्राकृतिक आपदाएं इंसानी नियंत्रण से बाहर होते हैं। लेकिन इसके बावजूद पहाड़ी इलाकों में विकास के मॉडल पर नये सिरे से विचार करने की जरूरत है। पहाड़ अध्यात्म के केंद्र भी रहे हैं, उन्हें पर्यटकों की विलासिता का केंद्र नहीं बनाया जाना चाहिए। हमें अपेक्षाकृत नये हिमालयी पहाड़ों व उसके परिस्थितिकीय तंत्र के प्रति संवेदनशील व्यवहार करना चाहिए।

## प्रसंगवश

# समझौते से पहले भारत पर दबाव बनाने की कोशिश

**भारत के विदेश मंत्रालय ने ट्रंप की धमकी पर प्रतिक्रिया में कहा है कि भारत सरकार अपनी जनता को किफायती दरों पर ईंधन देने के लिए रूस से तेल खरीदती है, जबकि कई यूरोपीय देश भी रूस के साथ व्यापार कर रहे हैं।**

भारत ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की नयी धमकी पर तीखी प्रतिकिया जताते हुए अमेरिका को जिस तरह आईना दिखाया है, उससे यह स्पष्ट है कि भारत अमेरिका के दबाव में नहीं आने वाला है. दरअसल व्यापार समझौते पर भारत के अडिग रवैये को देखते हुए ट्रंप ने भारतीय आयात पर शुल्क दरों में और वृद्धि करने की धमकी दी है। हालांकि टैरिफ में और वृद्धि करने के बारे में ट्रंप ने स्पष्ट रूप से कुछ नहीं कहा है, लेकिन यह साफ है कि उनकी ताजा धमकी व्यापार समझौते से पहले भारत पर दबाव बनाने की एक और सुनियोजित कोशिश है। भारत के विदेश मंत्रालय ने अपनी प्रतिक्रिया में ट्रंप की इस धमकी को अकारण और अन्यायपूर्ण तो बताया ही है, उसने यह भी कहा है कि भारत सरकार अपनी जनता को किफायती दरों पर ईंधन देने के लिए रूस से तेल खरीदती है, जबकि कई यूरोपीय देश तो रूस के साथ व्यापार कर रहे हैं। भारत सरकार ने ट्रंप को याद दिलाया कि यूक्रेन युद्ध के समय से भारत को कच्चे तेल के लिए रूस पर निर्भर होना पड़ा है, क्योंकि तेल आपूर्ति करने वाले पारंपरिक देशों से कच्चा तेल तब यूरोप जा रहा था। और अमेरिका ने ही तब वैश्विक स्तर पर तेल की कीमत को निचले स्तर पर बनाये रखने के लिए रूस से तेल खरीदने के लिए प्रोत्साहित किया था। भारत ने ट्रंप को यह भी याद दिलाया है कि अमेरिका अब भी रूस से यूरेनियम तथा इलेक्ट्रिक वाहन उद्योग के लिए पैलेडियम खरीद रहा है। जहां तक यूरोपीय संघ की बात है, तो 2024 में रूस के साथ उसके दोतरफा व्यापार का जो आंकड़ा रहा, वह उस साल भारत और रूस के बीच हुए व्यापार के आंकड़ों से अधिक है। इतना ही नहीं, रूस और यूरोपीय संघ के बीच कच्चे तेल के अतिरिक्त उर्वरक, रसायन, लोहा, इस्पात आदि का भी कारोबार होता है। ऐसे में सिर्फ भारत को निशाना बनाने का कोई औचित्य नहीं है। अन्य देशों की तरह भारत भी अपने हितों और राष्ट्रीय सुरक्षा के हिसाब से कदम उठायेगा। तथ्य यह है कि भारत की तुलना में चीन रूस से कच्चे तेल की ज्यादा खरीद करता है, लेकिन ट्रंप चीन को निशाना नहीं बना रहे, इससे भी स्पष्ट है कि ट्रंप भारत पर दबाव बनाने की कोशिश में लगे हैं। लेकिन सरकार की तीखी प्रतिक्रिया से यह साफ है कि अब वह कूटनीतिक लिहाज नहीं करने जा रही और न ही अमेरिका-यूरोप के दबाव बनाने की कोशिशों पर खामोश रहने वाली है।



# कृष्ण ज्ञान... (भाग-2)



परमब्रह्म परमात्मा की कड़ी तपस्या और श्रम से यह पृथ्वी और उसमें ***''सत्यम् शिवम् सुन्दरम्''*** की अवधारणा को धारण करने वाला मानव पैदा हुआ... तब कहीं जाकर नर-नारियों... स्त्री-पुरुषों के जन्म-मृत्यु से यह दुनिया चलनी आरम्भ हुई...

तप ही जीवन है... तप अनमोल है... तप ही सृष्टि का मूल आधार है...

**अग-जग को जीवन देने,**
**तपता है निश-दिन रोज दिवाकर,**
**सागर का उत्ताप, मेघ बनकर,**
**जल बरसाता है वसुधा पर।**

'कृष्ण' के ज्ञान में... उनकी चैतन्यवाणी में... तप ही भोग का आधार है... तप करो... भोग करो... किन्तु तप और भोग की कामना मत करो... यही कृष्ण का जीवन मार्ग है... ***कर्म किये जा... फल की चिन्ता मत कर तू इंसान... जैसे कर्म करेगा... वैसा ही फल देगा भगवान...***

परिणाम 'कृष्ण' पर छोड़ दो... यही सबसे बड़ा तप है... कृष्ण योगेश्वर हैं... वह कहते हैं... काम करो... भोग भी करो... लेकिन एक सेतु... एक पुल अपनी चेतना के भीतर ऐसा बनाकर रखो जिससे तुम भोग से... काम से... वापस लौट सको... उस सब भोग और काम की... तुम्हारे लिए रचना करने वाले... उस सर्वरचयिता... सर्वात्मा... सर्वेश्वर... परमब्रह्म की निराकार सत्ता में... मेरी अंतर दृष्टि में... मन की गति को बदल देना ही सब से बड़ा तप है...

**तप कर ही वसुन्धरा देती**
**अखिल विश्व को अन्न पेट भर,**
**आभूषण को गौरव देने की खातिर,**
**कुन्दन बनता, स्वर्ण तप कर।**

मन के घोड़े बेलगाम दौड़ते हैं... मन वस्तुओं की चाहत में दीवाना होता चला जाता है... मन एक के बाद दूसरी फरमाइश करता ही जाता है... अतृप्त रहना मनुष्य के मन का स्वभाव है...

'कृष्ण' मन को कामनारत होने से... मन को कामुक होने से... रोकने की राह बतलाते हैं...

शरीर को भोग भोगने के ही लिए परमात्मा ने बनाया है... यदि शरीर में काम उत्पन्न नहीं होगा... यदि संसारिक भोगों को शरीर नहीं भोगेगा... तब तो ईश्वर ने जो भोग के विधान रचे हैं... वह सब व्यर्थ हो जायेंगे... पुण्य और पाप दोनों ही भोगों से उपजते हैं... यदि भोग न करोगे तो कहाँ से मिलेंगे पुण्य और पाप...? विधाता ने जो भिन्न-भिन्न प्रकार के पदार्थ रचे हैं फिर उनका भोग कौन करेगा...?

काम से यदि सभी विमुख हो जायेंगे तब तो... ईश्वर की इतनी महान तपस्या से बनाई हुई... इस सृष्टि का जीवन क्रम ही नष्ट हो जायेगा...


विचार चक्र...
मदन मोहन गुप्त
आध्यात्मिक चिंतक
प्रतिवादी क्र.-20 श्रीराम जन्मभूमि प्रकरण उच्चतम न्यायालय भारत

यह सत्य है कि... हर क्रिया की प्रतिक्रिया होती है... जब तक आप शाँत होना चाहेंगे... तब तक आप शाँत नहीं हो पायेंगे... आपका चित्त बराबर आपको ठेलेगा... अरेऽऽ तुम्हें तो शाँत होना है... शाँत होना है तुम्हें... और... शाँति को तलाशता आपका चित्त... आपका मन अशांत हो उठेगा... इसी प्रकार जब-जब कोई सुखी होने की कामना करेगा... तब-तब दुःख उसके भाग्य में लिखा ही रहेगा... जब तक मोक्ष के लिए कोई योगी-सन्यासी हठ करेगा... तब तक वह इस जगत की परिक्रमा लगाता ही रहेगा... उसे मृत्यु के बाद पुनर्जन्म लेना ही लेना पड़ेगा...

जब-जब भोग के साथ... काम के साथ... कामना रूपी रसायन मिलता रहेगा... तब-तब वह कामना का रस हर क्रिया की उल्टी प्रतिक्रिया करता ही जायेगा...

कृष्ण सिखलाते हैं... कर्म करते हुए भी अकर्मा हो जाना... भोग करते हुए भी भोग से वापस लौट आना... श्री कृष्ण का जीवन दर्शन है कि... काम और भोग शरीर करता है... तो करता रहे... किन्तु... मन को कामना मत करने दो... जीवन में जो सामने आये उसे स्वीकार करते चले जाओ... और... कर्मों का जो भी फल मिले उसे स्वीकार करो... जो भी तुम्हें प्राप्त हो... जो भी कर्म तुम करो उसे ''कृष्णार्पण'' करते जाओ... किन्तु मन को स्वीकार और अस्वीकार की स्थिति में मत आने दो... मन में भोग और काम की भावना न जागे... मन हमेशा तपस्वी रहे... शरीर के तप का उतना महत्व नहीं... मन को तपा कर ही तप होता है...

**तपे तपस्वी, योगी, प्रेमी,**
**तप से धरा आज तक पावन,**
**विश्व सुखी हो जाये तपकर**
**जब निर्वैर-भरा हो जीवन।**

यही है 'कृष्ण' ज्ञान... यही है कीचड़ में रहते हुए... कीचड़ से ऊपर उठकर... कमल सा जीवन को खिला देने का ज्ञान... यही है कमल की सुगन्धि का रसपान करते हुए... ज़माने में सुरभि बिखराने का 'कृष्ण ज्ञान'... तन अनुरागी होता है तो हो जाये... कोई बात नहीं... मन सदा बैरागी रहे... यही है... जीवन में कर्म करते हुए मुक्त हो जाने का ज्ञान... 'कृष्ण ज्ञान'...

**तन अनुरागी, मन बैरागी,**
**बड़ी कठिन दुश्वारी है।**
**जीवन जीना सहज न समझो,**
**बहुत बड़ी फनकारी है।**

(श्री मदनमोहन के लेखों, पुस्तकों, कविताओं की बेवसाइट)
https://adhyatmsanatandharma.com

# बैटरी उद्योग के जोखिमों को कम करने का समाधान-रीसायक्लिंग

## स्वच्छ ऊर्जा उत्पादन

**रजत वर्मा**



**विश्वस्तरीय आपूर्ति श्रृंखला को भू-राजनैतिक तनाव एवं कारोबार में उथल-पुथल के चलते मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है, ऐसे में हमें अपने देश में ही बैटरी रीसायक्लिंग के लिए मजबूत इन्फ्रास्ट्रक्चर विकसित करना होगा। जोखिमों को कम करने के लिए भारत जैसे देशों को स्थानीय समाधान विकसित करने होंगे ताकि कच्चे माल के लिए आयात पर निर्भरता कम की जा सके। इससे भारत अपने बैटरी उद्योग को कीमतों के उतार-चढ़ाव से सुरक्षित रख सकता है।**

भारत तेजी से इलेक्ट्रिक वाहनों एवं स्वच्छ उर्जा को अपना रहा है, जिसके चलते लिथियम-आयन बैटरियों की मांग में काफी बढ़ोतरी हुई है। हालांकि इस बीच एक बड़ा मुद्दा उभरा हैः बैटरी उत्पादन के लिए आयात की गई महत्वपूर्ण सामग्री पर देश की बढ़ती निर्भरता। विश्वस्तरीय आपूर्ति श्रृंखला को भू-राजनैतिक तनाव एवं कारोबार में उथल-पुथल के चलते मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है, ऐसे में हमें अपने देश में ही बैटरी रीसायक्लिंग के लिए मजबूत इन्फ्रास्ट्रक्चर विकसित करना होगा। इससे न सिर्फ भारत की आपूर्ति श्रृंखला सुरक्षित होगी बल्कि तेजी से विकसित होते विश्वस्तरीय उद्योग में आत्मनिर्भरता भी बढ़ेगी।

कारोबार में तनाव एवं निर्यात पर नियन्त्रण के चलते दुनिया भर में बैटरी मटीरियल का मार्केट प्रभावित हुआ है। मौजूदा भू-राजनैतिक परिस्थितियां जैसे चीन का ईवी टैरिफ एवं निर्यात पर प्रतिबंधों के कारण विभिन्न देश अपनी आपूर्ति श्रृंखला का पुनःमूल्यांकन कर रहे हैं। वर्तमान में इस बाजार पर चीन का प्रभुत्व है, जो महत्वपूर्ण बैटरी सामग्री के 78 फीसदी हिस्से का नियन्त्रण करता है। चीन पर इतनी अधिक निर्भरता दुनिया भर में इलेक्ट्रिक वाहनों के उत्पादन, उर्जा संग्रहण प्रणाली एवं आधुनिक निर्माण पर गंभीर प्रभाव उत्पन्न कर सकती है। इन जोखिमों को कम करने के लिए भारत जैसे देशों को स्थानीय समाधान विकसित करने होंगे ताकि कच्चे माल के लिए आयात पर निर्भरता कम की जा सके। ऐसा करके भारत अपने बैटरी उद्योग को बाहरी झटकों एवं कीमतों के उतार-चढ़ाव से सुरक्षित रख सकता है। यह बेहद जरूरी है क्योंकि आने वाले समय में ईवी बैटरियों एवं नवीकरणीय उर्जा के विकास के कारण लिथियम, कोबाल्ट एवं निकल की मांग बढ़ने का अनुमान है।

**स्थानीय रीसायक्लिंग की आवश्यकता**

भारत ने स्वच्छ उर्जा भविष्य के लिए महत्वाकांक्षी लक्ष्य तय किए हैं, 2030 तक 100 मिलियन इलेक्ट्रिक वाहन बेचने की योजना है। इतने महत्वाकांक्षी लक्ष्यों के बावजूद देश को बैटरी निर्माण के लिए लिथियम, कोबाल्ट और निकल का आयात भारी मात्रा में करना पड़ता है। इसी के मद्देनजर बैटरी अपशिष्ट प्रबन्धन नियमों में एक्सटेंडेड प्रोड्युसर रिस्पॉन्सिबिलिटी (ईपीआर) को शामिल कर भारत ने स्थायित्व की दिशा में उल्लेखनीय कदम बढ़ाया है।

**रीसायक्लिंग है सामरिक समाधान** : अपने देश में ही रीसायक्लिंग सिस्टम बनाने से भारत को कई फायदे होंगे। स्थानीय स्तर पर बैटरी-ग्रेड मटीरियल उपलब्ध होने से भारत दुनिया भर के मार्केट में होने वाले उतार-चढ़ाव एवं कारोबार की बाधाओं से सुरक्षित रहेगा। इससे भारत के ईवी सेक्टर के विकास के लिए महत्वपूर्ण सामग्री की सुरक्षित एवं सतत आपूर्ति को सुनिश्चित किया जा सकेगा। स्थानीय स्तर पर रीसायक्लिंग के द्वारा आपूर्ति श्रृंखला को अनुकूलित करने से आयात पर निर्भरता कम होगी। इससे देश को आर्थिक मजबूती मिलेगी। इसके अलावा विश्वस्तरीय निवेशक भी निवेश के स्थायी एवं प्रत्यास्थ अवसरों की ओर आकर्षित होते हैं, ऐसे में रीसायक्लिंग उद्योग को मजबूत बनाने से देश में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश बढ़ेगा।

**घरेलू क्षमता को बढ़ाना** : एक अनुमान के अनुसार दुनिया भर में लिथियम-आयन बैटरी रीसायक्लिंग का मार्केट 21 फीसदी सीएजीआर की दर से बढ़कर 2030 तक 24 बिलियन डॉलर के आंकड़े तक पहुंच जाएगा। भारत स्थानीय रीसायक्लिंग को बढ़ावा देकर इसमें बड़ी हिस्सेदारी हासिल कर सकता है। दूसरी बात, इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) परिवहन में क्रांति ला रहे हैं और एक स्वच्छ एवं अधिक टिकाऊ दुनिया का मार्ग प्रशस्त कर रहे हैं। किसी भी ईवी का सबसे बड़ा पहलू उसकी बैटरी होती है। जेएमके रिसर्च के अनुसार, 2024 तक देश में 56 लाख से ज़्यादा इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) होंगे। भारत में इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री इस साल एक ऐतिहासिक उपलब्धि पर पहुँच गई है, जो पहली बार 20 लाख के आंकड़े को पार कर गई है। नतीजतन, भारत के समग्र वाहन बाजार में ईवी की पैठ पिछले साल के 6.8फीसदी से बढ़कर लगभग 8फीसदी हो गई है। हालाँकि, इस बात पर गहराई से विचार करना ज़रूरी है कि जब ये बैटरियाँ अपने शुरुआती जीवनचक्र के अंत तक पहुँचती हैं, तो क्या होता है? इसका उत्तर बैटरी रीसाइक्लिंग में निहित है, जो एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है जो न केवल अपशिष्ट को कम करने में मदद करती है, बल्कि संसाधनों का संरक्षण भी करती है और स्वच्छ गतिशीलता की नींव को मज़बूत करती है।

**कुछ जरूरी कदम**

-भारत सरकार को मौजूदा विनियमों जैसे बैटरी अपशिष्ट प्रबन्धन नियम, को मजबूत बनाना होगा। बड़े पैमाने पर अनौपचारिक रीसायक्लिंग सेक्टर को औपचारिक बनाने की आवश्यकता है। अधिक विनियमित प्रणाली न सिर्फ रिकवरी रेट में सुधार लाएगी बल्कि दीर्घकालिक निवेश को भी आकर्षित करेगी।

- रीसायक्लिंग को अन्य उद्योगों जैसे मैनुफैक्चरिंग, या ऊर्जा के समकक्ष माना जाना चाहिए। ऐसा करने से भारत अपने घरेलु सर्कुलर इकोनोमी को तेजी से औपचारिक, मानकीकृत बना सकेगा और इसका पैमाना बढ़ा सकेगा।
- इस सिस्टम का पैमाना बढ़ाने और इनोवेशन को बढ़ावा देने के लिए सरकारी एजेंसियों, निजी उद्यमों एवं शोध संस्थानों के बीच साझेदारी जरूरी है।
- आर एण्ड डी को समर्थन देना और इसे आर्थिक प्रोत्साहन देना जरूरी है। रीसायक्लिंग की आधुनिक तकनीकों में निवेश कर भारत मटीरियल रिकवरी रेट को बढ़ा सकता है और संचालन की लागत को कम कर सकता है।


**भविष्य की ओर अग्रसर**

बैटरी सामग्रियों का पुनः उपयोग अपशिष्ट को काफी कम करता है, पर्यावरणीय क्षति को न्यूनतम करता है, और स्वच्छ ऊर्जा प्रणालियों की ओर वैश्विक बदलाव को बल देता है। बैटरी पुनर्चक्रण यह सुनिश्चित करने में मदद करते हैं कि प्रत्येक घटक को एक से अधिक बार योगदान करने का अवसर मिले, जिससे न केवल वाहनों को बल्कि प्रगति को भी शक्ति मिले।

बैटरी का चार्ज खत्म होने का मतलब यह नहीं कि सब कुछ खत्म हो गया है। रीसाइक्लिंग और टिकाऊ ऊर्जा भंडारण समाधानों के ज़रिए, यह एक नया अध्याय शुरू करता है, जिससे एक स्वच्छ, हरित और अधिक कनेक्टेड भविष्य बनाने में मदद मिलती है। एक उभरते हुए आर्थिक और वित्तीय केंद्र के रूप में भारत की वैश्विक शक्ति, जो तेज़ी से बढ़ रही है और भारत के प्रतिभाशाली दिमागों को उजागर कर रही है, इस क्षेत्र में निवेश एक चक्रीय, संसाधन-सक्षम भविष्य की एक और सफलता की कहानी साबित होगी।

क्षेत्रीय रीसायक्लिंग हब सुनिश्चित कर सकते हैं कि खत्म होने वाले बैटरियों को ठीक तरह से प्रोसेस किया जाए, जिससे आपूर्ति श्रृंखला को प्रभावी बनाने में मदद मिलेगी। इस तरह के प्रयास देश के अपने रीसायक्लिंग सिस्टम में सकारात्मक बदलाव ला सकते हैं और भारत के स्थायी बैटरी प्रबन्धन में ग्लोबल लीडर के रूप में स्थापित कर सकते हैं।

## ॥गीता॥



**श्लोक**

**एतां विभूतिं योगं च मम**
**यो वेत्ति तत्त्वतः।**
**सोऽविकम्पेन योगेन युज्यते नात्र**
**संशयः॥**

**भावार्थ**

जो पुरुष मेरी इस परमैश्वर्यरूप विभूति को और योगशक्ति को तत्त्व से जानता है। वह निश्चल भक्तियोग से युक्त हो जाता है। इसमें कुछ भी संशय नहीं है।

## जीवन दर्शन

# तर्क और भावना की लड़ाई में पार जाएगा कुशल प्रबंधक

पहले लोग सोचते थे कि भावनाएं आदिम और विनाशकारी होती हैं और एक तार्किक व्यक्ति किसी भावुक मनुष्य से ज्यादा मजबूत होता है। जबकि आज हम समझते हैं कि भावनाएं अक्सर बुद्धिमत्तापूर्ण होती हैं और अधिकांश समय तर्क का मार्गदर्शन करती हैं। मनोविज्ञान की दुनिया में यह एक महत्वपूर्ण बदलाव है। यदि मुझे पिछली आधी शताब्दी की बौद्धिक उपलब्धियों की सूची बनाने को कहा जाए, तो मैं निश्चित रूप से भावनाओं की हमारी समझ में आई क्रांति को उसमें शामिल करूंगा। हजारों वर्षों से, यह आम धारणा रही है कि तर्क और भावनाओं के बीच एक शाश्वत युद्ध चलता रहता है। इस तरह की सोच में तर्क शांत, तार्किक और परिष्कृत होता है, जबकि भावनाएं आदिम, आवेगपूर्ण होती हैं और आपको भटका सकती हैं। बुद्धिमान व्यक्ति अपनी आदिम भावनाओं पर काबू पाने और उन्हें नियंत्रित करने के लिए तर्क का प्रयोग करता है। लेकिन आधुनिक तंत्रिका विज्ञान ने इस सोच पर करारा प्रहार किया है। यदि पहले लोग सोचते थे कि भावनाएं आदिम और विनाशकारी होती हैं, तो अब हम समझते हैं कि वे अक्सर बुद्धिमत्तापूर्ण होती हैं। भावनाएं अधिकांश समय तर्क का मार्गदर्शन करती हैं और हमें ज्यादा तार्किक बनाती हैं। यह एक महत्वपूर्ण बदलाव है। समस्या यह है कि हमारी संस्कृति और संस्थाएं हमारे ज्ञान के साथ तालमेल नहीं बिठा पाई हैं। आज भी हम ऐसे समाज में रह रहे हैं, जो कच्ची बुद्धि से भरा हुआ है। मनुष्य एक तार्किक प्राणी है, जो अपने स्वार्थ को महत्व देता है। बहुत से लोग अपने आंतरिक जीवन से इसलिए कटे हुए हैं, क्योंकि उन्हें नहीं पता कि भावनाएं कैसे काम करती हैं। हम भावनात्मक संबंध बनाने के मामले में अच्छे नहीं हैं। जैसा कि लिसा फेल्डमैन बैरेट ने अपनी पुस्तक हाउ इमोशन्स आर मेड में लिखा है, 'रोजमर्रा की जिंदगी में, आप जो देखते और सुनते हैं, वह आपकी भावनाओं को प्रभावित करता है, लेकिन आप जो महसूस करते हैं, वह आपकी दृष्टि और श्रवण को बदल देता है।'

अगर आप लोगों को नौकरी पर रखने, शादी करने, दोस्ती करने, उन्हें प्रबंधित करने या उन्हें प्रशिक्षित करने जा रहे हैं, तो क्या आपको उनके मूल प्रभाव, उनके जीवन भर के भावनात्मक आधार के बारे में नहीं जानना चाहिए? क्या आपको यह नहीं पता होना चाहिए कि वे अपनी भावनाओं को समझने, उन्हें चिह्नित करने और व्यक्त करने में कितने कुशल हैं? जब लोगों को नौकरी से निकाला जाता है, तो ऐसा शायद ही कभी होता है कि उनमें तकनीकी योग्यताओं का अभाव होता है; आमतौर पर वे प्रशिक्षित नहीं होते, उन्हें गुस्सा आता है। दूसरे शब्दों में, उनमें भावनात्मक कौशल की कमी होती है, जो कि नियुक्ति प्रक्रिया में अक्सर पता नहीं चल पाता। कुछ लोग दूसरों की तुलना में भावनात्मक रूप से बेहद कुशल होते हैं, फिर भी हम इन कौशलों का मूल्यांकन करना जानते हैं या हम उन्हें सिखाने में अच्छे हैं। ऐसी संस्कृति में रहें, जो भावनाओं के बारे में उस सराहना, परिष्कार और स्पष्टता के साथ बात कर सके, जिसके वे हकदार हैं।

**- डेविड ब्रूकर, द न्यूयार्क टाइम्स**

## संक्षिप्त खबरें

### वनोपज संघ की महिला एमडी राजौर का स्वागत

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** मध्य प्रदेश कर्मचारी मंच वन विभाग के प्रतिनिधि मंडल ने मप्र राज्य लघु वनोपज संघ की पहली महिला प्रबंध संचालक (एमडी) सुमीता राजोरा को पदभार ग्रहण करने के उपरांत पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया और बधाई दी। प्रतिनिधिमंडल में अशोक पांडे, घनश्याम कटारे, राजेश कुशवाहा, रामचरण अहिरवार, राजकुमार सिंह, दिलीप नाथानी, ओम प्रकाश मिश्रा, मनोज मालवीय और राजेंद्र यादव शामिल थे। मप्र कर्मचारी मंच के प्रांत अध्यक्ष अशोक पांडे ने बताया कि राज्य लघु वनोपज संघ मे व्याप्त विसंगतियों को दूर करने एवं विंध्य हर्बल के उत्पादकों को वैश्विक पहचान दिलाने सरकार ने पहली बार राज्य लघु वनोपज संघ के प्रबंध संचालक एमडी के पद पर महिला आईएफएस अधिकारी को पदस्थ किया है। प्रबंध संचालक ने कर्मचारी मंच के प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया है कि कर्मचारियों की समस्याओं एवं मांगों का निराकरण समय सीमा में किया जाएगा।

### एडी मथुरा प्रसाद को नोटिस देकर रोकी दो वेतनवृद्धि

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** उच्च शिक्षा विभाग ने भोपाल-नर्मदापुरम के अतिरिक्त संचालक डॉ. मथुरा प्रसाद को नोटिस देते हुए दो वेतनवृद्धि रोकने के आदेश दिए हैं। विद्यार्थियों ने स्कॉलरशिप नहीं मिलने की शिकायत सीएम हेल्पलाइन में दर्ज कराई थी। विभाग द्वारा जारी नोटिस के मुताबिक नटेरन कालेज विदिशा में अध्ययनरत विद्यार्थी सुमित साहू को वर्ष 2021-22 और 2022-23 की पिछड़ा वर्ग संवर्ग की पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति समय-सीमा में नहीं दी गई थी। विद्यार्थी ने सीएम हेल्पलाइन में शिकायत दर्ज कराई थी। जबकि प्रथम वर्ष की स्कॉलरशिप के आवेदन करने की तारीख 22 जनवरी 2021 से एक वर्ष से अधिक समय के बाद 11 मार्च 2022 को कॉलेज द्वारा स्वीकृत की गई। शिकायत का संतुष्टिपूर्ण समाधान किये जाने के पूर्व ही एल-2 अधिकारी प्रभारी प्राचार्य डॉ. नीता पांडेय द्वारा कराए जाने की अनुशंसा एल-3 स्तर अधिकारी एडी डॉ. मथुरा प्रसाद को की गई। इसके बाद भी विद्यार्थी को छात्रवृत्ति का भुगतान समय-सीमा में नहीं हो सका। तब विभाग ने कारण बताओ नोटिस जारी किया है। एडी मथुरा प्रसाद का कहना है कि उन्होंने विभाग द्वारा जारी किए गए नोटिस का जवाब दे दिया है।


### एमसीयू के सांध्यकालीन कोर्स में प्रवेश 31 तक

**एजकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विवि के एमपी नगर स्थित परिसर में कंप्यूटर, मीडिया और योग विषयों के सांध्यकालीन पीजी डिप्लोमा में प्रवेश शुरू हो गए हैं। कौशल को बढाने और अतिरिक्त योग्यता प्राप्त करने के लिए किसी भी विषय में स्नातकोत्तर (पीजी) कर रहे विद्यार्थी उक्त अंशकालीन-सांध्यकालीन कोर्स में प्रवेश ले सकते हैं। एमसीयू के प्रवेश (निदेशक) शलभ श्रीवास्तव ने बताया कि इच्छुक विद्यार्थी 31 अगस्त तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। एमपीनगर स्थित परिसर में योगिक स्वास्थ्य प्रबंधन (योग), सोशल मीडिया मैनेजमेंट, फिल्म जर्नलिज्म, मोबाइल जर्नलिज्म, ग्रामीण पत्रकारिता, वीडियो प्रोडक्शन, इवेंट मैनेजमेंट, ड्रामा एंड एक्टिंग एवं सायबर सिक्योरिटी में पी.जी. डिप्लोमा कोर्स संचालित किये जा रहे हैं। कोर्स में यूजी डिग्री होल्डर प्रवेश के पात्र होंगे सायबर सिक्योरिटी में पीजी डिप्लोमा हेतु कम्प्यूटर विषय के साथ यूजी व पीजी या कम्प्यूटर डिप्लोमा (डीसीए/ पीजीडीसीए/ओ-लेवल) के साथ किसी भी विषय में यूजी की डिग्री प्राप्त होना अनिवार्य है। प्रवेश के लिए विद्यार्थियों को ऑनलाइन ही आवेदन करना होंगे। सभी सांध्यकालीन कोर्स में प्रवेश परीक्षा के प्राप्तांकों की मेरिट के आधार पर दिए जाएंगे।

# वाहन टैक्स नहीं दिया, तो अब लगेगा चार गुना जुर्माना

## मनसून सत्रः सदन में मोटरयान कराधान विधेयक पारित

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मध्यप्रदेश में अब वाहन टैक्स नहीं देने या चोरी करने पर वाहन मालिकों को 4 गुना जुर्माना देना होगा। प्रदेश में अब जल्द ही पासपोर्ट की तरह ड्रायविंग लाइसेंस और रजिस्ट्रेशन की होम डिलीवरी कराई जाएगी। यह प्रावधान बुधवार को विधानसभा के सदन में पारित मोटरयान कराधान विधेयक में किया गया है। जिसमें कांग्रेस ने आरटीओ चैक प्वांइट पर भ्रष्टाचार होने का आरोप लगाया, तो कहा कि आरटीओ दफ्तर पूरी तरह से विचौलियों के हवाले हैं।



### कांग्रेस बोली-वाहन खरीदने पर सबसे ज्यादा टैक्स एमपी में

विधेयक पर चर्चा के दौरान कांग्रेस विधायकों ने वाहन चैक प्वाइंट पर भारी भ्रष्टाचार होने का आरोप लगाया। विधायक भैरो सिंह बापू ने कहा कि पैनिक बटन और लोकेशन डिवाइस जैसी व्यवस्थाओं से वाहन मालिकों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ आ रहा है। उन्होंने कहा कि फिटनेस प्रमाण पत्र जैसी सेवाओं के लिए लोगों को बार-बार विभाग के चक्कर काटने पड़ते हैं, जिससे कई लोग अपने वाहन अन्य राज्यों में रजिस्टर करा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश ऐसा राज्य है, जहां वाहन खरीदते वक्त वाहन स्वामी को दूसरे राज्यों की तुलना में ज्यादा टैक्स देना पड़ता है। उन्होंने कहा कि दूसरे राज्यों से लोग वाहन खरीदते है,तो उन्हें डेढ़ से दो लाख का फायदा होता है। कांग्रेस विधायक भंवर सिंह शेखावत ने कहा कि भ्रष्टाचार हो रहा है। इंदौर आरटीओ कार्यालय पूरी तरह से एजेंटों के भरोसे चल रहा है। वहां अधिकारी नहीं बैठते।

### सबसे कम टैक्स मध्यप्रदेश में : सिंह

कांग्रेस के आरोपों का जवाब देते हुए परिवहन मंत्री राव उदय प्रताप सिंह ने कहा कि मध्यप्रदेश में 10 लाख की कीमत वाले पेट्रोल वाहनों को खरीदने पर वाहन स्वामी को दूसरे राज्यों की तुलना में सबसे कम टैक्स देना पड़ रहा है। उन्होंने भंवर सिंह शेखावत के आरोपों पर कहा कि हम व्यवस्था को दुरस्त करने की दिशा में काम कर रहे हैं। सरकार ने परिवहन व्यवस्था को आसान और पारदर्शी बनाने के लिए एक नया कानून पास किया है। कानून से टैक्स चोरी रोकने, नियम तोड़ने पर जुर्माना तय करने और लोगों को ऑनलाइन सुविधा देने जैसे प्रावधान किए गए हैं। अब बिना परमिट चलने या टैक्स न चुकाने पर तय जुर्माना लगेगा, लेकिन आम लोगों को बार-बार आरटीओ के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे। राज्य में ई-इंफोर्समेंट और कैशलेस व्यवस्था लागू की जा रही है, जिससे आम नागरिकों को राहत मिलेगी। अब टैक्स और पेनल्टी ऑनलाइन जमा की जा सकेगी।

**विधेयक में ये हुए बदलाव**

बुधवार को पारित विधेयक में मोटरयान कराधान अधिनियम, 1991 की धारा 13 में संशोधन करते हुए दो महत्वपूर्ण बदलाव किए गए हैं। अब कर भुगतान में चूक करने पर 4 प्रतिशत की दर से जुर्माना देना होगा। हालांकि यह जुर्माना 4 गुना से ज्यादा नहीं होगा। अन्य राज्यों के पंजीकृत वाहनों के टैक्स चोरी पर भी अब चार गुना जुर्माना वसूला जाएगा। वहीं बिना परमिट या उसकी शर्तों के उल्लंघन पर 1000 प्रति सीट और मालवाहन की श्रेणी में बिना परमिट परमिट शर्त उल्लंघन की दशा में 1000 प्रति टन के हिसाब से जुर्माना वसूल किया जाएगा। मंत्री सिंह ने बताया कि 42 सीटर बस पर नियम उल्लंघन की स्थिति में 42,000 तक का दंड वसूला जा सकेगा।

# स्टाम्प ड्यूटी 400 प्रतिशत तक बढ़ाई गई 50 की जगह अब 200 में बनेगा शपथ पत्र

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** विधानसभा के मानसून सत्र के आठवें दिन सदन की कार्यवाही दिन भर चली। बुधवार को सदन में आठ संशोधन विधेयक पारित किए। इसमें सबसे अहम भारतीय स्टाम्प (मध्यप्रदेश संशोधन) विधेयक रहा। नए विधेयक में स्टांप ड्यूटी 100 से 400 प्रतिशत तक बढ़ाई गई है। इसमें जिस तरह के प्रावधान किए गए हैं, उससे राज्य में किसी भी तरह के एग्रीमेंट कराने के लिए आवेदको को पहले की अपेक्षा ज्यादा शुल्क देना पड़ेगा। पहले जो शपथ पत्र 50 रुपए में बनाया जाता था, अब वह 200 रुपए में बनेगा। इसी तरह रेंट एग्रीमेंट 500 रुपए के स्थान पर 1 हजार रुपए में और प्रॉपर्टी अनुबंध 1 हजार के स्थान पर 5 हजार के स्टाम्प पर बनाए जाएंगे।

### कांग्रेस के विरोध के बीच मंत्री देवड़ा का जवाब

वित्त विभाग संभाल रहे उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने विधेयक पर चर्चा के उपरांत अपने जवाब में कहा कि जो भी स्टाम्प ड्यूटी बढ़ाई जा रही है, उसे लेकर पूरा अध्ययन किया गया और फिर बड़े ही सोच समझकर उसे बढ़ा दिया गया। उन्होंने कहा कि इस नए संशोधन विधेयक में 11 वर्षों बाद शुल्क में वृद्धि की गई है। यह वृद्धि कुल 64 बिंदुओं में से केवल 12 बिंदुओं पर ही किया गया है। उन्होंने कहा कि राज्य के विकास के लिए संसाधनों की आवश्यकता पड़ती है। टैक्स के माध्यम से ही इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित किया जाता है। स्टांप शुल्क में वृद्धि करते वक्त संतुलन का विशेष ध्यान रखा गया है।

### कांग्रेस विधायक दल का सदन से वॉकआउट

विधेयक पर चर्चा के दौरान नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा सदन को विधेयक बनाने का अधिकार है, लेकिन इसका उद्देश्य आम जनता के हितों की रक्षा होना चाहिए, न कि उन पर अतिरिक्त बोझ डालना। उन्होंने पूछा कि क्या सरकार ने स्टांप ड्यूटी भरने वालों से कोई राय ली। एक तरफ कहा जाता है कि टैक्स नहीं बढ़ा रहे हैं, दूसरी तरफ शुल्कों में बेतहाशा वृद्धि की जा रही है। उन्होंने सवाल उठाया कि यदि सरकार कर्ज लेकर विकास कर रही है, तो जनता पर अतिरिक्त शुल्क थोपने की क्या जरूरत है? उन्होंने कहा कि सरकार महंगाई का हवाला देकर शुल्क बढ़ा रही है, जबकि खुद हर ज़रूरी चीज़ पर जीएसटी वसूल रही है। सिंघार ने अचल संपत्ति के एग्रीमेंट पर स्टांप शुल्क की वृद्धि पर सवाल उठाते हुए कहा कि क्या यह जनहित में है? चर्चा के दौरान वरिष्ठ विधायक बाला बच्चन ने कहा कि स्टम्प ड्यूटी बढ़ाने से आम लोगों की जेबों पर असर पड़ेगा। कांग्रेस ने इस विधेयक को पूरी तरह जनविरोधी और आम जनता पर आर्थिक बोझ डालने वाला करार देते हुए इसे तत्काल वापस लेने की मांग की है।

### चर्चा के दौरान कांग्रेस ने औचित्य पर उठाए सवाल

इधर जन विश्वास विधेयक पर चर्चा के दौरान कांग्रेस ने इस विधेयक के औचित्य पर सवाल खड़े कर दिए। विधायक सोहनलाल वाल्मीकि ने कहा कि पहले से पारित जन विश्वास 1.0 का अभी तक कोई असर धरातल पर दिखाई नहीं पड़ रहा है। ऐसे में 2.0 में किसी भी तरह की स्पष्टता नहीं दिखाई पड़ रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि विधेयक केवल अफसरों की सलाह से बनाया गया है और इसमें आम जनता, विशेषज्ञों या जमीनी अनुभव को शामिल नहीं किया गया। उन्होंने यह भी आशंका जताई कि यह प्रावधान केवल आर्थिक रूप से सक्षम लोगों को फायदा पहुंचाएगा, जबकि गरीब तबका पेनल्टी या सजा के डर से परेशान रहेगा।

### हर दिन कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

इस सत्र में विपक्षी दल कांग्रेस ने हर बैठक से पहले अलग-अलग तरीके से प्रदर्शन कर सरकार का विरोध किया। सदन में भी कई बार अलग-अलग विषयों पर कांग्रेस ने सरकार पर निशाना साधा और सदन का वॉकआउट भी किया।

# पुलिस की वर्दी पहने विधायक पहुंचे विधानसभा

## कांग्रेस ने मप्र में पुलिस कांस्टेबल भर्ती में हुए घोटले के खिलाफ किया प्रदर्शन

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मध्यप्रदेश विधानसभा के मानसून सत्र में बुधवार को कांग्रेस ने पुलिस की प्रतीकात्मक वर्दी पहनकर प्रदर्शन किया। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने आरोप लगाया कि यह घोटाला व्यापम पार्ट 2 है। सदन प्रारम्भ होने से पहले कांग्रेस विधायक पुलिस की वर्दी में विधानसभा परिसर स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा के समक्ष पहुंचे,जहां उन्होंने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। यहां पत्रकारों से चर्चा करते हुए सिंघार ने कहा कि मध्यप्रदेश पुलिस कांस्टेबल भर्ती परीक्षा में बड़ा फर्जीवाड़ा सामने आया है। असली अभ्यर्थियों की जगह सॉल्वर बैठाए गए। जांच में सामने आया है कि फिंगरप्रिंट, फोटो, हस्ताक्षर और हैंडराइटिंग तक मेल नहीं खा रहे। फर्जी आधार कार्ड के जरिए भर्ती प्रक्रिया को प्रभावित किया गया। उन्होंने कहा कि भर्ती प्रक्रिया के 7411 पदों में इस तरह की गड़बड़ी युवाओं के भविष्य से खुला




खिलवाड़ है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि यह घोटाला व्यापमं जैसा ही है,उन्होंने इसे व्यापमं पार्ट-2 करार देते हुए कहा कि इस पूरे मामले की निष्पक्ष न्यायिक जांच कर दोषियों को सख्त सजा दी जाए। उन्होंने सरकार पर भ्रष्टाचार को संरक्षण देने और निष्पक्ष चयन प्रक्रिया को खत्म करने का आरोप लगाया।नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि जब तक इस पूरे घोटाले में शामिल लोगों को न्यायिक प्रक्रिया के तहत सजा नहीं मिलती, पार्टी का आंदोलन विधानसभा से लेकर सड़क तक जारी रहेगा।

# ठेका खत्म फिर भी कोल्ड स्टोरेज पर कंपनी का कब्जा, 25 लाख की मशीनें भी चोरी

## चिटनिस ने लगाया ध्यानाकर्षण, दो मंडी निरीक्षक निलंबित

**जागरण, भोपाल।** प्रदेश में अधिकारी कैसे काम करते हैं, इसकी बानगी बुरहानुपर के केला कोल्ड स्टोरेज से जुड़े मामले में सामने आया। एक साल से पहले इस कोल्ड स्टोरेज से 25 लाख रुपए कीमत की मशीनें चोरी हो गई थीं, एफआईआर दर्ज कराने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हो रही थी। इसके दोषी अधिकारी-कर्मचारियों से पूछताछ तक नहीं की गई। बुधवार को बुरहानपुर से भाजपा विधायक ने ध्यानाकर्षण के जरिए यह मुद्दा सदन में उठाया। विधायक द्वारा दिए गए प्रमाण-तर्कों पर कृषि मंत्री ने जांच व त्वरित कार्रवाई का आश्वासन दिया। इस पर इतनी तेजी से कार्रवाई हुई की शाम सदन की कार्रवाई खत्म होते ही मंडी बोर्ड के दो निरीक्षकों को निलंबित कर दिया गया। साथ ही चोरी के मामले में भी दूसरी एफआईआर दर्ज कराने की तैयारी भी है। बुरहानपुर से भाजपा विधायक चिटनिस अपने ध्यानाकर्षण में बताया कि बुरहानपुर की नवीन कपास मंडी प्रांगण, रेणुका माता रोड में वर्ष 2016 में 8.41 करोड़ रुपए की लागत से इंटीग्रेटेड पैक हाउस केला कोल्ड स्टोरेज का निर्माण हुआ था। इसके रखरखाव का जिम्मा एमके ट्रेडर्स, मुरैना को 25 जनवरी 2019 से 24 जनवरी 2024 तक 4.05 लाख रुपए प्रतिवर्ष पर सौंपा गया था। हालांकि 11 मार्च 2024 के बाद भी एमके ट्रेडर्स का गैर-कानूनी नियंत्रण बना रहा, जो तत्कालीन मंडी सचिव और कर्मचारियों के सहयोग से संभव हुआ। 1 मई 2025 को मंडी बोर्ड के संयुक्त संचालक व एपीडा (भारत सरकार) के निरीक्षण के दौरान सफाई कराने के निर्देश दिए गए। इसी के तहत जब 2 मई को सफाई की गई तो सामने आया कि कोल्ड स्टोरेज की मशीनों से 11 कम्प्रेशर और तांबे की पाइपिंग गायब है, जिसकी लागत लगभग 25 लाख रुपए है। भाजपा विधायक ने कोल्ड स्टोरेज में हुई चोरी की उच्च स्तरीय जांच, दोषियों पर एफआईआर और संबंधित अधिकारियों को निलंबित किए जाने की मांग की। कृषि मंत्री एंदलसिंह कंसाना ने जवाब देते हुए कहा कि उच्च स्तरीय जांच कराई जाएगी। साथ ही, तत्कालीन मंडी सचिव और संलिप्त कर्मचारियों को सस्पेंड कर, दोषियों के खिलाफ पुनः एफआईआर दर्ज कराई जाएगी। इसके साथ ही शाम को विभाग ने तुरंत कार्रवाई करते हुए तत्कालीन मंडी निरीक्षक प्रभारी सचिव (जो वर्तमान में सेंधवा-बड़वानी में पदस्थ हैं) को सस्पेंड कर दिया। साथ ही बुरहानपुर मंडी के सहायक उपनिरीक्षक माणकलाल गंभीरे को कर्तव्यों में लापरवाही के चलते निलंबित कर दिया गया।

### पूर्व राज्यपाल मलिक व उत्तराखंड आपदा के मृतकों को श्रद्धांजलि

मध्यप्रदेश विधानसभा में बुधवार को पूर्व केंद्रीय मंत्री व राज्यपाल सत्यपाल मलिक के निधन पर शोक व्यक्त किया गया। साथ ही उत्तराखंड के जल सैलाब में हताहत हुए लोगों को भी श्रद्धांजलि दी गई। बुधवार को सदन की कार्रवाई शुरू होते ही विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने पूर्व राज्यपाल एवं उत्तराखंड त्रासदी में लोगों के निधन का उल्लेख किया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, अजय सिंह ने भी अपने दलों की ओर से दिवंगतों को श्रद्धांजलि अर्पित की। दिवंगतों के सम्मान में सदन की कार्रवाई दोपहर तक स्थगित कर दी गई।

निजी स्कूल नहीं डाल रहे विशेष दुकानों से यूनिफॉर्म खरीदने का दबाव

# प्रशासन की जांच में गलत निकली कांग्रेस विधायक की शिकायत

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** प्रदेश सरकार ने विधानसभा में अपने जवाब में दावा किया कि राजधानी के निजी स्कूल यूनिफॉर्म और किताबें किसी विशेष दुकान से खरीदने का दबाव डाल रहे हैं। इस संबंध में भोपाल उत्तर के कांग्रेस विधायक आतिफ अकील ने सरकार से जवाब मांगा था। आतिफ ने सवाल में पूछा था कि उनके द्वारा राजधानी के कलेक्टर को की गई शिकायत पर क्या कार्रवाई की गई। सरकार ने विधानसभा में जवाब पेश कर बताया कि भोपाल में ऐसा कोई मामला सामने नहीं आया है। सरकार के जवाब से असंतुष्ट आतिफ अकील ने आरोप लगाया कि निजी स्कूलों की लॉबी के दबाव के कारण प्रशासन ने गलत रिपोर्ट बनाकर सरकार के पास भेजी है।

### एक जुलाई को शिकायत के बाद बनाई गई थी जांच टीम

कांग्रेस विधायक आतिफ अकील ने 1 जुलाई को भोपाल कलेक्टर कार्यालय में इस संबंध में शिकायत दर्ज कराई थी। इसके बाद कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने मामले की जांच के लिए एसडीएम टीटी नगर को निर्देश दिए थे। एसडीएम ने शिकायत की जांच के लिए तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक और दो पटवारियों की एक टीम बनाई, जिसने भोपाल के कई निजी स्कूलों और दुकानों की जांच की। इस जांच दल ने पाया कि न तो स्कूल और न ही दुकानें माता-पिता पर कोई दबाव डाल रही थीं। जांच टीम ने अपनी रिपोर्ट में लिखा है कि अभिभावक या विद्यार्थी अपनी पसंद की किसी भी दुकान से किताबें और यूनिफॉर्म खरीद सकते थे और इस तरह की अनियमितता किसी भी स्कूल में देखने को नहीं मिली।

### स्वस्थ परम्पराओं का हुआ निर्वहन : सीएम

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि वर्षाकालीन सत्र में सम्पूर्ण बिजनेस कुशलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। स्पीकर, नेता प्रतिपक्ष महोदय और सभी सदस्यों ने स्वस्थ परम्पराओं का निर्वहन किया। इस बात की प्रसन्नता है कि मध्यप्रदेश विधानसभा देश की श्रेष्ठ विधानसभा है। इस सत्र में जन-कल्याण के लिये जो कर दिखाया गया, उसकी आवश्यकता भी थी। भारतीय लोकतंत्र मे ऐसा ही होना चाहिये। हमारे समाज में तो परिवारों में भी लोकतंत्र विद्यमान है। देश की विधानसभा में मध्यप्रदेश का विशेष स्थान है। आज विक्रमादित्य को भी याद किया गया। विक्रम विश्वविद्यालय का नामकरण सम्राट विक्रमादित्य के नाम पर किया गया है। डॉ. यादव ने कहा कि कृषि मंत्री तथा ऊर्जा मंत्री एवं सभी अन्य मंत्रियों ने भी अपने विभागों की महत्वपूर्ण जानकारियां दी हैं। मध्यप्रदेश को ऊर्जा के क्षेत्र में आदर्श बनायेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में सिंचाई क्षेत्र तेजी से बढ़ा है।

### अमरपाटन में सरकारी भूमि पर कब्जे की जांच करेगी भोपाल की टीम

विधानसभा क्षेत्र अमरपाटन के ग्राम उमराही की सरकारी भूमि पर किए गए कब्जे की जांच कर उसे दोबारा शासकीय घोषित कराया जाएगा। राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा ने अमरपाटन के विधायक राजेंद्र सिंह के ध्यानाकर्षण के जवाब में यह बात कही। उन्होंने कहाकि हालांकि यह मामला न्यायालय में है, इसलिए अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई। इस पर प्रश्नकर्ता विधायक ने कहाकि मामला न्यायालय में है, लेकिन कोई स्थगन नहीं है। मामला जानबूझकर रोका गया है, भू माफिया से सांठगांठ कर शासकीय भूमि पर अवैध कब्जा कराया गया है। विभागीय मंत्री ने भी स्वीकार किया कि इसमें कुछ तो गड़बड़ है। इस मामले की भोपाल से कमिश्नर स्तर के अधिकारी को भेजकर जांच कराई जाएगी। जो दोषी होगा उसके खिलाफ कार्रवाई भी की जाएगी।


### इंदौर से गोवा एक नई फ्लाइट शुरू होगी

**कंपनी ने बुकिंग शुरू की, पर्यटकों को होगी सुविधा**

**जागरण, इंदौर।** प्रदेश के इंदौर से गोवा के लिए एक और नई फ्लाइट शुरू होने जा रही है। यह उड़ान 26 अक्टूबर से शुरू होगी। इंदौर से गोवा के लिए पहले से दो सीधी उड़ान है और अब इंडिगो एयरलाइंस तीसरी फ्लाइट की सौगात देने जा रही है। इंदौर से इस उड़ान का किराया पांच हजार के आसपास होगा। कंपनी ने इसके लिये बुकिंग भी शुरू कर दी है। इंदौर से गोवा के लिए पहले भी इंडिगो एक उड़ान संचालित हो रही है। इसके अलावा एयर इंडिया एक्सप्रेस की एक उड़ान भी गोवा के लिए संचालित होती है। दरअसल अक्टूबर से फरवरी माह तक इंदौर और आसपास के जिलों से काफी पर्यटक घूमने के लिए गोवा जाते हैं। इंदौर से बस और ट्रेन से गोवा जाने में दो दिन लग जाते है। इस कारण ज्यादातर यात्री विमान से गोवा जाना ज्यादा पसंद करते हैं। इंदौर से गोवा के लिए नई उड़ान की डिमांड को देखते हुए इंडिगो ने अपनी दूसरी उड़ान भी शुरू कर दी। अब गोवा के लिए इंदौर से तीन उड़ानें होंगी, जिससे पर्यटकों को सुविधा रहेगी।

**तकनीक** अब 16 जीबी मैमोरी वाले लैपटॉप पर चलाए जा सकेंगे एआई के वेट्स मॉडल

# असल में 'ओपन' नहीं हैं ओपन एआई के मॉडल




### क्या ये मॉडल्स सचमुच ओपन-सोर्स हैं?

ओपन सोर्स इनिसिएटिव (ओएसआई) के अनुसार, किसी एआई मॉडल को सच में ओपन-सोर्स कहने के लिए उसका सोर्स कोड, आर्किटेक्चर, वेट्स, ट्रेनिंग प्रोसीजर और डेटा सब कुछ सार्वजनिक होना चाहिए। लेकिन ओपन एआईने सिर्फ वेट्स जारी किए हैं, न कि ट्रेनिंग डेटा। इसका एक कारण कॉपीराइट और लीगल रिस्क भी है। ओपन-वेट मॉडल्स के साथ सबसे बड़ा खतरा है कि कोई भी डेवलपर इन्हें गलत मकसद के लिए फाइन-ट्यून कर सकता है। ओपन एआईने इस जोखिम को कम करने के लिए जीपीटी-ओएसएस-120बी का एडवर्सरियल फाइन-ट्यूनिंग करके जांच की – जैसे किसी हैकर द्वारा किया जाता। इसके तहत मॉडल को विशेष बायोलॉजी और साइबरसिक्योरिटी डेटा पर ट्रेन किया गया, ताकि उसकी सीमाएं परखी जा सकें।

**नई दिल्ली, जेएनएन।** आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की दुनिया में एक बड़ा बदलाव करते हुए ओपन एआई ने छह साल बाद दो नए ओपन-वेट एआई मॉडल्स लॉन्च किए हैं। यह जीपीटी-ओएसएस-120बी और जीपीटी-ओएसएस-20बी हैं। ये मॉडल्स व्यक्तिगत डिवाइसेज जैसे लैपटॉप पर भी चलाए जा सकते हैं और उपयोगकर्ताओं की जरूरतों के अनुसार फाइन-ट्यून भी किए जा सकते हैं। एक तरह से आप इनमें अपने मुताबिक बदलाव कर सकते हैं। यह कदम कंपनी की रणनीति में एक बड़ा मोड़ है, क्योंकि 2019 में जीपीटी-2 के बाद से ओपन एआईपूरी तरह प्रोपाइटरी और बंद मॉडल्स पर केंद्रित थी। अब यह बदलाव आंशिक रूप से चीनी स्टार्टअप डीपसीक द्वारा इस साल लॉन्च किए गए कम लागत वाले आर 1 ओपन-वेट मॉडल के चलते आया है, जिसने दुनियाभर के डेवलपर्स का ध्यान खींचा है। ओपन एआईके नए जीपीटी-ओएसएस मॉडल्स को अपाचे 2.0 लाइसेंस के तहत जारी किया गया है, जिसका मतलब है कि कोई भी डेवलपर इन मॉडल्स के वेट्स फ्री में डाउनलोड कर सकता है और अपनी जरूरत के अनुसार इन्हें कस्टमाइज कर सकता है। जीपीटी-ओएसएस-120बी को 80 जीबी जीपीयू पर चलाया जा सकता है, जबकि जीपीटी-ओएसएस-20बी को सिर्फ 16 जीबी मेमोरी वाले लैपटॉप पर भी चलाया जा सकता है।गिनती के लिहाज से, जीपीटी-ओएसएस-120बी में 117 बिलियन पैरामीटर्स हैं, जो हर इनपुट टोकन पर 5.1 बिलियन एक्टिवेट करते हैं। वहीं, जीपीटी-ओएसएस-20बी में 21 बिलियन पैरामीटर्स हैं, जिनमें 3.6 बिलियन एक्टिवेट होते हैं। ओपन एआईका दावा है कि जीपीटी-ओएसएस-120बीकी परफॉर्मेंस, रीजनिंग, टूल कॉलिंग और कॉम्पटीशन मैथ जैसे क्षेत्रों में मिनी मॉडल के बराबर है। वहीं, छोटा मॉडल जीपीटी-ओएसएस-20बी भी ओ3-मिनी से बेहतर प्रदर्शन करता है, खासतौर पर गणित और स्वास्थ्य संबंधी सवालों में। हालांकि, कंपनी ने यह भी माना कि ये दोनों मॉडल्स कुछ ज्यादा हेल्युजिनेट करते हैं यानी कभी-कभी गलत या काल्पनिक उत्तर दे सकते हैं जो छोटे मॉडल्स में आम बात है क्योंकि इनमें ज्ञान की गहराई सीमित होती है। इन मॉडल्स को रेनफोर्समेंट लर्निंग और अन्य आधुनिक तकनीकों से ट्रेन किया गया है।

### एसपी ऑफिस में की आत्मदाह की कोशिश

जागरण, जबलपुर। प्रदेश के जबलपुर के एसपी ऑफिस में बुधवार को एक पीड़ित परिवार ने मिट्टी का तेल डालकर आत्महत्या की कोशिश की। पुलिस ने तुरंत बीच-बचाव कर परिवार की जान बचाई। यह परिवार शाहपुरा थाना क्षेत्र के घंसौर इलाके से था, जो थाने में सुनवाई न होने के कारण एसपी ऑफिस पहुंचा था। परिवार का आरोप है कि बदमाश सत्यम पटेल और उसके परिजन उन पर 10 दिसंबर 2024 को हुई हत्या की एफआईआर वापस लेने का दबाव बना रहे हैं। वारदात में पीड़ित गोपाल चौधरी की पत्नी हीराबाई चौधरी की गला काटकर हत्या कर दी गई थी। यह मामला जमीन विवाद से जुड़ा है।

### हेलमेट नहीं होने पर विवाद, दांत तोड़ा

**जागरण, इंदौर।** पेट्रोल पंप पर हेलमेट नहीं होने पर एक वाहन चालक को पेट्रोल नहीं देने पर विवाद हो गया। चालक ने पंप कर्मचारी के साथ मारपीट कर उसका दांत तोड़ दिया। पुलिस ने पंप कर्मचारी की शिकायत के आधार पर युवक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। घटना चंदन नगर थाना क्षेत्र की है। एडिशनल डीसीपी दिशेष अग्रवाल ने बताया कि पंप कर्मचारी रवि सूर्यवंशी से प्रदीप नामक एक व्यक्ति बिना हेलमेट पेट्रोल भराने आया था।

# हर घर तिरंगा यात्रा में हो आमजन की भागीदारी

## भाजपा प्रदेश मुख्यालय में अभियान केंद्र का शुभारंभ




**विशेष संवाददाता, भोपाल।** प्रदेश भाजपा अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने कहा है कि हर घर तिरंगा अभियान में पार्टी कार्यकर्ता अपना योगदान प्रदान करें। उन्होंने कहा कि 14 अगस्त को मौन जुलूस निकाल कर युवा पीढ़ी को विभाजन विभीषिका के बारे में जानकारी दें। बुधवार को भाजपा दफ्तर में हर घर तिरंगा अभियान के तहत भाजपा प्रदेश कार्यालय में केंद्र का शुभारंभ करते हुए खंडेलवाल ने कहा कि प्रदेश भर में 10 से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान चलाया जाएगा। यह अभियान एक यूनिक फेस्टिवल बन चुका है 10 से 14 अगस्त तक प्रदेश में मंडल स्तर पर तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर कार्यकर्ता अपने-अपने क्षेत्र में मौन जूलूस निकाले और प्रदर्शनी भी लगाएं। खण्डेलवाल ने कहा कि पार्टी के युवा मोर्चा और महिला मोर्चा के नेतृत्व में प्रदेश भर में 10 से 14 अगस्त तक 'तिरंगा यात्रा' का आयोजन किया जाएगा। जिसमें आम जनता और विभिन्न संगठनों की भागीदारी भी सुनिश्चित की जाएगी। 12 से 14 अगस्त तक प्रदेश भर में स्वतंत्रता संग्राम से जुड़े स्मारकों, युद्ध स्मारकों और स्वतंत्रता आंदोलन से जुड़े महत्वपूर्ण स्थलों के आसपास स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। 13 से 15 अगस्त तक प्रदेश के सभी घरों, प्रतिष्ठानों पर आम नागरिक और पार्टी कार्यकर्ता तिरंगा लहरायेंगे एवं 15 अगस्त को झंडा फहराने के बाद शाम को सम्मानपूर्वक उतारना भी कार्यकर्ता सुनिश्चित करेंगे। इस मौके पर युद्धवीरों, शहीदों और देश की सेवा में प्राण न्यौछावर करने वाले पुलिसकर्मियों के घर पहुंचकर परिजनों को सम्मानित किया जाएगा।

# पशु चिकित्सा अधिकारी का फूंका पुतला, लापरवाही के आरोप

## विहिप ने की हटाने की मांग, कलेक्टर को सौंपा गया ज्ञापन



जागरण, मंडला

विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के जिला गौ रक्षा विभाग ने जिला पशु चिकित्सा अधिकारी पर चिकित्सा में लापरवाही बरतने और गौ सेवकों का अपमान करने का आरोप लगाते हुए जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन सौंपने के पहले सभी कार्यकर्ताओं ने अधिकारी के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए पुतला दहन भी किया। दिए गए ज्ञापन में कहा गया है कि अधिकारी द्वारा पिछले कई वर्षों से अपने कर्तव्यों के प्रति लापरवाही बरती जा रही है, जिससे पशुओं के इलाज में समस्याएं आ रही हैं। विश्व हिंदू परिषद ने अपने ज्ञापन में बताया है कि जिला पशु चिकित्सालय में पशुओं के लिए किसी भी प्रकार की कोई सुविधा उपलब्ध नहीं है । हर साल दवाईयां आती हैं, लेकिन वे अस्पताल तक पूरी नहीं पहुंच पातीं। घायल जानवरों के इलाज के लिए रूई और पट्टी जैसी सामान्य चीजें भी नहीं होतीं, जिन्हें बाजार से खरीदने के लिए कहा जाता है। इसके अलावा, अस्पताल में घायल जानवरों को भर्ती करने की भी कोई व्यवस्था नहीं है और न ही ऑपरेशन की सुविधा है, जबकि सालों से मशीनें रखी हुई हैं। ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि जब घायल जानवरों को अस्पताल लाया जाता है, तो कुछ दवाएं बाजार से लाने के लिए कहा जाता है। अधिकारी का कहना है कि दवाइयां ऊपर से नहीं आ रही हैं, तो वे क्या करें। यह भी बताया कि स्टॉफ द्वारा निराश्रित गौवंश का इलाज बीच में ही छोड़ दिया जाता है। जिसके कारण अधिकतर जानवरों की मृत्यु हो जाती है। इसके अलावा अधिकारी ड्यूटी के दौरान भी इलाज के लिए बुलाने पर नहीं आते और रात के समय फोन बंद कर देते हैं। एक पशु एम्बुलेंस 10 बजे सुबह से 5 बजे शाम तक ही उपलब्ध रहती है, जबकि अधिकतर घटनाएं शाम या रात को होती हैं।विश्व हिंदू परिषद ने ज्ञापन में बताया कि विगत दिवस एक पागल गाय को बेहोशी का इंजेक्शन लगाना था, लेकिन अधिकारी ने कहा कि उनके पास कोई व्यवस्था नहीं है। जब कलेक्टर को सूचना दी गई, तब जाकर व्यवस्था बन पाई। इन सभी समस्याओं के कारण विश्व हिंदू परिषद ने पशु चिकित्सा अधिकारी को तत्काल पद से हटाने की मांग की है इसके साथ ही जिले के सभी पशु चिकित्सा केंद्रों में दवाओं, डॉक्टरों और घायल जानवरों के खाने-पीने की व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग भी की गई है। ज्ञापन देने वालों में रेनू कछवाहा, विश्व हिंदू परिषद, जिला गौ रक्षा प्रमुख, मंडला शामिल थे।

### इन्होने ने क्या कहा

मेरे द्वारा विहिप ने जो भी मांगे की हैं उन्हें सुना गया हैं और महिला कर्मचारियों भी रात मे डोन ना उठाने की बात आई हैं वो दिक्कत भी दूर किया जायेगा।

**पशु चिकित्सा अधिकारी मंडला**

## चौक बाजार में रक्षाबंधन की खरीदारी करने आई महिलाओं के बैग से रूपयों की चोरी, दो महिला चोर पकड़ी गईं

**छतरपुर।** रक्षाबंधन के पर्व को लेकर बाजारों में खरीदारी जोरों पर है, इसी बीच चौक बाजार क्षेत्र में चोर सक्रिय हो गए हैं। सोमवार को हुई दो अलग-अलग घटनाओं में महिला खरीदारों के बैग से नकदी चोरी होने का मामला सामने आया है।

पहली घटना में सिचाई कॉलोनी निवासी वंदना तिवारी अपनी परिचिता प्रीति पटेरिया के साथ चौक बाजार खरीदारी करने आई थीं। भीड़भाड़ के दौरान प्रीति पटेरिया के बैग से 1200 रुपये चोरी हो गए। वहीं दूसरी घटना चेतगिरी कॉलोनी की छाया साहू के साथ हुई, जो अपनी बेटी के साथ राखी की खरीदारी करने बाजार आई थीं। शॉपिंग के दौरान छाया साहू के बैग से 3200 रुपये चोरी हो गए। संदेह होने पर उन्होंने चौकसी दिखाई और पीछा करते हुए बालाजी मंदिर के पास दो महिला चोरों को पकड़ लिया। सूझबूझ और हिम्मत दिखाते हुए मां-बेटी ने दोनों महिलाओं को पुलिस के हवाले कर दिया। बताया जा रहा है कि चोर महिलाओं का यह गिरोह तीन सदस्यों का है, जिनमें से एक महिला मौके से भागने में सफल रही। पुलिस द्वारा पकड़ी गई दोनों महिलाओं से पूछताछ जारी है, वहीं तीसरी फरार आरोपी की तलाश की जा रही है। बाजार में बढ़ती चोरी की घटनाओं से लोगों में दहशत का माहौल है।

# गोंझी एवं कामता में निःशुल्क आयुर्वेद चिकित्सा शिविर का आयोजन



**जागरण, मंडला।** कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा के निर्देशानुसार 'राष्ट्रीय आयुष मिशन' योजनान्तर्गत लोक स्वास्थ्य सेवा प्रदाय संबंधित क्रिया-कलाप के तहत शासकीय आयुर्वेद जिला चिकित्सालय मण्डला के द्वारा ग्राम पंचायत भवन गोंझी (सहस्त्रधारा) एवं कामता में 'निःशुल्क आयुर्वेद चिकित्सा शिविर' का आयोजन किया गया। शिविर में आए हुए सभी रोगियों को निःशुल्क चिकित्सा जाँच व परामर्श एवं औषधि वितरण किया गया। साथ ही आसपास उपलब्ध औषधीय महत्व के पौधों की जानकारी भी दी गई।

शिविर में आयुर्वेदीय चिकित्सकों ने लोगों को आहार-विहार व वर्षा ऋतु जनित रोगों से बचाव और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की सलाह दी गई। इसी प्रकार ग्राम पंचायत कामता में शासकीय आयुर्वेद औषधालय टाटरी द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया जिसमें वृद्धवस्था जन्य रोग एवं किशोरी बालिकाओं व महिलाओं की जाँच की गई एवं औषधि का वितरण किया गया। इस दौरान आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. एकता वाल्को, औषधि संयोजक श्री दीपक कुमार पाठक, महिला अटेंडेंट श्रीमती शालिनी सिंह राजपूत, अशोक बैरागी एवं उर्मिला बैरागी आदि चिकित्सालय स्टॉफ ने अपनी सेवाएं प्रदान की।

## वाणिज्य एवं प्रबंध के क्षेत्र में रोजगार के अवसर

**छतरपुर।** महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड यूनिवर्सिटी,छतरपुर के वाणिज्य अध्ययनशाला एवं शोध केंद्र के तत्वावधान एवं कुलगुरु प्रो शुभा तिवारी के मार्गदर्शन में एक व्याख्यानमाला आयोजित की गई है। व्याख्यानमाला की अध्यक्षता वाणिज्य संकाय की डीन एवं विभागाध्यक्ष डा प्रभा अग्रवाल करेंगी। मीडिया प्रभारी डा सुमति प्रकाश जैन ने बताया कि आज 8 अगस्त को दोपहर 12 बजे वाणिज्य विभाग के तत्वावधान में छात्र उपयोगी व्याख्यानमाला आयोजित की गई है। व्याख्यानमाला का विषय वाणिज्य एवं प्रबंध के क्षेत्र में रोजगार के अवसर* रखा गया है।इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में प्रो. एम.के.सिंघई,शासकीय उच्च शिक्षा उत्कृष्टता संस्थान,भोपाल तय विषय पर अपना सारगर्भित व्याख्यान देंगे। विभागाध्यक्ष डा.प्रभा अग्रवाल ने वाणिज्य एवं प्रबंध संकाय के छात्र छात्राओं से इस महत्वपूर्ण व्याख्यान में उपस्थित रहने का आव्हान किया है।


बिरला केबल लिमिटेड

MP BIRLA GROUP

पंजीकृत कार्यालय : उद्योग विहार, डाकघर-चोरहटा, रीवा - 486006 (म.प्र.)
CIN: L31300MP1992PLC007190
Telephone No: 07662-400580, Fax No: 07662-400680
Email: headoffice@birlacable.com; Website: www.birlacable.com

30 जून, 2025 को समाप्त हुई तिमाही अवधि के अनांकेक्षित समेकित वित्तीय परिणामों का सारांश

(लाख ₹ में)

| क्रमांक | विवरण | तिमाही अवधि | | | वार्षिक अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 30.06.2025 (अनांकेक्षित) | 31.03.2025 (अंकेक्षित) | 30.06.2024 (अनांकेक्षित) | 31.03.2025 (अंकेक्षित) |
| 1 | परिचालनों से कुल आय | 17643.76 | 15622.97 | 16590.77 | 66165.23 |
| 2 | समयावधि के लिए शुद्ध लाभ/ (हानि) (कर, विशिष्ट एवं/अथवा असाधारण मदों से पूर्व) | 185.92 | 205.03 | 20.84 | 668.29 |
| 3 | कर के पूर्व समयावधि के लिए शुद्ध लाभ/ (हानि) (विशिष्ट एवं/अथवा असाधारण मदों के पश्चात) | 185.92 | 205.03 | 20.84 | 668.29 |
| 4 | कर के पश्चात समयावधि के लिए शुद्ध लाभ/ (हानि) (विशिष्ट एवं/अथवा असाधारण मदों के पश्चात) | 136.21 | 148.41 | 14.40 | 489.14 |
| 5 | समयावधि के लिए विस्तृत आय [ समयावधि के लिए लाभ (कर पश्चात) एवं अन्य विस्तृत आय (कर पश्चात) को समावेशित करते हुए ] | 2018.28 | (1969.91) | 1698.37 | 749.66 |
| 6 | समता अंश पूँजी (प्रति अंश आय मूल्य ₹10/- प्रति) | 3000.00 | 3000.00 | 3000.00 | 3000.00 |
| 7 | आरक्षतियाँ (पुनर्मुल्यांकन आरक्षित को छोड़ कर) | | | | 22324.94 |
| 8 | समयावधि के लिए आधारभूत एवं तरलीकृत प्रति अंश आय (₹ 10/- प्रति अंश) | 0.45 | 0.49 | 0.05 | 1.63 |

कम्पनी की अनांकेक्षित एकांगी मुख्य वित्तीय सूचनाएं इस प्रकार हैं:-

| क्रमांक | विवरण | तिमाही अवधि | | | वार्षिक अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 30.06.2025 (अनांकेक्षित) | 31.03.2025 (अंकेक्षित) | 30.06.2024 (अनांकेक्षित) | 31.03.2025 (अंकेक्षित) |
| 1 | परिचालनों से कुल आय | 17643.76 | 15622.97 | 16590.77 | 66165.23 |
| 2 | कर के पूर्व लाभ | 184.03 | 202.99 | 8.98 | 683.56 |
| 3 | कर के पश्चात लाभ | 134.49 | 145.07 | 2.54 | 503.11 |
| 4 | समयावधि के लिए विस्तृत आय | 2016.67 | (1972.71) | 1685.90 | 762.07 |

टिप्पणी: उपरोक्त विवरण कम्पनी के 30 जून, 2025 को समाप्त तिमाही अवधि के अनांकेक्षित समेकित एवं एकांगी वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का सारांश है जो कि सेबी के (दायित्वों एवं प्रकटीकरण आवश्यकताओं की सूची) अधिनियम, 2015 के नियम 33 के अंतर्गत स्टॉक एक्सचेंज में फाईल किया गया है। 30 जून, 2025 को समाप्त हुई उपरोक्त तिमाही अवधि के वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंजों की वेब साईट www.bseindia.com एवं www.nseindia.com एवं कम्पनी की वेब साईट www.birlacable.com पर भी उपलब्ध है। दिए गए क्विक रिस्पॉन्स (QR) कोड को स्कैन करके भी इस पर पहुंचा जा सकता है।

दिनांक : 07 अगस्त, 2025

कृते बिरला केबल लिमिटेड
(हर्ष वी. लोढ़ा)
चेयरमैन
डीन : 00394094
नई दिल्ली


# उत्कृष्ट विद्यालय की छात्राओं ने कलेक्टर की कलाई में बांधी राखियाँ



**जागरण, मंडला।** कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा गुरूवार को उत्कृष्ट विद्यालय पहुँचे।यहाँ उन्होंने उपस्थित छात्राओं से आत्मीय संवाद किया। इस अवसर पर विद्यालय की नौवीं, दसवीं, ग्यारहवीं और बारहवीं कक्षा की छात्राओं तथा एनसीसी कैडेट ने कलेक्टर की कलाई पर राखी बांधी। कलेक्टर ने उपस्थित छात्राओं से हुई चर्चा में कहा कि रक्षाबंधन भारतीय संस्कृति की बहुत पुरानी परंपरा है। इस तरह के आयोजन हमें अपनी जड़ों से जुड़े रहने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने सभी को रक्षाबंधन पर्व की अग्रिम शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आप सभी अपनी लगन और मेहनत के साथ पाई करें। परीक्षाओं में अच्छे अंक प्राप्त कर माता-पिता, गुरूजनों, जिले तथा प्रदेश का नाम रोशन करें। आप लोग ही समाज का भविष्य हैं।आगे आप लोग ही विभिन्न क्षेत्रों में नेतृत्वकर्ता की भूमिका में होंगे।जिला प्रशासन सदैव आपके साथ है।पढ़ाई में आपको सहयोग की आवश्यकता होगी तो हर संभव मदद आपको मिलेगी। राखी के त्यौहार पर जिला प्रशासन भी आपसे यह वादा चाहता है कि आप परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करेंगे। इस दौरान सहायक आयुक्त आदिवासी विकास वंदना गुप्ता, जिला शिक्षा अधिकारी मुन्नी वरक, सहायक संचालक आदिवासी विकास रंजीत गुप्ता, उत्कृष्ट विद्यालय की प्राचार्य कल्पना नामदेव, एपीसी मुकेश पाण्डे सहित विद्यालय की छात्राएं मौजूद रहीं।

## कलेक्टर-एसपी ने स्वतंत्रता दिवस की सम्पूर्ण तैयारियों के संबंध में समीक्षा बैठक की

**छतरपुर।** कलेक्टर पार्थ जैसवाल की अध्यक्षता में गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में 15 अगस्त 2025 स्वतंत्रता दिवस के जिला स्तरीय समारोह की तैयारियों और व्यवस्थाओं के संबंध में समीक्षा बैठक की। बैठक में एसपी अगम जैन, सहायक कलेक्टर आशीष पाटिल, एएसपी विदिता डागर, एसडीएम अखिल राठौर, डिप्टी कलेक्टर कौशल सिंह, सीएमओ माधुरी शर्मा सहित पुलिस एवं जिला प्रशासन के संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में कलेक्टर श्री जैसवाल ने स्वतंत्रता दिवस को समारोह पूर्वक एवं पूर्ण गरिमामय तरीके से मनाने के निर्देश दिए। साथ ही शासकीय कार्यालयों में रोशनी की व्यवस्था करने और स्कूलों में विशेष मध्यान्ह भोजन में गुणवत्ता का ध्यान रखने के निर्देश दिए। स्वतंत्रता दिवस का जिला स्तरीय समारोह पुलिस लाईन छतरपुर के परेड ग्राउण्ड में आयोजित किया जाएगा। समारोह के दौरान मंच व्यवस्था, बैठक व्यवस्था और पेयजल, स्वच्छता सहित आदि सम्पूर्ण व्यवस्थाओं को करने के निर्देश दिए गए। साथ ही आयोजित होने वाली झांकी, परेड, सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए निर्णायक समिति गठित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कार्यक्रम स्थल पर चिकित्सा टीम एवं कार्यक्रम सहित जिला मुख्यालय पर यातायात व्यवस्था दुरूस्त रखने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान संबंधित अधिकारियों को अलग-अलग दायित्व सौंपे गए।

## चार-चार लाख रूपए की सहायता राशि स्वीकृत

**डिंडोरी।** अनुविभागीय अधिकारी राजस्व डिंडौरी सुश्री भारती मेरावी ने राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के प्रकरण पर कार्रवाई करते हुए चार-चार लाख रूपए की सहायता राशि प्रदान करने के आदेश जारी किए हैं। जारी आदेश के मुताबिक मृतक कवल सिंह पिता राम सिंह निवासी ग्राम ह ?सिंगरी तहसील व जिला डिंडौरी की नाला के बाढ़ के पानी में बहकर पानी में डूबने से मृत्यु हो जाने के कारण मृतक के निकटतम वारिसान पिता राम सिंह को 4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता प्रदान की गई है। इसी प्रकार मृतक फग्गन सिंह सिंदराम पिता महेश सिंह सिंदराम निवासी ग्राम रनगांव रैयत तहसील व जिला डिंडौरी की नाला के डेम के पानी में डूबने से मृत्यु हो जाने के कारण मृतक के निकटतम वारिसान पिता महेश सिंह सिंदराम को 4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता प्रदान की गई है। मृतिका शिवानी धुर्वे पिता अशोक धुर्वे निवासी ग्राम रनगांव रैयत तहसील व जिला डिंडौरी की डेम के पानी में डूबने से मृत्यु हो जाने के कारण मृतक के निकटतम वारिसान पिता अशोक धुर्वे को 4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता प्रदान की गई है। मृतक सुरेश प्रसाद झारिया पिता मोलेराम निवासी ग्राम सरवाही की नर्मदा नदी के पानी में डूबने से मृत्यु हो जाने के कारण मृतक के निकटतम वारिसान पत्नि ओमती बाई को 4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता प्रदान की गई है।

## उर्वरक के अवैध परिवहन पर पिकअप चालक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज

**मंडला।** कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा के निर्देशानुसार जिले में उर्वरक के भंडारण एवं परिवहन पर संबंधित अधिकारियों द्वारा कड़ी निगरानी की जा रही है। इसके लिए विभागीय अमले द्वारा विकासखंडवार वरिष्ठ अधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई है। इसी क ?ी में सहायक संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास मंडला एवं उर्वरक निरीक्षक नैनपुर श्री आरडी जाटव को नैनपुर भ्रमण के दौरान पिकअप वाहन से उर्वरक के अवैध परिवहन की सूचना मिली। उर्वरक से लदे पिकअप वाहन की संदिग्ध स्थिति को देखते हुए वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी नैनपुर श्रीमती पंचशीला वरके, कृषि विस्तार अधिकारी श्री सौरभ सिंह बघेल द्वारा वाहन को थांवर पुल के पास रोककर परिवहित उर्वरक के बिल सहित अन्य दस्तावेज मांगे जाने पर वाहन चालक द्वारा कोई भी दस्तावेज नहीं दिखाए गए। जिस पर त्वरित कार्यवाही करते हुए उन्होंने पुलिस थाना नैनपुर में इस आशय की सूचना देते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई। प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार को शाम लगभग 7:45 बजे थांवर नदी पुल के पास अवैध रूप से बिना कागजात के परिवहन करते हुए तथा उर्वरक गोदाम प्रभारी के द्वारा अनुज्ञप्ति संचालन नियमों के विपरीत बिना विक्रय देयक जारी किए जिले को प्रदाय उर्वरक बाहर ले जाया जा रहा था। मंडला जिले के कोटे के उर्वरक को अवैध परिवहन के लिए वाहन क्रमांक एमपी 51 जेडए 6988 के चालक राकेश साहू पिता लखनू लाल साहू, उम्र 37 वर्ष, निवासी ग्राम जेवनारा एवं नीरज मरकाम पिता रमेश मरकाम, निवासी वार्ड नंबर 1 बम्हनी के द्वारा उर्वरक गमनागमन नियंत्रण आदेश 1973 की धारा 3, उर्वरक गुण नियंत्रण 1985 की धारा 3 एवं 5, आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3 (1) 2 का अपराध घटित होना पाए जाने पर दोनों आरोपियों के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध किया गया है।

# सड़क दुर्घटना को रोकने जिला प्रशासन का अहम कदम

## 1 सप्ताह में आवारा पशुओं को गौशालाओं में शिफ्ट करने के आदेश

### नहीं तो होगी बड़ी कार्यवाही

**छतरपुर।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट पार्थ जैसवाल ने छतरपुर जिले में सड़क दुर्घटना एवं वाहन दुर्घटनाओं तथा इससे होने वाली पशु एवं जनहानि को रोकने के संबंध में प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया है। जिला प्रशासन का यह आदेश सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के संबंध में अहम कदम है। पशुओं एवं गोवंश की समुचित सुरक्षा एवं देखभाल की दृष्टि से खुली सड़कों पर पशुओं एवं गौवंशों को छोड़ने एवं बैठने के सम्बंध में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 (1) के तहत प्रतिबंधित किया है। यह आदेश जिले की राजस्व सीमाओं के भीतर लागू किया गया है। आदेशानुसार जिले में नेशनल हाईवे, स्टेट हाइवे, प्रमुख जिला मार्गों तथा ग्राम सड़क एवं शहर के वार्ड की सड़कों पर कोई भी पालक अपने पशु, गौवंश को खुले में नहीं छोड़ेगा। जो पालक स्वयं के दूध के उपयोग के लिए पशु पालन कर रहे है, वे अपने पशु, गौवंश अपने कैम्पस के अन्दर ही रखेंगे। ये पशु, गौवंश नेशनल हाईवे, स्टेट हाइवे, प्रमुख जिला मार्गों तथा ग्राम सड़क एवं शहर के वार्ड की सड़कों एवं सार्वजनिक स्थलों पर न आने पाए ऐसा सभी पशु पालक सुनिश्चित करेंगे।

**जनपद, निकाय एवं पंचायतों को आवश्यक निर्देश :** सभी सीईओ जनपद पंचायत, सीएमओ नगरीय निकाय, ग्राम पंचायत सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक अपने अपने कार्यक्षेत्र में आने वाली सड़कों, सार्वजनिक स्थलों पर पाए जाने वाले निराश्रित पशु, गोवंश को एक सप्ताह के अन्दर नजदीकी गौशालाओं में रखे जाने की कार्यवाही सुनिश्चित करेंगे। जिले में निजी संस्थाओं द्वारा संचालित गौशालाओं तथा ग्राम पंचायतों द्वारा संचालित गौशालाओं एवं नगरपालिकाओं द्वारा संचालित गौशालाओं की जानकारी भी संबंधित को उपलब्ध कराई गई है।

**पशु अधिकारियों को प्रतिदिन गौशालाओं का निरीक्षण कर जियो टैगिंग करने के निर्देश :** उप संचालक पशुपालन एवं सहायक पशु चिकित्सा अधिकारी संबंधित गौशालाओं का प्रतिदिन निरीक्षण करेंगे तथा गौशाला में प्रवेश होने वाली गौवंशो के रखे जाने की पंजी संधारित कराएंगे तथा टैगिंग सुनिश्चित करेंगे। गौशाला में प्रवेश के पश्चात् यदि कोई गौवंश पालक अपना गौवंश लेने आता है तो उनसे बगैर खुराक खर्चा एवं अर्थदण्ड के गौवंश पालक को वापिस नही सौंपा जाए। गौवंश एवं पालक की पहचान का रिकार्ड रखा जाए।

### एक हफ्ते में गौशालाओं में आवारा पशुओं को शिफ्ट नहीं करने पर होगी कार्यवाही

सड़को में निराश्रित घूमने वाले पशु गौवंशो को यदि एक सप्ताह के अंदर संबंधित अधिकारियों द्वारा संबंधित गौशालाओं में रखे जाने की कार्यवाही नही की जाती है और सड़को में गौवंश घूमते पाये जाते है तो संबंधित के विरूद्व विभागीय कार्यवाही के साथ-साथ भारतीय न्याय संहिता की धारा 223 के प्रावधानों के अनुसार भी अभियोजन की कार्यवाही की जाएगी। साथ ही उल्लंघनकर्ता पशुपालकों के विरूद्व भी भारतीय न्याय संहिता की धारा 223 के प्रावधानों के अनुसार अभियोजन की कार्यवाही की जाएगी। यह आदेश आगामी दो माह तक प्रभावशील रहेगा।


पंजाब नैशनल बैंक
punjab national bank

दबावग्रस्त आस्ति प्रबंधन विभाग, जबलपुर, 1227, शालीन हाउस, नेपियर टाउन, जबलपुर, 482001
Phone : 0761 - 2404011, Email : cojbprec@pnb.co.in

अचल संपत्ति के विक्रय हेतु विक्रय सूचना

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई- नीलामी विक्रय नोटिस

आम जनता को और विशेष रूप से उधारकर्ताओं और जमानतदारों/बंधककर्ताओं को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्तियां जो प्रतिभूत लेनदार के पास बंधक/प्रभारित है, का प्रलक्षित/वास्तविक आधिपत्य/वास्तविक आधिपत्य/सांकेतिक आधिपत्य (इनमें से जो भी लागू होता हो) प्रतिभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को "जो हो", "जहाँ है" "जो कुछ भी है" के आधार पर निम्नलिखित उधारकर्ताओं एवं जमानदार / बंधककर्ताओं से बैंक/प्रतिभूत लेनदार की निम्नलिखित रूपये की बकाया राशि की वसूली हेतु नीचे वर्णित दिनांक को बेचा जाएगा। आरक्षित मूल्य एवं अग्रिम धनराशी निम्नलिखित है।

ई-नीलामी दिनांक एवं समय - 29.08.2025 दोपहर 12:00 बजे से 02:00 बजे तक आवश्यक होने पर दोपहर 02:00 बजे के बाद 10 मिनिट के अंतराल का विस्तार किया जाएगा ईएडी जमा करने की अंतिम दिनांक 29.08.2025 को सायंकाल 05:00 बजे तक

निविदाकार अपने प्रस्ताव रू. 10000/- (रूपए दस हजार मात्र) के गुणांक में बढ़ा सकेंगे

| उधारकर्ता/जमानतदार/बंधककर्ता के नाम | अचल संपत्ति/प्रत्याभूत आस्ति का विवरण | अ) मांग सूचना दिनांक ब) आधिपत्य दिनांक स) आधिपत्य प्रकार द) बकाया और (मांग सूचना के अनुसार | अ) आरक्षित मूल्य ब) धरोहर राशि (₹) |
|---|---|---|---|
| **शाखा: सैनिक स्कूल, रीवा (म.प्र.)**<br>उधारकर्ता एवं बंधककर्ता - श्री विकास कुमार वाधवानी पुत्र श्री बंशीधर वाधवानी<br>सह-उधारकर्ता - श्रीमती प्रीत वाधवानी पत्नी श्री विकास कुमार वाधवानी<br>उपरोक्त दोनों पते: पता 1: वार्ड क्रमांक 38, चुन्हाई कुआँ के पास, पांडेन टोला, सिंधी कॉलोनी, तहसील- हुजूर, जिला- रीवा (मध्य प्रदेश) 486001<br>पता 2: फ्लैट क्रमांक 406, चौथी मंजिल, हरिओम अपार्टमेंट, रानी तालाब, तहसील हुजूर, जिला- रीवा (मध्य प्रदेश)<br>खाता संख्या - 629300NC00000896 | अचल संपत्ति का वह समस्त भाग जिसमें फ्लैट संख्या 406, 'हरिओम अपार्टमेंट' की चौथी मंजिल खसरा संख्या 353/28 रकबा 0.044 हेक्टेयर, और खसरा संख्या 353/17 रकबा 0.017 हेक्टेयर, कुल किता 2, कुल रकबा 0.061 हेक्टेयर, फ्लैट कारपेट एरिया- 575 वर्ग फीट (यानी 53.438 वर्ग मीटर) और सुपर बिल्टअप एरिया- 750 वर्ग फीट (यानी 69.702 वर्ग मीटर) पर निर्मित है, जो रीवा नगरपालिका क्षेत्र वार्ड संख्या 38 शेष वार्ड, जे.नं. 553, पटवारी हल्का नंबर 31 रीवा, सर्किल और ब्लॉक रीवा, तहसील हुजूर, जिला के अंतर्गत मौजा रीवा (रानी तालाब/तरहटी) में स्थित है। रीवा (मध्य प्रदेश), और जो 02.03.2017 को पंजीकृत सुरक्षित विलेख के अनुसार सीमाबद्ध है:<br>उत्तर- विक्रेता का फ्लैट संख्या 405, दक्षिण- श्री विकास आहूजा का मकान, पूर्व- श्री विजय पुरुषवानी का मकान, पश्चिम- पैसेज।<br>स्वामी एवं बंधककर्ता- श्री विकास कुमार वाधवानी पुत्र श्री बंशीधर वाधवानी<br>नीलामी संदर्भ संख्या- PUNB6293191224 | 03.07.2024<br>24.09.2024<br>Symbolic<br>Rs. 15,44,630.14 + further Interest & Charges wef Date of NPA | ₹ 18,22,500/-<br>1,82,250/- |

संपत्तियों पर भार जिनकी जानकारी प्रतिभूत लेनदार को है: जानकारी उपलब्ध नहीं है

सरफेसी अधिनियम 2002 व प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के अंतर्गत वैधानिक विक्रय सूचना

नियम एवं शर्तें : (1) विक्रय प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम व शर्तों के अधीन होगा तथा निम्नलिखित शर्तों का पालन करना होगा। (2) संपत्तियों की बिक्री "जो है", "जहाँ है", "जो कुछ भी है" के आधार पर होगी (3) ऊपर वर्णित संपत्तियों का विवरण प्राधिकृत अधिकारी को प्राप्त जानकारी के आधार पर है। किन्तु प्राधिकृत अधिकारी किसी भी त्रुटि, गलत जानकारी, घोषणा में चूक लिए जिम्मेदार नहीं होगा। (4) विक्रय अधिकृत ऑन लाइन ई- नीलामी सेवा प्रदाता के द्वारा वेबसाइट https://baanknet.com पर दिये गए दिनांक व समय पर किया जाएगा। (5) संपत्ति विक्रय से संबंधित नियम एवं शर्तों के लिए कृप्या वेबसाइट https://baanknet.com, www.pnbindia.in, पर विजिट करें या संपर्क करें - श्री यंग बहादुर सिंह, मुख्य प्रबंधक, रिकवरी सेंटर, अंचल कार्यालय, जबलपुर मो.- 9012683623

नोट : इच्छुक निविदाकार को यूजर आई.डी. व पासवर्ड स्वयं बनाना है, जिसे बनाने में न्यूनतम 2 दिन का समय लगता है अतः इच्छुक निविदाकार से निवेदन है की यूजर आई.डी. अंतिम तिथि से पूर्व ही बना लें।

स्थान : जबलपुर, दिनांक : 08-08-2025

प्राधिकृत अधिकारी पंजाब नेशनल बैंक

# ऑपरेशन साइबर : 156 गुम मोबाइल बरामद, मालिकों को लौटाए

**जागरण, टीकमगढ़।** पुलिस महानिरीक्षक सागर ज़ोन डॉ. हिमानी खन्ना और पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के नेतृत्व में टीकमगढ़ पुलिस को ऑपरेशन साइबर अभियान में बड़ी सफलता मिली है। पुलिस कंट्रोल रूम में आयोजित विशेष कार्यक्रम में 156 गुमशुदा मोबाइल फोन बरामद कर उनके वास्तविक मालिकों को सौंपे गए। बरामद मोबाइल की अनुमानित कीमत लगभग 26 लाख रुपये है। गुम मोबाइल वापस पाकर लोगों के चेहरों पर खुशी साफ झलक रही थी। उपस्थित नागरिकों ने इस कार्यवाही की सराहना करते हुए पुलिस टीम को धन्यवाद दिया। इस मौके पर आईजी डॉ. हिमानी खन्ना ने कहा कि इस तरह की जनहितकारी कार्यवाही आमजन में पुलिस के प्रति विश्वास को मजबूत करती है और पुलिस की




सकारात्मक छवि को सुदृढ़ करती है। उन्होंने लोगों से साइबर अपराधों के प्रति सतर्क रहने की अपील की। पुलिस अधीक्षक ने जानकारी दी कि वर्ष 2025 में ऑपरेशन साइबर के तहत अब तक कुल 364 गुमशुदा मोबाइल फोन (208 पहले और 156 अब) उनके मालिकों को लौटाए जा चुके हैं। इसके लिए जिले के सभी थानों में साइबर हेल्प डेस्क स्थापित की गई है, जहां प्रशिक्षित अधिकारी गुम मोबाइल, ऑनलाइन धोखाधड़ी और बैंक फ्रॉड जैसी शिकायतों का समाधान सीईआईआर पोर्टल और अन्य सरकारी माध्यमों से करते हैं। बरामद मोबाइलों की ट्रैकिंग में जिला साइबर सेल की टीम ने अहम भूमिका निभाई। इन्हें टेलीकॉम कंपनियों और सीईआईआर पोर्टल की मदद से विभिन्न जिलों और स्थानों से बरामद किया गया। आईजी डॉ. हिमानी खन्ना ने इस उपलब्धि पर साइबर सेल और साइबर हेल्प डेस्क के सभी पुलिसकर्मियों को पुरस्कृत करने की घोषणा भी की।

**आईजी डॉ खन्ना ने की जनहित में अपील :** यदि किसी नागरिक का मोबाइल फोन गुम हो जाए तो वह तुरंत अपनी सिम बंद कराएं, नजदीकी थाने के साइबर हेल्प डेस्क से संपर्क करें और सीईआईआर पोर्टल पर शिकायत दर्ज कर गुम मोबाइल की ट्रैकिंग में सहयोग देने की अपील।

# पुलिसकर्मी व परिजनों के लिए स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**जागरण, टीकमगढ़।** सुदृढ़ राष्ट्र निर्माण में पुलिस बल की भूमिका जितनी महत्वपूर्ण है, उतनी ही जरूरी उनका शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य भी है। इसी उद्देश्य से टीकमगढ़ पुलिस द्वारा पुलिस लाइन परिसर में एक दिवसीय स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। यह पहल पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के नेतृत्व और सागर ज़ोन की आईजी डॉ. हिमानी खन्ना की प्रेरणा से की गई। शिविर का उद्घाटन करते हुए आईजी डॉ. हिमानी खन्ना ने कहा कि पुलिस सेवा में सतर्कता, मानसिक स्थिरता और शारीरिक स्फूर्ति आवश्यक है। लंबी ड्यूटी, अनियमित दिनचर्या और तनाव के बीच स्वास्थ्य की उपेक्षा नहीं होनी चाहिए। यह शिविर केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि आवश्यक चेतना का स्वरूप है। उन्होंने महिला पुलिस कर्मियों के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देने की बात




कही। शिविर में टीकमगढ़ स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से विशेषज्ञ चिकित्सकों और पैरामेडिकल स्टाफ की टीम ने सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण, रक्तचाप व शुगर जांच, ईसीजी, हड्डी रोग परीक्षण, नेत्र परीक्षण, महिला स्वास्थ्य परामर्श और रक्तदान जैसी सेवाएं दीं। प्रमुख चिकित्सकों में डॉ. योगेश यादव, डॉ. आभा सिंह, डॉ. जगदीश प्रजापति, डॉ. लतिका खरे, डॉ. विकास जैन और मनोज गुप्ता शामिल रहे। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि बल और उनके परिजनों के कल्याण के लिए टीकमगढ़ पुलिस कई उपक्रम चला रही है, जिनमें ओआर/दरबार के माध्यम से संवाद व समाधान, जिम और शारीरिक प्रशिक्षण, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए दिशा लर्निंग सेंटर, पुलिस कॉलोनियों की स्वच्छता व अनुरक्षण, सामूहिक जन्मदिन उत्सव और विभिन्न फंड से त्वरित सहायता शामिल हैं। शिविर में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह कुशवाह, एसडीओपी राहुल कटरे, एसडीओपी अभिषेक गौतम, रक्षित निरीक्षक कनक सिंह चौहान, थाना प्रभारी ट्रैफिक कैलाश पटेल सहित जिले के सभी थाना/चौकी प्रभारी, पुलिसकर्मी और उनके परिजन बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

# न्यायालय के बाहर स्कूटी में मिला कट्टा

## परिजनों ने लगाया साजिशन फंसाने का आरोप सीसीटीवी चैक करने की लगाई गुहार

**जागरण, टीकमगढ़।** गुरुवार दोपहर को देहात थाना पुलिस ने न्यायालय परिसर के बाहर से एक स्कूटी से देशी कट्टा बरामद किया है। स्कूटी पर दो युवक सबार थे, जो न्यायालय से पेशी कर लौट रहे थे, पुलिस को मुखबिरों द्वारा सूचना मिली थी जिस पुलिस पहले से युवकों के आने का इंतजार कर रहे थे, पुलिस ने वीडियोग्राफी कर स्कूटी की डिग्गी खलबाई जिसमे एक देशी कट्टा बरामद किया गया, जिसके बाद पुलिस दोनों युवकों को देहात



थाना लेकर पहुंची और कार्यवाही को अंजाम दिया। जैसे ही मामले की जानकारी स्कूटी सबार रियाज खान और छिद्दू खान के परिजन और रिश्तेदार देहात थाना पहुंचे, जिन्होंने देहात थाना प्रभारी से मामले की उच्चस्तरीय जांच की मांग की है। रियाज खान के परिजनों ने आरोप लगाते हुए बताया कि उनको साजिशन फसाया गया है, उनकी स्कूटी काफी पुरानी है जिसकी डिग्गी का लॉक टूटा हुआ है और वह पेशी करने न्यायालय गए हुए थे, वह एम्बुलेंस चलाने का काम करते है। कुछ दिनों पहले रियाज खान के बेटे पर झूँठा एससी-एसटी एक्ट का मामला दर्ज किया गया था, ऐसे ही किसी विरोधी के द्वारा फसाने के लिए कट्टा उनकी गाड़ी में रखा गए है। रियाज खान के परिजनों ने पुलिस से मामले की निष्पक्ष जांच करने और रास्ते सहित न्यायालय परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच करने की मांग की है। जिस पर देहात थाना प्रभारी ने बताया कि फिलहाल पुलिस ने सूचना पर वीडियोग्राफी करवाई है, जिस पर दोनों युवकों पर मामला दर्ज किया गया है, परिजन अगर आवेदन देते है तो उस पर विधिवत जांच की जाएगी और जो भी तथ्य होंगे उस हिसाब से आगे कार्यवाही की जाएगी।

# सांदीपनि शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में संपन्न हुआ निःशुल्क साइकिल वितरण समारोह



**जागरण, पवई।** मध्य प्रदेश शासन की योजना के अनुसार और शिक्षा को बढ़ावा देने हेतु अति महत्वपूर्ण योजना निशुल्क साइकिल वितरण के तहत बीते सत्र 2024-25 में कक्षा 9 में प्रवेश लेने वाले एवं कक्षा 10 में सांदीपनि विद्यालय पवई में अध्यनरत छात्र छात्राओं को शासन के निर्देश अनुसार साइकिल का वितरण किया गया। गुरुवार को विद्यालय परिसर में एक गरिमामई समारोह का आयोजन किया गया,जिसमें प्रदेश कार्य समिति सदस्य पुष्पेंद्र पटेल,मंडल अध्यक्ष निधि पटेरिया मुख्य अतिथि तथा अजित बढोलिया पार्षद ,जफर सौदागर पार्षद की उपस्थिति में दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्र से आने वाले 20 छात्राओं एवं 66 छात्रों कुल 86 विद्यार्थियों को निःशुल्क साइकिल वितरित की गई। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य रामकृष्ण नगायच,राकेश श्रीवास्तव,सुख सागर कुंवर,सुदीप त्रिपाठी सहित विद्यालय स्टाफ पत्रकार गण एवं विद्यार्थी मौजूद रहे।

# पत्नी पर अश्लील टिप्पणी करने पर की थी हत्या, 48 घंटे में पुलिस ने आरोपी को दबोचा

**जागरण, टीकमगढ़।** कुड़ीला थाना क्षेत्र के ग्राम चंद्रपुरा में हुई हत्या की गुत्थी पुलिस ने 48 घंटे में सुलझा ली है। शराब के नशे में पत्नी को लेकर की गई अश्लील टिप्पणी से गुस्साए आरोपी ने अपने रिश्तेदार की डंडे से सिर पर वार कर हत्या कर दी थी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त डंडा और खून से सने कपड़े जब्त कर लिए हैं।

**शराब पार्टी के दौरान बिगड़े हालात :** 5 अगस्त को चंद्रपुरा निवासी धूराम कुशवाहा ने सूचना दी थी कि उसका भतीजा राजकुमार घर के अंदर मृत अवस्था में पड़ा है। मौके पर पहुंची




पुलिस को राजकुमार के सिर पर गंभीर चोट और जमीन पर खून फैला मिला। मामले में कुड़ीला थाना पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस जांच में सामने आया कि 4 अगस्त की शाम मृतक राजकुमार अपने चचेरे भाई राजूलाल उर्फ रज्जू के साथ घर के आंगन में बैठकर शराब पी रहा था। इसी दौरान राजकुमार ने आरोपी की पत्नी को लेकर अश्लील टिप्पणी कर दी। बात इतनी बढ़ी कि गुस्से में आए राजूलाल ने पास में रखे डंडे से राजकुमार के सिर पर जोरदार वार कर दिया। खून निकलता देख वह मौके से फरार हो गया।

**टीम बनाकर की गई कार्रवाई:** पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल चार टीमों का गठन किया। एएसपी विक्रम सिंह कुशवाह और एसडीओपी राहुल कटरे के मार्गदर्शन में टीमें सक्रिय की गईं। लगातार दबिश के बाद 7 अगस्त को आरोपी को स्टेशन रोड, खरगापुर से गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से हत्या में प्रयुक्त लकड़ी का डंडा और खून से सने कपड़े भी बरामद कर लिए हैं। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी बृजेन्द्र सिंह घोषी, सायबर सेल प्रभारी मयंक नगाईच, चन्दन शाक्य, असलम खान, ताहिर खान, वेदप्रकाश शर्मा, अभिषेक कुर्मी, सुनील कुमार, जगदीश मोरी, चंद्रकांत उपाध्याय, राहुल यादव, योगेंद्र, अशोक व महिला आरक्षक हेमलता की अहम भूमिका रही।

# हर घर तिरंगा, घर-घर तिरंगा यात्रा को लेकर मंडल अजयगढ़ की बैठक हुई आयोजित





## जिला पंचायत अध्यक्ष रही मुख्य अतिथि

**जागरण, पन्ना।** अजयगढ़ जिले की तहसील में भारतीय जनता पार्टी के नवागत प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल जी व जिलाध्यक्ष बृजेंद्र मिश्रा के निर्देशानुसार राष्टीय पर्व 15 अगस्त से पूर्व सभी मंडलो मे हर घर तिरंगा,घर घर तिरंगा यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है।जिसके सफल आयोजन को लेकर आज अजयगढ़ के रेस्ट हाउस मे जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मीना राजे परमार के मुख्य आथित्य मे मंडल अजयगढ़ की एक बैठक का आयोजन किया गया।बैठक का प्रारम्भ भारत माता व पार्टी के पितृ पुरुष प. दीन दयाल उपाध्याय व श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा मे पुष्प अर्पण करके की गई।इसके उपरांत आये हुए सभी अथितियों का स्वागत किया गया।कार्यक्रम के विषय मे जानकारी देते हुए वरिष्ठ कार्यकर्त्ता संजय सुल्लेरे ने कहा की आज विपक्ष के द्वारा लगातार आपरेशन सिन्दूर पर प्रश्चिन्ह लागाये जा रहे है।इस बार तिरंगा यात्रा की भव्यता की बात की गई। अपने सम्भोदन मे मुख्य अथिति मीणा राजे परमार ने कहा की आज हम आजाद भारत मे सांस ले रहे है। जिसे पाने के लिए हमारे कई बुजुर्गो ने अपने प्राण निछावर किये है इस लिए इस बार स्वतंत्रता दिवस पर हर घर मे तिरंगा लहरा कर देशप्रेम को दिखाना है।हमारे विपक्ष के द्वारा आपरेशन सिन्दूर पर प्रश्न चिन्ह उठाये जा रहे है कहा जा रहा की मोदी जी अमेरिका की बात सुन कर के कार्य कर रहे।सोचने वाली बात है कि अमेरिका कि बात मानने के बाद भी वह हमारे ऊपर प्रतिबद्ध लगा रहा है।हर 8,9,10 तक तिरंगा यात्रा निकालना है। 10 से 12 तक स्वक्षता अभियान चलाना है। 14 को बिभाजन विभिसका मनाना है इस दिन हमारी भारत माता के 2 टुकड़े किये गए थे। इसके उपरांत आये हुए सभी कार्यकर्ताओ को स्वक्षता से संबंधित शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम मे जिला उपाध्यक्ष संजय सुल्लेरे,मंडल अध्यक्ष सुरेश यादव,महामंत्री ब्रजेन्द्र खटीक व बाबू सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष बबलू कुशवाहा व उमेश सोनी,पूर्व महामंत्री धनंजय मिश्रा व राजेंद्र खटीक,जिला पंचायत सदस्य संतोष यादव,जगदीश पाठक,सुरेंद्र सिंह,प्रमोद तिवारी,रवि रावत,जयराम पाठक,विशाल यादव,महिला मोर्चा की पूर्व मंडल अध्यक्ष सीमा तिवारी,किरण तिवारी, पुष्पराज सिंह,राजेंद्र तिवारी,सोसल मीडिया प्रभारी आनिल गुप्ता,अवध तिवारी,संतु मिश्रा,कमलेश पांडे,भूपेंद्र अहिरवार,पार्षद नारायण दास रजक, राजबहादुर सिंह,रमेश गुप्ता, राजकुमार यादव सहित कई अन्य कनिष्ठ व वरिष्ठ कार्यकर्त्ता सम्मलित रहे।

# भारतीय जनता पार्टी मंडल पवई में तिरंगा यात्रा को लेकर आयोजित हुई बैठक

**जागरण, पवई।** भारतीय जनता पार्टी मंडल पवई द्वारा तिरंगा यात्रा के आयोजन के संबंध में एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। यह बैठक विधायक कार्यालय पवई में दोपहर 12 बजे आयोजित की गई, जिसमें मुख्य




अतिथि भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य जयप्रकाश चतुर्वेदी एवं जिला महामंत्री दीपेंद्र सिंह की गरिमामयी उपस्थिति रही। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष निधि पटेरिया द्वारा की गई इस बैठक में जन भागीदारी अध्यक्ष पुष्पेंद्र पटेल ,पूर्व मंडल अध्यक्ष मधु गुलाब सोनी, वरिष्ठ कार्यकर्ता जमुना खटीक भी उपस्थित रहे । मंच का संचालन मंडल उपाध्यक्ष सी बी गौतम के द्वारा किया। कार्यक्रम में मंडल के समस्त पदाधिकारी, विभिन्न मोर्चों के प्रतिनिधि, शक्ति केंद्र प्रभारी, संयोजक एवं मंडल में निवासरत प्रदेश व जिला पदाधिकारी सहित वरिष्ठ व कनिष्ठ कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही। बैठक में 10 से 14 अगस्त तक तिरंगा यात्रा की रूपरेखा, जनभागीदारी एवं राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत आयोजन को सफल बनाने हेतु विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि देश की एकता, अखंडता और गौरव के प्रतीक इस कार्यक्रम को जन-जन तक पहुँचाया जाएगा।

# एनसीसी एवं एनएसएस के विद्यार्थियों ने हर घर तिरंगा अभियान में लिया हिस्सा

**जागरण, पन्ना ।** म.प्र. शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर जिला पन्ना के आदेश अनुसार महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ एस डी चतुर्वेदी के नेतृत्व में छत्रसाल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय पन्ना के एनसीसी एवं एन एस एस के कैडेट्स ने हर घर तिरंगा - हर घर स्वच्छता- स्वतंत्रता का उत्सव - स्वच्छता के संग। अभियान की शुरुआत संस्था के प्राचार्य द्वारा हरी झंडी दिखाकर रैली रवाना की गई। इस जागरूकता रैली को रवाना करने में महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ जेके वर्मा, डॉ पी पी मिश्रा, डॉ आर एम दत्ता एवं सहायक प्राध्यापक डॉ आनंद चौरसिया, डॉ सचिन गोयल , डॉ बी एन जायसवाल, डॉ पीयूषा शर्मा एवं कार्यालय सहायक रावेश कुमार उपस्थित रहे। छत्रसाल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय पन्ना से जिला सहकारी बैंक, केंद्रीय विद्यालय तिराहा , ब्लॉक तिराहा, सिविल लाइन होते हुए पुलिस परेड ग्राउंड पन्ना तक महाविद्यालय के विद्यार्थी गगन भेदी नारों के साथ तिरंगा रैली में सहभागिता किए। इस रैली में एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट सिद्धू सिंह, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ डीपी कुशवाहा एवं महिला एनएसएस अधिकारी डॉ रचना गुप्ता का विशेष योगदान रहा। रैली के अंत में एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट सिद्धू सिंह द्वारा विद्यार्थियों को तिरंगा रैली का महत्व एवं हर घर तिरंगा के साथ स्वच्छता पर जोर देने के लिए विद्यार्थियों को प्रेरित किया।

# कार्यालय पुलिस अधीक्षक जिला रीवा (म.प्र.)

क्रमांक/पु.अ./रीवा/रनि./स्टोर/2328/2025 दिनांक 04/08/2025

## खुली निविदा आमंत्रण विज्ञप्ति

जिला रीवा में वित्तीय वर्ष 2025-26 आवासीय भवनों की मरम्मत मद में कार्य कराने की प्रशासकीय स्वीकृति एवं बजट प्राप्त हुआ है। मरम्मत कार्य पंजीकृत निर्माता (ठेकेदार) से कराया जाना है।

उल्लेखनीय है कि मरम्मत कार्य हेतु ऑनलाइन खुली निविदाएं समय सारणी अनुसार www.mptenders.gov.in पर आमंत्रित की गयी है। इच्छुक निविदाकर्ता मरम्मत कार्य का प्राक्कलन रक्षित निरीक्षक कार्यालय से प्राप्त कर सकते हैं। प्राप्त निविदाएं दिनांक 28/08/2025 के 12.00 बजे रक्षित निरीक्षक कार्यालय जिला-रीवा में निविदाकर्ता प्रतिनिधि एवं क्रय/कार्य समिति के समक्ष खोली जावेगी। कार्य का विवरण निम्नानुसार है।

| क्र. | प्रस्तावित कार्य का नाम | स्वीकृत राशि | धरोहर राशि | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | थाना डभौरा के शासकीय आवासीय कॉलोनी में फर्स मरम्मत, खिडकी दरवाजा मरम्मत, लाइट फिटिंग, छतत मरम्मत, टॉयलेट मरम्मत एवं पुताई कार्य | 4,98,440/- | 14953/- | 15 दिवस |
| 2 | 72 पुलिस आवासीय कॉलोनी में छत मरम्मत कार्य | 6,97,641/- | 20929/- | 15 दिवस |

**समय सारणी:-**

| क्र. | विवरण | दिनांक/समय |
|---|---|---|
| 01 | निविदा प्रकाशन दिनांक | 06/08/2025 के 14.00 बजे |
| 02 | निविदा जमा करने की प्रारंभ दिनांक | 06/08/2025 के 14.00 बजे |
| 03 | निविदा जमा करने की अंतिम दिनांक | 26/08/2025 के 14.00 बजे |
| 04 | निविदा खोलने की दिनांक | 28/08/2025 के 12.00 बजे |

(विवेक सिंह) भा.पु.से
पुलिस अधीक्षक
जिला रीवा

G-16856/25

# कार्यालय पुलिस अधीक्षक जिला रीवा (म.प्र.)

क्रमांक/पु.अ./रीवा/रनि./स्टोर/2325/2025 दिनांक 04/08/2025

## खुली निविदा आमंत्रण विज्ञप्ति

जिला रीवा में वित्तीय वर्ष 2025-26 प्रशासकीय भवनों की मरम्मत मद में कार्य कराने की प्रशासकीय स्वीकृति एवं बजट प्राप्त हुआ है। मरम्मत कार्य पंजीकृत निर्माता (ठेकेदार) से कराया जाना है।

उल्लेखनीय है कि मरम्मत कार्य हेतु ऑनलाइन खुली निविदाएं समय सारणी अनुसार www.mptenders.gov.in पर आमंत्रित की गयी है। इच्छुक निविदाकर्ता मरम्मत कार्य का प्राक्कलन रक्षित निरीक्षक कार्यालय से प्राप्त कर सकते हैं। प्राप्त निविदाएं दिनांक 28/08/2025 के 12.00 बजे रक्षित निरीक्षक कार्यालय जिला-रीवा में निविदाकर्ता प्रतिनिधि एवं क्रय/कार्य समिति के समक्ष खोली जावेगी। कार्य का विवरण निम्नानुसार है।

| क्र. | प्रस्तावित कार्य का नाम | स्वीकृत राशि | धरोहर राशि | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | पुलिस लाइन 2ndBN रीवा में छत मरम्मत कार्य | 2,49,584/- | 7487/- | 15 दिवस |
| 2 | थाना सिरमौर में पुताई कार्य | 1,49,654/- | 4489/- | 15 दिवस |
| 3 | थाना अतरैला में खिडकी दरवाजा मरम्मत कार्य | 99,164/- | 2974/- | 15 दिवस |
| 4 | थाना सोहागी में फर्स मरम्मत कार्य तथा पुट्टी व पुताई कार्य | 2,99,043/- | 8971/- | 15 दिवस |
| 5 | थाना रायपुर कर्चुलियान में खिड़की दरवाजा मरम्मत एवं पुट्टी व पुताई कार्य | 2,99,046/- | 8971/- | 15 दिवस |

**समय सारणी:-**

| क्र. | विवरण | दिनांक/समय |
|---|---|---|
| 01 | निविदा प्रकाशन दिनांक | 06/08/2025 के 14.00 बजे |
| 02 | निविदा जमा करने की प्रारंभ दिनांक | 06/08/2025 के 14.00 बजे |
| 03 | निविदा जमा करने की अंतिम दिनांक | 26/08/2025 के 14.00 बजे |
| 04 | निविदा खोलने की दिनांक | 28/08/2025 के 12.00 बजे |

(विवेक सिंह) भा.पु.से
पुलिस अधीक्षक
जिला रीवा

G-16854/25

# कार्यालय कलेक्टर जिला-मऊगंज एवं पदेन उपसचिव म.प्र. शासन राजस्व विभाग

क्रमांक/105/भू-अर्जन/2025 मऊगंज, दिनांक 01/08/2025

"भूमि अर्जन पुनर्वास और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 धारा 19 की उपधारा (4) की अधिसूचना"

चूंकि राज्य शासन को इस बात का समाधान हो गया है कि नीचे दी गई अनुसूची सारणी के कालम 2 में वर्णित भूमि, अनुसूची की सारणी के कालम 3 में उल्लेखित भूमि के रकवे का सार्वजनिक प्रयोजन के लिए आवश्यक्ता हैं।

अत: भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकारी अधिनियम 2013 की धारा 19 उपधारा (4) के अन्तर्गत एतद् द्वारा घोषित किया जाता है कि निजी/शासकीय भूमि की आवश्यक्ता लोक प्रयोजन के लिये हैं।

चूंकि ग्राम मिसिरगवां काटन, पटवारी हल्का पथरहा, राजस्व निरीक्षक मण्डल रतनगवां, तहसील-मऊगंज जिला-मऊगंज, **मऊगंज जिले के ग्राम मिसिरगवां काटन में सी.एम. राइज विद्यालय ढेरा में परिवर्तित पहुच मार्ग हेतु निर्माण कार्य पूर्ण करने हेतु।** इस कारण अधिनियम के उपधारा (2) के तहत पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन स्कीम का सार प्रकाशित नहीं किया जा रहा हैं।

**अनुसूची**

**भूमि का वर्णन**

(क) जिला-मऊगंज (म.प्र.) (ख) तहसील-मऊगंज
(ग) नगर/ग्राम-मिसिरगवां काटन (घ) लगभग क्षेत्रफल 0.084 हे.

**खसरा एवं रकवा का विवरण**

| क्र. | खसरा नं. | भूमिस्वामियों का नाम | अर्जित रकवा (हे0) में |
|---|---|---|---|
| 01 | 38/2 | सत्यनारायण पिता काशी प्रसाद शुक्ला | 0.010 |
| 02 | 39/2 | | 0.024 |
| 03 | 40/1 | कमला कान्त, विनोद कुमार, प्रमोद कुमार पिता मुन्द्रिका प्रसाद ब्रा. | 0.050 |
| 03 | | कुल 03 किता, कुल योग रकवा:- | 0.084 हे. |

01- सार्वजनिक प्रयोजन के लिए आवश्यक्ता हैं:- **मऊगंज जिले के ग्राम मिसिरगवां काटन में सी. एम. राइज विद्यालय ढेरा में परिवर्तित पहुंच मार्ग हेतु निर्माण कार्य हेतु।**

02- भूमि का नक्शा एवं प्लान कलेक्टर कार्यालय जिला-मऊगंज एवं कार्यपालन यंत्री (भवन) लोक निर्माण विभाग मऊगंज/रीवा (म.प्र.) के कार्यालय में देखा जा सकता हैं।

**मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार**

(संजय कुमार जैन)
कलेक्टर
जिला-मऊगंज एवं पदेन उपसचिव
म.प्र. शासन राजस्व विभाग

G-16885/25

केनरा बैंक Canara Bank
A Govt. of India Undertaking
सिंडिकेट Syndicate

केनरा बैंक, स्पेशलाइज्ड, ए.आर.एम. शाखा, प्लाट नं. 4, पीएसपी एरिया, एम्स के पास, साकेत नगर, भोपाल फोन : 8989014648

**ई-नीलामी सूचना**

परिशिष्ट - IV क [नियम 8(6) एवं 6(2) का परन्तुक देखें]

## चल/अचल संपत्ति के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस

**वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के नियम 8(6) एवं 6(2) के अन्तर्गत अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु विक्रय सूचना**

आम जनता को साधारणतः एवं निम्न वर्णित अचल संपत्तियों के ऋणियों एवं जमानतदारों को विशेषतः सूचित किया जाता है कि निम्नवर्णित संपत्तियाँ **केनरा बैंक (सुरक्षित लेनदार)** के पास बंधक है तथा बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा नीचे वर्णित संपत्तियों का उसके **कब्जा** ले लिया गया है। निम्नवर्णित संपत्तियों का विक्रय दिनांक **30/08/2025** को **केनरा बैंक (सुरक्षित लेनदार)** के बकाया राशि को वसूल करने हेतु "जैसा है जहां है, जो है जैसा है" एवं "जो कुछ भी है" के आधार पर किया जा रहा है।

| शाखा एवं खाते/ जमानतदार का नाम | संपत्ति का विवरण एवं संपत्ति मालिक का नाम | मांग सूचना दिनांक / कब्जा दिनांक / बकाया राशि | आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि / बिड बढ़ाने की राशि |
|---|---|---|---|
| ऋणी- **मेसर्स शौर्य इण्डस्ट्रीज** प्रोपराइटर- श्री विक्रम प्रताप सिंह पुत्र श्री सरयु सिंह (निदेशक- केरला पब्लिक स्कूल) बोदाबाग तहसील - हुजूर, रीवा (म.प्र.)486001 श्री विक्रम प्रताप सिंह पुत्र श्री सरयु सिंह श्रीमती माधुरी सिंह पत्नि श्री विक्रम प्रताप सिंह | **1.भूमि स्थित सर्वे नं. 201/7, पटवारी हल्का नं. अम्वा 12, आरआई सर्कल बंकुनिया, तहसील हुजूर, जिला-रीवा (म.प्र.)-486001, क्षेत्रफल-7000 वर्गफिट** संपत्ति मालिक- श्रीमती माधुरी सिंह पत्नि श्री विक्रम प्रताप सिंह चर्तुसीमाएं- पूर्व- 23 फिट चौड़ी प्रस्तावित रोड, पश्चिम- सरकारी ग्रामीण रोड, उत्तर- वैन्डर की शेष भूमि, दक्षिण- वैन्डर की शेष भूमि | 22/07/2021 / 16/12/2022 / दि. 06/08/2025 को ₹ 1,31,62,387.54 + देय ब्याज एवं अन्य खर्चे / भौतिक कब्जा | ₹ 25,76,000/- / ₹ 2,57,600/- / ₹ 10,000/- |
| | **2. रिहायशी मकान स्थित भूमि खसरा नं. 893/3,894/3 मौजा-बोडा, जनरल नं. 458 प.ह. बोडा 24, वार्ड नं. 08, आनंद नगर, बोडा बाग, आर.आई.सर्कल, रीवा (म.प्र.) 486001** चर्तुसीमाएं- पूर्व- 15 फिट चौड़ी रोड, पश्चिम- सरकारी ग्रामीण रोड, उत्तर-वैन्डर की शेष भूमि, दक्षिण-वैन्डर की शेष भूमि | | ₹ 24,55,000/- / ₹ 2,45,500/- / ₹ 10,000/- |

**धरोहर राशि (ईएमडी) जमा करने की अंतिम तिथि 29/08/2025 या उससे पूर्व सायं 5.00 बजे तक**
**ई-नीलामी की दिनांक एवं समय : 30/08/2025, दोपहर 12.00 से दोपहर 2.00 बजे तक (5 मिनिट के असीमित विस्तार पर)**

(1) इच्छुक बोलीदाताओं को आरक्षित मूल्य की 10% अग्रिम राशि (ईएमडी) सीधे मेसर्स पीएसबी अलायंस प्राइवेट लिमिटेड (baanknet.com) पोर्टल के ई-वॉलेट में जमा करनी होगी या चालान जनरेट करके बोली जमा करने की उपरोक्त तिथि को उक्त चालान में उल्लिखित खाता विवरण में आरटीजीएस/एनईएफटी के माध्यम से ईएमडी जमा करनी होगी।
(2) सफल बोलीदाता को बिक्री मूल्य का 25% (पहले से भुगतान की गई ईएमडी सहित) उसके पक्ष में बिक्री होने के तुरंत बाद जमा करना होगा और शेष राशि बिक्री की पुष्टि की तिथि से 15 दिनों के भीतर जमा करनी होगी। यदि सफल बोलीदाता उपरोक्त अनुसार बिक्री मूल्य का भुगतान करने में विफल रहता है, तो उसके द्वारा जमा की गई राशि जब्त कर ली जाएगी।
(3) सभी शुल्क, स्टांप शुल्क/जीएसटी पंजीकरण शुल्क आदि, जैसा लागू हो और कोई भी कर, राजस्व/किसी भी स्थानीय प्राधिकारी को बकाया आदि केवल सफल बोलीदाता द्वारा वहन किया जाएगा।

विस्तृत नियम एवं शर्तों हेतु वेबपोर्टल http://BAANKNET.com देखें अथवा सम्पर्क करें- मुख्य प्रबंधक, केनरा बैंक, स्पेशलाइज्ड, ए.आर.एम. शाखा, प्लाट नं. 4, पीएसपी एरिया, एम्स के पास, साकेत नगर, भोपाल 8989014648, 8057766078, 9755569030 9691096410, 9123403299 (भोपाल), 7905027805 (जबलपुर एवं बिलासपुर), 7683068902 (रायपुर), 9140476074 (ग्वालियर), 9830130770 (इंदौर), 8073562754 (BHOPAL)

दिनांक : 06-08-2025, स्थान : भोपाल
प्राधिकृत अधिकारी केनरा बैंक

# कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला मऊगंज (म.प्र.)

क्रमांक/515/खनिज/2025 मऊगंज/दिनांक 04/08/2025

modgm.mau@mp.gov.in

मध्यप्रदेश गौण खनिज नियम, 1996 के नियम, 18 (1-क) के अतंर्गत उत्खनिपट्टा प्राप्त करने के लिए,

**प्रथम सूचना**

यह सूचित किया जाता है कि, आवेदिका भावना पांडेय पुत्री श्री एल.डी. पांडेय, जे410 ब्लॉक, जे आरोग्यम ग्रुप हाउसिंग प्रोजेक्ट बघेरी राजपूताना रूड़की हरिद्वार, (उत्तराखंड) हाल मुकाम-हिम्मतपुर, मोटाहाल्दु सुनवालपुर, पोस्ट-गोरा पड़ाव, हल्दवानी, नैनीताल, उत्तराखंड द्वारा उत्खनि पट्टा प्राप्त करनें हेतु निम्न क्षेत्र पर ऑनलाइन आवेदन पत्र दिनांक 16/07/2025 को प्रस्तुत किया गया है। तीस दिवस तक इस क्षेत्र पर यथास्थिति उत्खनिपट्टा आवेदन ऑनलाइन आमंत्रित किए जाते हैं। आवेदन ईखनिज पोर्टल https://ekhanij.mp.gov.in पर प्रस्तुत कि जायेंगे।

आवेदन का संक्षिप्त विवरण

| जिला | तहसील | ग्राम | खसरा नंबर | रकवा (हेक्टेयर में) | भूमि का प्रकार शासकीय /निजी | खनिज का नाम | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मऊगंज | हनुमना | बीरादेई | 183 | 10.000 | शासकीय | गिट्टी पत्थर | क्रेशर आधारित पत्थर उत्खनि पट्टा |
| | | | कुल रकवा | 10.000 | | | |

1. उपरोक्त प्रस्तुत ऑनलाईन आवेदन पत्र में आवेदित क्षेत्र के संबंध में अन्य इच्छुक आवेदकों से विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तारीख से आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि तक (कार्यालयीन समय सायं 5:30 बजे तक) ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।
2. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि तक 03 अथवा उससे अधिक अन्य आवेदकों के आवेदन पत्र प्राप्त होते हैं, तो प्रथम आवेदन पत्र एवं प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम, 1996 के नियम 21 के तहत् अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा।
3. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति में उल्लेखित आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि तक 03 से कम आवेदन पत्र प्राप्त होते हैं तो पुन: 15 दिवस की अवधि आवेदन प्राप्त करने हेतु निर्धारित कर विज्ञप्ति प्रकाशित की जाएगी। विज्ञप्ति प्रकाशन के दिनांक से 15 दिवस के भीतर अन्य आवेदक भी उपरोक्त आवेदित क्षेत्र पर आवेदन पत्र प्रस्तुत कर सकेंगे। उपरोक्त अवधि में प्राप्त आवेदन पत्र तथा पूर्व प्रकाशित विज्ञप्ति की अवधि के दौरान प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम, 1996 के नियम 21 के तहत् अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा।
4. यदि प्रथम एवं द्वितीय प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत भी निर्धारित समयावधि में अन्य कोई आवेदन पत्र प्राप्त नहीं होता है तो प्रथम आवेदक के पक्ष में नियमानुसार खनि रियायत स्वीकृति पर विचार किया जा सकेगा।
5. निर्धारित समयावधि के उपरांत प्राप्त आवेदन पत्रों को विचार में नहीं लिया जाएगा।

प्रभारी अधिकारी
कार्यालय कलेक्टर (खनि शाखा)
जिला मऊगंज (म.प्र.)

G-16868/25

# सीआईएसएफ का प्रोजेक्ट मन मानसिक स्वास्थ्य के लिए एक मजबूत कदम

जागरण, विंध्यनगर



सीआईएसएफ इकाई एनटीपीसी विंध्यनगर के वरिष्ठ कमांडेंट मनीष कुमार राय ने सभी जवानों को बताया कि सीआईएसएफ का प्रोजेक्ट मन अब तक 75000 से ज्यादा जवानों को मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी सहायता उपलब्ध करा चुका है। इस पहल के ज़रिए परामर्श सेवाएं और ज़रूरत के अनुसार समय पर हस्तक्षेप करके पूरे बल का मनोबल मज़बूत किया जा रहा है।आज आदित्य बिड़ला एजुकेशन ट्रस्ट एबीईटी की चेयरपर्सन श्रीमती नीरजा बिड़ला और सीआईएसएफ के महानिदेशक आर.एस. भट्टी आईपीएस ने इस प्रोजेक्ट की प्रगति की समीक्षा की। यह मानसिक स्वास्थ्य पहल नवंबर 24 में सीआईएसएफ और एबीईटी के बीच हुए समझौते के तहत शुरू की गई थी। सीआईएसएफ महानिदेशक ने एबीईटी की टीम की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने बल के भीतर मानसिक स्वास्थ्य को लेकर जागरूकता फैलाने परामर्श देने ज़रूरत पड़ने पर इलाज से जुड़ी सहायता देने और जवानों को मानसिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में प्रशिक्षित करने का महत्वपूर्ण कार्य किया है।अब तक प्रोजेक्ट मन से 75181 सीआईएसएफ कर्मी और उनके परिवार लाभान्वित हो चुके हैं साथ ही एबीईटी ने 1726 अधिकारियों और अधीनस्थ अधिकारियों को इस तरह प्रशिक्षित किया है कि वे कम जोखिम वाले मानसिक स्वास्थ्य मुद्दों की पहचान कर सकें और गंभीर मामलों को विशेषज्ञों तक पहुँचा सकें। इस दो.स्तरीय व्यवस्था से ज़मीनी स्तर तक मानसिक स्वास्थ्य सहायता को पहुँचना आसान हुआ है। संवेदनशील इकाइयों जैसे आईज़ीआई एयरपोर्ट संसद और दिल्ली मेट्रो में तैनात लगभग 31000 जवानों का मनोवैज्ञानिक मूल्यांकन किया गया है ताकि किसी भी संभावित मानसिक परेशानी को समय रहते पहचाना जा सके। इस पहल की वजह से अब अवसाद वैवाहिक तनाव वित्तीय परेशानी जैसी समस्याओं में समय पर परामर्श और सहायता संभव हो पाई है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह रही कि वर्ष 24 और 25 के दौरान सीआईएसएफ में आत्महत्या की दर राष्ट्रीय औसत से कम रही जो इस पहल की प्रभावशीलता को साफ दर्शाता है। सीआईएसएफ महानिदेशक और श्रीमती नीरजा बिड़ला ने इस पहल की सफलता को देखते हुए प्रोजेक्ट मन की सेवाओं को अगले वर्षों के लिए जारी रखने का फैसला लिया है। इस मौके पर सीआईएसएफ महानिदेशक ने कहा हमारे कर्मियों के लिए मानसिक स्वास्थ्य उतना ही जरूरी है जितना कि शारीरिक फिटनेस। यह पहल हमारी आंतरिक सहायता व्यवस्था को मजबूत बनाती है और सुनिश्चित करती है कि हमारे जवान भावनात्मक रूप से मजबूत एकाग्र और हर स्थिति का सामना करने के लिए तैयार रहें इसी संदर्भ में श्रीमती नीरजा बिड़ला संस्थापक एवं अध्यक्ष एमपावर आदित्य बिड़ला एजुकेशन ट्रस्ट ने भी इस साझेदारी की सराहना करते हुए कहा सीआईएसएफ के साथ हमारी दीर्घकालिक साझेदारी इस बात का प्रमाण है कि जब मानसिक स्वास्थ्य को संस्थागत रूप दिया जाता है तो कितनी सकारात्मक उपलब्धियाँ हासिल की जा सकती हैं। पिछले तीन वर्षों में प्रोजेक्ट मन ने देशभर की सीआईएसएफ इकाइयों में 75000 से अधिक कर्मियों को मनोवैज्ञानिक परीक्षण परामर्श सहकर्मी सहभागिता और 24 गुणे 7 हेल्पलाइन जैसी सुविधाओं के माध्यम से सहायता प्रदान की है। हम सीआईएसएफ की इस समग्र कल्याण की प्रतिबद्धता की सराहना करते हैं जिसमें उन्होंने स्वास्थ्य प्रोटोकॉल और देखभाल को रोजमर्रा की व्यवस्था में शामिल किया है। इसका सकारात्मक परिणाम यह रहा है कि आत्महत्या की घटनाओं में 40 प्रतिशत की कमी आई है।

## गौरव पांडे ने संभाला मोरवा एसडीओपी का प्रभार



**जागरण, बैढ़न।** रीवा से स्थानांतरित होकर आए आईपीएस गौरव पांडे ने मोरवा पहुंचकर बतौर एसडीओपी का पदभार ग्रहण कर लिया। इसके बाद उन्होंने सिंगरौली पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री से मुलाकात कर आवश्यक दिशानिर्देश लिए। गौरतलब है कि 28 जुलाई को पुलिस मुख्यालय द्वारा जारी आदेश में जहां 2022 बैच के आईपीएस अफ़सर गौरव पांडे को रीवा से स्थानांतरित कर मोरवा एसडीओपी का पदभार सौंपा गया था वहीं करीब 2 वर्षों तक मोरवा एसडीओपी के पद पर सेवाएं दे रहे कृष्ण कुमार पाण्डेय का स्थानांतरण बतौर एसडीओपी निवाड़ी के लिए किया गया था। देर शाम एसडीओपी कार्यालय मोरवा पहुंचे गौरव पांडे ने मोरवा निरीक्षक उमेश प्रताप सिंह समेत माड़ा थाना प्रभारी निरीक्षक शिव पूजन मिश्रा के साथ समीक्षा बैठक की।

### सिंगरौली जिले के देवसर तहसील में पदस्थ

## कम्प्यूटर ऑपरेटर प्रेमलाल पटेल को लोकायुक्त ने दो हजार रुपए लेते रंगे हाँथ पकड़ा



**जागरण, सिंगरौली।** सिंगरौली में जमीन बंटवारे के आदेश को पारित करवाने के नाम पर देवसर तहसील में पदस्थ कम्प्यूटर ऑपरेटर प्रेमलाल पटेल ने किसान कमल प्रसाद मिश्रा से 4 हजार रुपये की रिश्वत मांगी थी। शिकायतकर्ता कमल प्रसाद मिश्रा ने रीवा लोकायुक्त में इसकी शिकायत की। इसके बाद रीवा लोकायुक्त पुलिस ने देवसर तहसील में पदस्थ कम्प्यूटर ऑपरेटर प्रेमलाल पटेल को 2 हजार रुपये नगद रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार कर लिया है। किसान कमल प्रसाद मिश्रा से 4 हजार रुपये की रिश्वत मांगी थी। शिकायतकर्ता कमल प्रसाद मिश्रा ने रीवा लोकायुक्त में इसकी शिकायत की। इसके बाद रीवा लोकायुक्त पुलिस ने देवसर तहसील में पदस्थ कम्प्यूटर ऑपरेटर प्रेमलाल पटेल को 2 हजार रुपये नगद रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार कर लिया।

## रीवा कमिश्नर ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में संचालित विभिन्न शाखाओं का किया निरीक्षण




### राजस्व न्यायालय में प्रचलित निगरानी के लंबित प्रकरणों का समय सीमा के भीतर करें निराकरण : कमिश्नर श्री जामोद

**जागरण, सिंगरौली।** सिंगरौली जिले के प्रवास पर आए रीवा संभाग के कमिश्नर श्री बी एस जामोद के द्वारा कलेक्ट्रेट कार्यालय में संचालित विभिन्न शाखाओं का निरीक्षण किया गया एवं संबंधित अधिकारियों को नस्तियों के प्रस्तुतिकरण के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। कमिश्नर ने राजस्व न्यायालयो में प्रचलित राजस्व से संबंधित निगरानी के प्रकरणों को समय सीमा के भीतर निराकृत करने के निर्देश दिए। वहीं शाखाओं के कर्मचारियों को निर्देश दिए कि प्राप्त आवेदनों एवं प्रकरणों को शाखा से संबंधित अधिकारी के पास समय पर प्रस्तुत करें। कमिश्नर श्री जामोद ने अपर कलेक्टर न्यायालय का भी निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान कलेक्टर चन्द्र शेखर शुक्ला मौजूद रहे।

## गौतम देब ने एनटीपीसी विंध्याचल का किया निरीक्षण



**जागरण, सिंगरौली।** एनटीपीसी विंध्याचल में दिनांक 6 अगस्त 2025 को गौतम देब, क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक (उत्तर क्षेत्र) एवं कार्यकारी निदेशक (पीएम ) का स्वागत किया गया। उनकी यह यात्रा स्टेशन की व्यापक समीक्षा और रणनीतिक संवाद के उद्देश्य से आयोजित की गई। निरीक्षण के दौरान श्री देब ने एफजीडी परियोजना स्थल (यूनिट 11), जिप्सम अनलोडिंग एरिया, स्टेज- एवं के नियंत्रण कक्ष तथा कार्बन-टू-मेथनॉल प्लांट का दौरा किया। उन्होंने नियंत्रण कक्ष में उपस्थित अधिकारियों से बातचीत कर उनकी कार्यशैली और प्रतिबद्धता की सराहना की। तत्पश्चात उन्होंने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की, जिसमें परिचालन दक्षता, नवाचार और भविष्य की योजनाओं पर चर्चा हुई। साथ ही श्री देब ने वीएसआर ओवरहालिंग टीम, यूनियन व एसोसिएशन प्रतिनिधियों, तथा युवा व महिला अधिकारियों से भी मुलाकात की। उन्होंने टीम भावना, समावेशी कार्य संस्कृति और सामूहिक प्रयासों को सफलता की कुंजी बताया। उनकी यह यात्रा एनटीपीसी विंध्याचल के लिए एक प्रेरणास्पद अवसर रही, जिसमें संगठनात्मक मजबूती और सहयोगात्मक नेतृत्व को विशेष महत्व मिला।

## एनटीपीसी विंध्याचल द्वारा सरदार पटेल की प्रतिमा का किया गया अनावरण



**जागरण, बैढ़न।** एनटीपीसी विंध्याचल द्वारा टाउनशिप स्थित उमंग भवन परिसर में भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा का लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर श्री गौतम देब, क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक (उत्तर क्षेत्र) एवं कार्यकारी निदेशक (पीएम) ने प्रतिमा का अनावरण किया। कार्यक्रम में संजीब कुमार साहा, मुख्य महाप्रबंधक (विंध्याचल) के साथ-साथ श्रीमती बिपाशा देब, अध्यक्षा (उत्तरा क्लब), श्रीमती चित्रलेखा साहा, अध्यक्षा(सुहासिनी संघ) तथा श्रीमती शिल्पा कोहली, महासचिव (सुहासिनी संघ) की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर एनटीपीसी विंध्याचल की वरिष्ठ प्रबंधन टीम के ए.जे. राजकुमार, (महाप्रबंधक प्रचालन एवं अनुरक्षण), एम. सुरेश (महाप्रबंधक - अनुरक्षण एवं एडीएम), डॉ. बी.के. भारली (महाप्रबंधक - चिकित्सा सेवाएं), देबब्रत त्रिपाठी (महाप्रबंधक तकनीकी सेवाएं) तथा राकेश अरोड़ा, मानव संसाधन प्रमुख (विंध्याचल) भी उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम का आयोजन न केवल सरदार पटेल को श्रद्धांजलि देना था, बल्कि राष्ट्रीय एकता, अनुशासन और मजबूत नेतृत्व के मूल्यों को पुनः स्मरण करने का एक प्रेरणादायक अवसर भी रहा।



## खेल एक नजर

### बीसीसीआई ने उत्कृष्टता केंद्र में नए कोचों की तलाश शुरू की

**बेंगलुरु, जेएनए।** मशहूर गेंदबाजी कोच ट्रॉय कूली समेत पुराने कोचों के जाने के बाद बीसीसीआई उत्कृष्टता केंद्र (सीओई) के लिए नए कोचिंग स्टाफ की तलाश में है और गेंदबाजी, बल्लेबाजी, खेल विज्ञान और मेडिसिन विभाग में शीर्ष पदों के लिए आवेदन मंगवाए गए हैं। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व प्रथम श्रेणी तेज गेंदबाज और इंग्लैंड के एशेज विजेता गेंदबाजी कोच कूली का बीसीसीआई के साथ तीन साल का करार खत्म हो गया था और वह कार्यकाल में विस्तार पर थे। 59 वर्ष के कूली को 2021 के आखिर में एनसीए का गेंदबाजी कोच बनाया गया था। उनकी जगह भारत के पूर्व तेज गेंदबाज वीआरवी सिंह ले सकते हैं, जिन्होंने कूली के साथ काम किया है। मेडिकल टीम के प्रमुख नितिन पटेल समेत स्टाफ के कई सदस्यों के जाने के बाद कई पद रिक्त हैं। पटेल ने मार्च में पद से इस्तीफा दिया था। स्पिन गेंदबाजी कोच साइराज बहुतुले भी जा चुके हैं और अब राजस्थान रॉयल्स के सहयोगी स्टाफ में हैं। एनसीए के एक और कोच सितांशु कोटक राष्ट्रीय टीम के साथ जुड़ चुके हैं।

### सीएबी अध्यक्ष पद के लिए नामांकन भरेंगे सौरव गांगुली

**नई दिल्ली, जेएनएन।** लगभग तीन साल पहले बीसीसीआई अध्यक्ष पद से इस्तीफा देने के बाद पूर्व भारतीय कप्तान सौरव गांगुली बंगाल क्रिकेट संघ (सीएबी) के आगामी चुनावों में अध्यक्ष पद के लिए



नामांकन दाखिल कर सकते हैं। गांगुली (52 वर्ष) 2019 तक सीएबी अध्यक्ष रहे। उन्होंने 2014 में दिवंगत जगमोहन डालमिया के नेतृत्व में राज्य इकाई के सचिव के रूप में अपना कार्यकाल शुरू किया था। फिर 2019 में उन्हें सर्वसम्मति से बीसीसीआई का अध्यक्ष चुना गया और जय शाह सचिव बने। लेकिन एक कार्यकाल पूरा होने के बाद गांगुली की जगह 1983 विश्व कप के नायक रोजर बिन्नी आ गए। राज्य इकाई के घटनाक्रम से वाकिफ सीएबी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि हां, सौरव प्रबंधन व्यवस्था में वापसी के लिए उत्सुक हैं। उन्होंने सीएबी अध्यक्ष पद के लिए नामांकन दाखिल करने का मन बना लिया है।

### भारत अंडर-17 एशियाई कप क्वालिफायर ग्रुप-डी में

**नई दिल्ली, जेएनएन।** मेजबान भारत को गुरुवार को कुआलालंपुर के एएफसी हाउस में हुए ड्रॉ के बाद एएफसी अंडर-17 एशियाई कप 2026 क्वालिफायर फुटबॉल टूर्नामेंट के लिए ईरान, फलस्तीन, चीनी ताइपे और लेबनान के साथ ग्रुप-डी में जगह मिली। अहमदाबाद का द एरेना 22 से 30 नवंबर तक क्वालिफायर के ग्रुप-डी की मेजबानी करेगा। भारतीय पुरुष टीम क्वालिफायर में अपने अभियान की शुरुआत फलस्तीन (22 नवंबर) के खिलाफ करेगी और उसके बाद चीनी ताइपे (26 नवंबर), लेबनान (28 नवंबर) और ईरान (30 नवंबर) से भिड़ेगी। इस ड्रॉ में 38 टीम को सात ग्रुप में विभाजित किया गया था। छह-छह टीम के तीन, जबकि पांच-पांच टीम के चार ग्रुप बने। क्वालिफायर एकल राउंड रोबिन लीग प्रारूप में खेले जाएंगे, जिसमें सात ग्रुप विजेता फाइनल्स के 21वें सत्र में जगह बनाएंगे जहां वे फीफा अंडर-17 विश्व कप 2025 के नौ एएफसी प्रतिनिधियों से जुड़ेंगे जिन्होंने स्वतः ही क्वालिफाई कर लिया है। ये देश कतर, उज्बेकिस्तान, सऊदी अरब, दक्षिण कोरिया, उत्तर कोरिया, जापान, ताजिकिस्तान, संयुक्त अरब अमीरात और इंडोनेशिया हैं।

### फर्जी जन्म प्रमाण सत्र सौंपने के लए 11 पहलवान निलंबित

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) ने फर्जी जन्म प्रमाण पत्र जमा करने के आरोप में 11 पहलवानों को निलंबित कर दिया है। दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) ने ऐसे 110 दस्तावेजों का सत्यापन किया और कहा कि उसकी ओर से कोई चूक नहीं हुई है, क्योंकि 95 विलंबित पंजीकरण केवल एसडीएम के आदेश पर किए गए थे। कुश्ती का खेल दो प्रमुख मुद्दों से जूझ रहा है : अधिक उम्र के पहलवान कम आयु वर्ग की प्रतियोगिताओं में भाग ले रहे हैं और कई पहलवान फर्जी जन्म प्रमाण पत्र प्राप्त करने के बाद अपने निवास स्थान से अलग राज्य का प्रतिनिधित्व करने की कोशिश कर रहे हैं। कुछ मामलों में प्रमाण पत्र बच्चे के जन्म के 12 से 15 साल बाद भी जारी किए गए हैं। गड़बड़ी की आशंका के चलते डब्ल्यूएफआई ने नगर निगम को सत्यापन के लिए प्रमाण पत्रों की एक सूची प्रदान की थी। सत्यापन के बाद एमसीडी ने डब्ल्यूएफआई को जवाब दिया कि उसने जन्म प्रमाण पत्र जारी किए हैं, लेकिन यह भी कहा कि विलंबित पंजीकरण (जन्म के एक वर्ष बाद पंजीकरण) सीधे तौर पर उसके द्वारा नहीं, बल्कि एसडीएम के आदेश पर किया गया है।

## भारत और इंग्लैंड के बीच एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी में यादगार पल

# सिराज की तकलीफ, शुभमन और क्रॉली की टक्कर, लॉर्ड्स से बदला सीरीज का मिजाज

जेएनएन, नई दिल्ली

शुभमन गिल की अगुआई में खिलाड़ियों के शानदार जज्बे और उनके प्रदर्शन की बदौलत भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी को 2-2 से ड्रॉ कराया। यह टीम के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। पांच मैचों की सीरीज में मोहम्मद सिराज प्लेयर ऑफ द मैच और गिल प्लेयर ऑफ द सीरीज रहे। इस सीरीज में न सिर्फ रिकॉर्ड बने और टूटे, बल्कि खिलाड़ियों के बीच तनातनी देखने को भी मिली। सीरीज में मोहम्मद सिराज हर जगह थे। एजबेस्टन में शानदार कैच लिया, लॉर्ड्स में हार के बाद थककर घुटनों पर बैठे, जो रूट को स्लेज किया, लंबे स्पेल डाले, और वह कैच छोड़ा, जिससे भारत सीरीज हार सकता था। जब बड़ी स्क्रीन पर उनका बाउंड्री लाइन पर पैर रखने का रीप्ले चला तो भीड़ की तालियों को भी झेलना पड़ा। लंबे समय से भारत की बदकिस्मती का चेहरा बने सिराज ने सबकुछ पलट दिया। उन्होंने पांच विकेट लिए और ऑफ स्टंप की जड़ पर क्रॉस-सीम यॉर्कर से भारत को एक बेहतरीन टेस्ट जीत दिलाई। इससे बेहतर इंसान को ये पल नहीं मिल सकता था।



### ओल्ड ट्रैफर्ड : पंत का पैर टूटा, फिर भी बल्लेबाजी की

बात हो रही थी कि गेंद बहुत जल्दी नरम हो जा रही है, लेकिन ये याद दिलाने वाला पल था कि गेंद अब भी इतनी सख्त होती है कि स्लोअर डिलीवरी से पैर टूट सकता है। हम ये भी भूल जाते हैं कि रिषभ पंत जैसे शॉट खेलने में कितनी स्किल लगती है। जब एक शॉट गलत हुआ तो गेंद उनके पैर के पास लगी और सूजन तुरंत आई और फ्रैक्चर लगभग तय हो गया। वहीं उनके लिए इस सीरीज से बाहर हो जाना था, लेकिन पंत टूटा पैर लेकर फिर से बल्लेबाजी करने उतरे और एक छक्का भी मारा, जिससे वह भारत के लिए सबसे ज्यादा छक्के लगाने वालों में बराबरी पर पहुंचे। पंत, क्रिस वोक्स और शोएब बशीर जैसे खिलाड़ी टूटी हड्डियों के साथ खेलते रहे और बेन स्टोक्स घायल कंधे के बावजूद लगातार गेंदबाजी करते रहे। ये बताने के लिए काफी है कि टेस्ट क्रिकेट इन खिलाड़ियों के लिए क्या मायने रखता है।

### लॉर्ड्स : इस तरह से मैच खत्म होगा, किसी ने नहीं सोचा था

जब नितीश कुमार रेड्डी क्रिस वोक्स की गेंद पर आउट हुए, ऐसा लग रहा था कि लॉर्ड्स टेस्ट खत्म हो चुका है। भारत को जीत के लिए 81 रन और चाहिए थे, सिर्फ दो विकेट बचे थे और पांचवां दिन उछाल-भरी पिच पर चल रहा था। लेकिन रवींद्र जडेजा, जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज ने लड़ाई जारी रखी। शोएब बशीर की उंगली जडेजा के सीधे ड्राइव से टूट गई थी और वे ज्यादातर समय मैदान से बाहर रहे। लेकिन आखिरी दिन वो पट्टी बंधी उंगली के साथ लौटे और अंत में सिराज ने उनकी एक गेंद पर बैकफुट से डिफेंस किया, जो गिरने के बाद विकेट से जा लगी, और बशीर जश्न मनाते हुए साथियों के बीच खो गए।

### आकाश दीप के दस विकेट

एजबेस्टन में चौथे टेस्ट मैच में सपाट पिच पर दस विकेट लेकर भारत को टेस्ट जिताना ही आकाश दीप की बड़ी उपलब्धि थी, लेकिन जो निजी संघर्ष वो झेल रहे थे, उसने इसे और खास बना दिया। आईपीएल के दौरान उनकी बहन को कैंसर हो गया और जब भी भारत में रहते, वो हर दिन एक बार अस्पताल जरूर जाते थे। उन्होंने कहा कि हर गेंद फेंकते समय उन्हें अपनी बहन की याद आती थी कि कैसे उन्हें मुस्कुराना है। और आखिरी में उन्होंने पूरे देश को मुस्कुराने का मौका दिया।

### मैनचेस्टर : हाथ मिलाने और शतक जड़ने की कहानी

सीरीज के चौथे टेस्ट में भारत ड्रॉ के लिए बल्लेबाजी कर रहा था। इंग्लैंड उसे रोकने की कोशिश में था। और जब स्टोक्स को लगा कि अब कोई हल नहीं निकल रहा, उन्होंने पहली बार ऐसा किया-ड्रॉ के लिए हाथ बढ़ाया। वो हाथ बढ़ा रह गया, लेकिन किसी ने नहीं मिलाया। उस शाम मैनचेस्टर में स्टोक्स और उनकी टीम भीतर तक हिल गई थी। जडेजा और वॉशिंगटन सुंदर की जुझारू बल्लेबाजी को शतकों का इनाम मिला। सुंदर के लिए तो यह इस फॉर्मेट में पहला था। इंग्लैंड चिढ़ गया और ये पल सीरीज का टर्निंग पॉइंट बन गया। भारत दूसरी पारी में 0 पर 2 था और 311 रन पीछे। वो मैच लगभग खत्म था। लेकिन जडेजा और सुंदर ने मिलकर हालात बदले। ये शतक नहीं, इंग्लैंड की अहमकी पर चोट थी। स्टोक्स ने जडेजा को छेड़ते हुए कहा कि तुम्हारा शतक मायने नहीं रखेगा, क्योंकि वो हैरी ब्रूक पर बनेगा। ब्रूक ने सुंदर से कहा-अब खत्म करो। दोनों ने कुछ नहीं सुना। दोनों डटे रहे। इंग्लैंड का मानसिक संतुलन वहीं बिगड़ गया और कभी वापसी नहीं कर सका।

### क्रॉली पर भड़के गिल




लॉर्ड्स में तीसरे टेस्ट के दौरान समय गंवाने को लेकर हुए विवाद ने पूरी सीरीज का माहौल बदल दिया। तीसरे दिन के आखिरी सत्र में इंग्लैंड के ओपनर मैदान में उतरे, शुभमन गिल के मुताबिक वे 90 सेकंड देर से आए। उससे पहले भारत को उम्मीद थी कि तीन ओवर करवा लिए जाएंगे। लेकिन जैक क्रॉली, जो इस रोल को एंजॉय कर रहे थे, बार-बार बुमराह के रन-अप के दौरान पीछे हटते रहे और आखिरी गेंद पर हाथ में गेंद लगने के बाद फिजियो बुला लिया। गिल भड़क उठे। उन्होंने क्रॉली से कहा थोड़ा मर्द बनो और बाद में इंग्लैंड की हरकतों को खेल भावना के खिलाफ बताया। इसके बाद मैच और सीरीज में टेंशन बनी रही।

# दलीप ट्रॉफी: गिल करेंगे नॉर्थ जोन की कप्तानी मप्र के रजत पाटीदार सेंट्रल जोन के उप कप्तान

## गिल एशिया कप के लिए चुने गए तो शुभम रोहिला होंगे उनका रिप्लेसमेंट

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारतीय टेस्ट कप्तान शुभमन गिल को गुरुवार को 28 अगस्त से शुरू हो रहे दलीप ट्रॉफी टूर्नामेंट के लिए उत्तर क्षेत्र का कप्तान बनाया गया है। वहीं मध्यप्रदेश के रजत पाटीदार टूर्नामेंट में सेंट्रल जोन के उप-कप्तान रहेंगे। गिल की कप्तानी में भारत ने इंग्लैंड में पांच टेस्ट मैचों की सीरीज 2-2 से ड्रॉ कराई। रोहित शर्मा के संन्यास के बाद टेस्ट कप्तानी संभालने वाले 24 वर्ष के गिल ने सीरीज में 754 रन बनाए। उत्तर क्षेत्र (नॉर्थ जोन) का सामना 28 अगस्त को दलीप ट्रॉफी के पहले मैच में पूर्वी क्षेत्र से होगा। फाइनल 11 सितंबर को खेला जाएगा, जबकि भारतीय टीम 10 सितंबर से यूएई में एशिया कप खेलेगी। भारत को एशिया कप में पहला मैच दस सितंबर को दुबई में यूएई से खेलना है। पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबला 14 सितंबर को खेला जाएगा। गिल, अर्शदीप सिंह और हर्षित राणा अगर एशिया कप के लिए चुने जाते हैं, तो चयनकर्ताओं ने शुभमन रोहिल्ला, गुरनूर बरार और अनुल ठकराल को बैकअप में रखा है।



**उत्तर क्षेत्र टीम :** शुभमन गिल (कप्तान), अंकित कुमार, शुभम खजूरिया, आयुष बडोनी, यश ढुल, अंकित कलसी, निशांत सिंधू, साहिल लोटरा, मयंक डागर, युधवीर सिंह, चरक, अर्शदीप सिंह, हर्षित राणा, अंशुल कंबोज, आकिब नबी, कन्हैया वाधवान। स्टैंडबाय: शुभम अरोड़ा, जसकरनवीर सिंह पॉल, रवि चौहान, आबिद मुश्ताक, निशंक बिड़ला, उमर नजीर, दिवेश शर्मा

### जुरेल सेंट्रल जोन के कप्तान कुलदीप-खलील भी शामिल



इंग्लैंड दौरे से भारत लौटने वाले कुलदीप यादव दलीप ट्रॉफी में नजर आएंगे, जहां उनपर सेंट्रल जोन के स्पिन आक्रमण का जिम्मा होगा। विदर्भ के बाएं हाथ के स्पिन गेंदबाज हर्ष दुबे, जिन्होंने रणजी ट्रॉफी के एक सीजन में सर्वाधिक 69 विकेट लेकर रिकॉर्ड बनाया था और अपनी टीम को चैंपियन बनाने में अहम भूमिका अदा की थी, वह कुलदीप और राजस्थान के युवा स्पिनर मानव सुथार के साथ सेंट्रल जोन का हिस्सा होंगे। ध्रुव जुरेल को सेंट्रल जोन की कप्तानी मिली है, जबकि मध्य प्रदेश के रजत पाटीदार उप-कप्तान होंगे। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज खलील अहमद भी टीम शामिल हैं।

**सेंट्रल जोन दल :** ध्रुव जुरेल (कप्तान, विकेटकीपर), रजत पाटीदार, आर्यन जुयाल, दानिश मालेवार, संचित देसाई, कुलदीप यादव, आदित्य ठाकरे, दीपक चाहर, सारांश जैन, आयुष पांडे, शुभम शर्मा, यश राठौड़, हर्ष दुबे, मानव सुथार, खलील अहमद।

# भारत दौरे पर सैम कोंसटास और मैकस्वीनी ऑस्ट्रेलिया-ए टीम में



**सिडनी, जेएनएन।** भारत के खिलाफ पिछली बोर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में ऑस्ट्रेलिया के लिए टेस्ट पदार्पण करने वाले सलामी बल्लेबाज सैम कोंसटास और नाथन मैकस्वीनी को ऑस्ट्रेलिया-ए टीम में शामिल किया गया, जो अगले महीने लखनऊ में भारत-ए के खिलाफ चार दिवसीय दो मैच खेलेगी। कोंसटास ने पिछली भारत-ऑस्ट्रेलिया सीरीज के दौरान मैकस्वीनी की जगह ली थी, लेकिन शीर्ष क्रम में अपनी जगह पक्की नहीं कर पाए। कैरेबियाई दौरे में उनका प्रदर्शन निराशाजनक रहा, जबकि उनकी टीम ने वेस्टइंडीज पर पूरी तरह से दबदबा बनाया। 19 साल केकोंस्टास ए टीम में चुने गए मौजूदा टेस्ट टीम के एकमात्र खिलाड़ी हैं, जबकि अन्य अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों में मैकस्वीनी, कूपर कोनोली और स्पिनर टॉड मर्फी शामिल हैं। अब तक सात टेस्ट मैच खेलने वाले मर्फी ने 2022-23 में भारत दौरे के दौरान बोर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के चारों मैच खेले और उस सीरीज में 14 विकेट लिए, जिसमें ऑस्ट्रेलिया 1-2 से हार गया। चार दिवसीय दो मैच लखनऊ में 16-19 सितंबर और 23-26 सितंबर तक खेले जाएंगे, जबकि तीन वनडे क्रमशः 30 सितंबर, तीन और पांच अक्टूबर को होंगे।

**वनडे टीम :** कूपर, हैरी डिक्सन, एडवर्ड्स, सैम इलियट, जेक फ्रेजर-मैकगर्क, हार्डी, मैकेंजी हार्वे, मर्फी, तनवीर संघा, स्कॉट, लैची शॉ, टॉम स्ट्रैकर, विल सदरलैंड और कैलम विडलर।

**चार दिवसीय मैच टीम:** जेवियर बार्टलेट, कूपर कोनोली, जैक एडवर्ड्स, आरोन हार्डी, कैंपबेल केलावे, सैम कोंसटास, नाथन मैकस्वीनी, लांस मॉरिस, टॉड मर्फी, फर्गस ओनील, ओलिवर पीक, जोश फिलिप, कोरी रोचिचियोली और लियाम स्कॉट।

# 85वें नंबर की एमबोको नौवीं वरीय रिबाकिना को हराकर फाइनल में



**मांट्रियल, जेएनएन।** कनाडा की किशोरी विक्टोरिया एमबोको ने बुधवार को नौवीं वरीय एलेना रिबाकिना को हराकर नेशनल बैंक ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया। कनाडा की 18 साल की एमबोको ने रिबाकिना को तीन सेट चले कड़े मुकाबले में 1-6, 7-5, 7-6 से हराया। फाइनल में एमबोको जापान की स्टार नाओमी ओसाका से भिड़ेंगी, जिन्होंने दूसरे सेमीफाइनल में डेनमार्क की 16वीं वरीय क्लारा टॉसन को 6-2, 7-6 से हराकर बाहर का रास्ता दिखाया। दुनिया की 85वें नंबर की खिलाड़ी एमबोको पहला डब्ल्यूटीए खिताब जीतने के इरादे से उतरेंगी और उनकी नजरें फाये उरबन (1969) और बियांका आंद्रीस्क्यू (2019) के बाद ओपन युग में घरेलू खिताब जीतने वाली कनाडा की तीसरी खिलाड़ी बनने पर भी टिकी होंगी।

### खचानोव फाइनल में

**टोरंटो।** रूस के 11वें वरीय केरेन खचानोव ने शीर्ष वरीय जर्मनी के एलेक्जेंडर ज्वेरेव को हराकर नेशनल बैंक ओपन के फाइनल में जगह बनाई। खचानोव ने ज्वेरेव को तीन सेट तक चले कड़े मुकाबले में 6-3, 4-6, 7-6 से हराकर खिताबी मुकाबले में प्रवेश किया।

### फीफा रैंकिंग: भारत की लंबी छलांग, 63वें स्थान पर पहुंचा

**नई दिल्ली, जेएनएन।** थाईलैंड पर ऐतिहासिक जीत के बाद भारतीय महिला फुटबॉल टीम फीफा की नवीनतम रैंकिंग में सात स्थान की छलांग लगाकर 63वें स्थान पर पहुंच गई। इस जीत से टीम ने इतिहास रचते हुए एएफसी महिला एशियाई कप में जगह भी बनाई। यह भारतीय महिला टीम की लगभग दो वर्षों में सर्वोच्च रैंकिंग है। टीम पिछली बार 21 अगस्त 2023 को 61वें स्थान पर थी। भारत ने फायर के अंतिम मैच में अपने से बेहतर रैंकिंग वाले थाईलैंड को 2-1 से हराकर पहली बार क्वालिफिकेशन के माध्यम से महाद्वीपीय टूर्नामेंट में जगह बनाई। टीम में कोविड-19 के प्रकोप के कारण टीम को स्वदेश में आयोजित एशियाई कप के पिछले सत्र से हटने के लिए मजबूर होना पड़ा था। भारत ने अपने क्वालिफिकेशन अभियान की शुरुआत मंगोलिया को 13-0 से हराकर की और फिर तिमोर-लेस्ते (4-0) और इराक (5-0) पर शानदार जीत दर्ज की। इसके बाद मिडफील्डर संगीता बासफोर ने दो गोल दागकर भारत को लगभग नॉकआउट जैसे मुकाबले में थाईलैंड पर यादगार जीत दिलाई।

### ऑस्ट्रेलिया ने पहले टी-20 में भारत ए महिला टीम को 13 रन से हराया

**मैके (ऑस्ट्रेलिया), जेएनएन।** ऑस्ट्रेलिया-ए ने गुरुवार को पहले महिला टी-20 में भारत-ए को 13 रन से हरा दिया। भारत-ए टीम ऑस्ट्रेलिया दौरे पर तीन टी-2, तीन वनडे और एक अनधिकृत टेस्ट मैच खेलेगी। ऑस्ट्रेलिया-ए के छह विकेट पर 137 रन के जवाब में राधा यादव की कप्तानी वाली भारत-ए टीम कोई बड़ी साझेदारी नहीं बना सकी। मेजबान टीम ने उसे पांच विकेट पर 124 रन पर रोककर तीन मैचों की सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली। पहले फील्डिंग चुनते हुए भारत-ए ने ऑस्ट्रेलिया को बड़ा स्कोर नहीं बनाने दिया। सलामी बल्लेबाज ताहलिया विल्सन (17), कर्टनी वेब (11) और कप्तान निकोल फाल्टम (11) सस्ते में आउट हो गई। तीनों को लेग स्पिनर प्रेमा रावत ने पवेलियन भेजा। एलिसा हीली (27) का कैच सजीवन साजना की गेंद पर साइमा ठाकोर ने लपका। अनिका लियरोड ने (50) अर्धशतक जड़ा। जवाब में भारत-ए की करिश्माई सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा तीन रन बनाकर आउट हो गई। ऑस्ट्रेलिया-ए के लिए तेज गेंदबाज एमी एडगर और सियाना जिंजर ने दो दो विकेट लिए। भारत के लिए उमा छेत्री (31), राघवी बिष्ट (33) और कप्तान राधा ने (नाबाद 26 रन) ने अच्छी पारियां खेली, लेकिन टीम को जीत तक नहीं ले जा सकीं।

## सिटी स्पोर्ट्स

# एथलेटिक्स : 4×100 मी. रिले रेस अंडर-14 और 17 में भोपाल चैंपियन



**भोपाल, खेप्र।** सीबीएसई क्लस्टर 12 एथलेटिक्स चैंपियनशिप में 4×100 मीटर के रिले रेस अंडर-14 और 17 वर्ग में भोपाल की टीम ने स्वर्ण पदक जीता। टीटी नगर स्टेडियम में खेली जा रही प्रतियोगिता में चौथे दिन अंडर-14, 17 एवं 19 आयु वर्ग से 4×100 मीटर के रिले रेस स्पर्धा हुई। अंडर-14 में आर्मी पब्लिक स्कूल (भोपाल), क्राइस्ट चर्च स्कूल (जबलपुर) और दिल्ली पब्लिक स्कूल (ग्वालियर) क्रमशः पहले, दूसरे व तीसरे स्थान पर रहे। अंडर-17 में सागर पब्लिक स्कूल (भोपाल) पहले, श्री गुरु तेग बहादुर एकेडमी (रतलाम) दूसरे और सेंट गब्रिएल्स हायर सेकंडरी स्कूल (जबलपुर) तीसरे स्थान पर रहा। अंडर-19 में क्राइस्ट चर्च स्कूल ने स्वर्ण, श्री गुरु तेग बहादुर स्कूल ने रजत और सागर पब्लिक स्कूल ने कांस्य जीता। प्रतियोगिता में अंडर-14 आयु वर्ग में आदित्य बिरला सीनियर सेकंडरी स्कूल नागदा (उज्जैन) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। अंडर-17 में बार्डस्ले इंग्लिश मीडियम सीनियर सेकंडरी दूसरे और अंडर-19 आयु में दिल्ली कॉलेज ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेता टीम और खिलाड़ियों को पूर्व शिक्षा मंत्री दीपक जोशी, भाजपा के जिला अध्यक्ष रविंद्र यति और पार्षद प्रियंका अनिल मिश्रा ने प्रदान किए।

### सेंट जोसेफ सेमीफाइनल में



**भोपाल, खेप्र।** सेंट जोसेफ कान्वेंट स्कूल ने भोपाल जिला शालेय खो खो प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है। जिला शिक्षा अधिकारी के तत्वावधान में आयोजित प्रतियोगिता के महिला और पुरुष वर्ग के सेमीफाइनल व फाइनल 8 अगस्त को खेले जाएंगे। अंडर-17 वर्ग में सेंट जोसेफ ने हेमा और संस्कार भारती स्कूल को हराकर अंतिम चार में प्रवेश किया। वहीं कार्मल कान्वेंट भेल, श्रमोदय विद्यालय, डी एम कान्वेंट, मदर टेरेसा भी अपने मुकाबले जीत कर अगले दौर में प्रवेश किया। स्पर्धा में 14, 17 व 19 आयुवर्ग में भोपाल जिले की लगभग 65 विद्यालओं की बालिकाओं ने अपने खेल का प्रदर्शन कर शालेय शिक्षा विभाग के संभागीय प्रतियोगिता के लिए अपनी-अपनी दावेदारी पेश की।

# स्विमिंग चैंपियनशिप : मप्र के तैराकों ने चौथे दिन जीते 9 गोल्ड सहित 26 मेडल

**भोपाल, खेप्र।** मध्यप्रदेश के तैराकों का सीबीएसई वेस्ट जोन स्विमिंग चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन जारी है। खिलाड़ियों ने चैंपियनशिप के चौथे दिन गुरुवार को 9 स्वर्ण, 8 रजत व 9 कांस्य सहित कुल 26 पदक जीते। एनआरआई ग्लोबल डिस्कवरी स्कूल में आयोजित प्रतियोगिता में 200 मीटर बेक स्ट्रोक अंडर-14 बालकों शिशुकुंज स्कूल इंदौर के क्रिशिव दोषी ने स्वर्ण और अक्षित पोरवाल ने कांस्य पदक जीता। बालिका वर्ग में शिशुकुंज की पहल साहू ने स्वर्ण, मंशा चंदेल ने रजत और कनक विजयवर्गीय (एकलव्य स्कूल इंदौर) ने कांस्य पदक जीता। अंडर-17 में सत्या साईं इंदौर के कनिष्क सुरेका ने स्वर्ण और ज्ञानोदय स्कूल नीमच के पृथ्वीराजत सिंह हरोड ने कांस्य पदक जीता। बालिक वर्ग में शिशुकुंज की विहा ठाकुर ने स्वर्ण, एडवांस्ड अकादमी इंदौर की कनक करवारे ने रजत व डीपीएस राऊ इंदौर की समृद्धि भंडारी ने कांस्य पदक जीता। 200 मीटर बटरफ्लाई अंडर-14 में शिशुकुंज के मौलिक डावर ने रजत और बालिक वर्ग में हरमनी जैन ने स्वर्ण व मंशा ने कांस्य पदक जीता। अंडर-17 बालक वर्ग में एपीएन स्कूल जबलपुर के रोहन विवेक अंबुरे ने स्वर्ण, आइबीएस ग्लोबल अकादमी उज्जैन के शिवोहम तिवारी ने रजत पदक जीता। बालिकाओं में इंदौर पब्लिक स्कूल की आस्था गोसाई ने स्वर्ण, एसपीएस भोपाल की हिमांशी परमार ने रजत व डीपीएस भदभदा भोपाल की क्रितिशा दनवानी ने कांस्य पदक जीता। अंडर-19 बालक वर्ग में इंदौर पब्लिक स्कूल के कृष्णा राजेंद्र श्रीवास ने रजत तथा कोलोनेल अकादमी महू के अश्विन राणा ने कांस्य पदक जीता। अंडर-19 बालिका वर्ग में एसपीएस हुजुर की सरान्या ने रजत पदक जीता। मप्र विधानसभा के प्रमुख सचिव अवधेश प्रताप सिंह और बागसेवनिया थाना प्रभारी अमित सोनी ने खिलाड़ियों को मेडल प्रदान किए।



## तिरंगा यात्रा का आयोजन आज

**सतना।** राज्य शासन के निर्देशानुसार पूरे प्रदेश में 2 अगस्त से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता-स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग अभियान चलाया जा रहा है। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफएक्सीलेंस शहीद पद्मधर सिंह शासकीय स्वशासनी स्नातकोत्तर महाविद्यालय सतना द्वारा 8 अगस्त को प्रात: 9.45 बजे से तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया है।

## पिछड़ा वर्ग पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति हेतु विद्यार्थी 20 से पूर्व करें आवेदन

**सतना।** पिछडा वर्ग पोस्ट मैट्रिक शैक्षणिक सत्र 2024-25 के नवीन आवेदन के लिए एमपी टॉस पोर्टल पर आवेदन भरने की प्रक्रिया पुन: प्रारंभ की गई है। जिसकी अंतिम तिथि 20 अगस्त निर्धारित की गई है। पिछडा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग सतना ने बताया कि शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लंबित एवं शेष विद्यार्थियों के नवीन छात्रवृति आवेदन नियत तिथि के पूर्व भरवाया जाना सुनिश्चित करे।

# तो क्या खिड़की के आकार का लगाया गया था रोशनदान?

### पंचायत कार्यालय से कम्प्यूटर सेट, इनवर्टर व प्रिंटर चोरी होने का मामला



**जागरण, सतना**

जनपद पंचायत मैहर के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत का रोशनदान तोड़कर पंचायत कार्यालय में रखा डेलकम्पनी का कम्प्यूटर सेट , एसीई का कम्प्यूटर सेट , इनवर्टर बैट्री प्रिंटर सहित अन्य सामग्री चोरी होने की शिकायत थाना में दर्ज कराई गई थी मगर हैरानी इस बात की है कि क्या पुलिस को दी गई सूचना में रोशन दान तोड़कर जो सामग्री चोरी होना बताई जा रही है। क्या वह रोशन दान से चोरी हो सकती है। अब सवाल यह उठता है कि उस पंचायत कार्यालय में लगा रोशनदान क्या खिडकी की साइज का बना हुआ था। यह रिपोर्ट आने के बाद क्या पुलिस ने गंभीरता पूर्वक जांच की है। यदि पुलिस अपने तरीके से जांच करती तो निश्चित तौर पर दर्ज कराई गई यह रिपोर्ट फर्जी साबित हो जाती। यह मामला ग्राम पंचायत भटिगवा का बताया जा रहा है। जहां पर 19 अगस्त 2022 को पंचायत भवन में रखी गई भारी तदाद में सामग्री चोरी हुई थी। अब इस पूरे मामले की शिकायत आयोध्या प्रसाद मिश्रा द्वारा जिला पंचायत सीईओ से की गई है। साथ ही इस मामले की दुबारा जांच कराकर दोषी सचिव दीपक त्रिपाठी के विरूद्ध दण्डात्मक कार्यवाही कर राशि वसूली की मांग की है।

### आरोप में कहा दो पंचायतों के बेच लिये कम्प्यूटर सेट

शिकायत कर्ता ने जिला पंचायत सीईओ से शिकायत करते हुये कहा है कि दीपक त्रिपाठी तत्कालीन सचिव गोबरी वर्तमान सचिव जरियारी द्वारा पंचायत भवन में रखे गये । टीबी कम्प्यूटर सेट को बेच लिया गया है और पुलिस ने फर्जी तरीके की शिकायत दर्ज कराई गई है। शिकायत में यह भी कहा गया है कि उक्त सचिव शासन की सामग्री होने के बाद भी पंचायत का सामान बेचने में जरा भी नही हिचकिचाता। श्री मिश्रा ने जनपद सीईओ की कार्यशैली पर गंभीर सवाल उठाये है। अब देखना ये है कि ग्राम पंचायत की उक्त कीमती सामग्री सचिव दीपक त्रिपाठी द्वारा बेचने की जानकारी लगने के बाद जिला पंचायत सीईओ क्या कार्यवाही करती हैं।

# ट्रैक्टर चोरी करने वाले आरोपी को पुणे से पकड़ लाई सतना पुलिस

**जागरण, सतना।** ट्रैक्टर चोरी करने वाले एक आरोपी को सतना जिले की कोठी थाना पुलिस ने पुणे से गिरफ्तार किया है यह कार्यवाही एसपी आशुतोष गुप्ता के निर्देश एएसपी प्रेमलाल कुर्वे और एसडीओपी नागौद रघु केसरी के मार्गदर्शन में कोठी थाना प्रभारी गिरजा शंकर बाजपेयी द्वारा की गई है। फरियादी अजय सिंह पिता भागवत शरण सिंह उम्र 40 वर्ष निवासी ग्राम बरहना थाना कोठी जिला सतना व्दारा थाना कोठी मे रिपोर्ट लेख कराई गई कि दिनांक 4-5 मई 2025 की रात्रि मे ग्राम बरहना मे घर के बाहर खडा इसके स्वराज 742 ट्रैक्टर क्र एमपी 19 एसी 8539 को अज्ञात चोर ट्राली सहित चोरी कर ले गये हैं। उक्त मामले मे चोरी गई ट्राली लावारिस हालत मे पाई जाने पर पूर्व मे ही जप्त किया गया थाए उक्त चोरी की घटना को अंजाम देने वाला मुख्य आरोपी वीर विक्रम सिंह पिता अजय सिंह निवासी छमुआए डभौरा जिला रीवा लगातार फरार चल रहा था जिसकी तलास हेतु वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन मे थाना प्रभारी कोठी निरीक्षक गिरजाशंकर बाजपेयी व्दारा टीम पुणे महाराष्ट्र रवाना की गई जो टीम व्दारा आरोपी को पुणे से दस्तयाब कर कोठी लाया गया पूछताछ पर आरोपी वीर विक्रम सिंह व्दारा अपने साथी सुन्दरम उर्फबच्चा सिंह बघेलए अंशुल सिंह बघेलए लाला सेन एवं धीरज पटेल के साथ डभौरा से दिदौंध आना दिदौंध मे प्रेम प्रकाश सिंह राणा सिंह व उमा प्रताप सिंह के साथ ट्रैक्टर चोरी की योजना बनाकर ग्राम बरहना से स्वराज 742 ट्रैक्टर क्रण् एमपी 19 एसी 8539 को ट्राली सहित चोरी करके ले जाना स्वीकार किया जो आरोपी का मेमोरण्डम लेख कर आरोपी की निशादेही पर मामले मे चोरी गये स्वराज ट्रैक्टर को बरामद किया गया। आरोपी ने उक्त घटना के अलावा रीवा जिले मे डभौरा थाना क्षेत्रांतर्गत ट्रैक्टर चोरी की घटना को अंजाम देना स्वीकार किया है जिसके संबंध मे कार्यवाही हेतु थाना प्रभारी डभौरा को सूचित किया गया।


















## मलेरिया टीम ने सरकारी कार्यालयों में की कार्यवाही



**सतना।** डेंगू लार्वा सर्वे के क्रम में गुरूवार को मलेरिया टीम द्वारा कई शासकीय दफ्तर में लार्वा जांच पड़ताल की जिसमें सहकारी विभाग एवं मछली विभाग के दफ्तर में रखे हुए कूलरों में डेगू के लारवा पाए गए जिसे मौके पर ही टीम द्वारा दवाई डालकर नष्ट किया गया। उल्लेखनीय बरसाती मौसम को देखते हुए इन दोनों मलेरिया विभाग ने शहरी क्षेत्र सतना को 3 जोन में बाटकर अलग.अलग कर्मचारियों को डेंगू लार्वा जांच के लिए तैनात किया है इसी प्रकार दफ्तरों में रखे हुए कोलरो टैरो मिट्टी के बर्तनों एवं अन्य प्लास्टिक के बर्तनों में पानी भरे हुए की आशंका को देखते हुए विभाग ने शासकीय दफ्तर में जाकर जन जागरूकता अभियान चलाने का फैसला किया है साथ ही मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर एल के तिवारी के निर्देशन में सभी विभाग प्रमुखों से अपील की गई है की अपने दफ्तर में रखे हुए कलर टायर ना दो आदमी लंबे समय तक पानी न भरने दें इस कड़ी में मलेरिया विभाग की एक संयुक्त टीम कार्यालय में जा जाकर इन सभी का निरीक्षण कर लार्वा पाए जाने पर तत्काल उन्हें नष्ट कर रही है ।

## स्कूल की छात्राओं ने कलेक्टर को बांधी राखी



**सतना।** रक्षाबंधन पर्व पर सांई पब्लिक हायर सेकेण्ड्री स्कूल उतैली एवं गार्जियन एण्ड गाइड हायर सेकेण्ड्री स्कूल बैंक कॉलोनी की एलकेजी से कक्षा 12वीं तक की छात्राओं ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस को राखी बांधी। इस मौके पर कलेक्टर ने छात्राओं को मिष्ठान खिलाया।

## सतना-मैहर जिले की 3 लाख 77 हजार 586 महिलाओं के खाते में आई राशि

**सतना।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के तहत गुरूवार को राजगढ़ जिले के नरसिंहगढ़ से प्रदेश की 1 करोड़ 26 लाख 89 हजार 823 लाड़ली बहनों के खातों में 1 हजार 859 करोड़ 1 लाख 32 हजार 350 रूपये की राशि का अंतरण किया। इस बार लाड़ली बहनों को नियमित किश्त 1250 रूपये के अतिरिक्त रक्षाबंधन के शगुन के रूप में 250 रूपये भी दिये गये। इस प्रकार प्रत्येक लाड़ली बहना को रक्षाबंधन के पूर्व 1500 रूपये मिले। सतना और मैहर जिले की 3 लाख 77 हजार 586 हितग्राही लाडली बहनों के खाते में 46 करोड 13 लाख रुपए की राशि आई है। इसके अलावा 250 रूपये प्रति हितग्राही के मान से 9 करोड 44 लाख रूपये की विशेष राशि राखी के सगुन के तौर पर सतना और मैहर जिले की लाडली बहनों के खाते में अंतरित की गई है। नरसिंहपुर में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम का वर्चुअल प्रसारण सतना जिले में कार्यक्रम का लाइव प्रसारण बेवकास्ट लिंक के माध्यम से जिला, परियोजना एवं ग्राम पंचायत, आंगनवाडी केन्द्र स्तर पर हितग्राही लाडली बहनों द्वारा देखा गया।












जागरण पब्लिकेशन प्रा. लिमि. के लिए मुद्रक/प्रकाशक मदन मोहन गुप्ता द्वारा दैनिक जागरण प्रेस गांधी नगर उर्रहट रीवा (म.प्र.)से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादकः **मदन मोहन गुप्ता।** आर.एन.आई. नं- 1505/57, डाक पंजीयन क्र.- रीवा संभाग 04 /म.प्र. संस्थापक **स्व. गुरुदेव गुप्त**
**कार्यालय:- मोबाइल नं रीवा-** 9098357869, 9425018958 **सतना** - 9993315949 **सीधी**-7089620900 **सिंगरौली**-9424652999 E-mail: rewajagrannew2015@gmail.com